e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 267

शनिवार

30.09.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

यदि आप एक बार गिरकर हार मान लेते हैं, तो आप अपने जीवन में कभी सफलता हासिल नहीं कर सकते !

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### सत्यानंद भोक्ता के कार्यक्रम में मंच टूटा, मचा अफरा-तफरी

**पलामू :** पांकी प्रखंड क्षेत्र के सगालीम में श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता के कार्यक्रम को लेकर बनाया गया मंच अचानक टूट गया। इस घटना में मंत्री बाल बाल बच गए। बता दें कि मंत्री सत्यानंद भोक्ता का मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत प्रशिक्षण लेने वाले लोगों के साथ पांकी और सगालीम में शुक्रवार को संवाद कार्यक्रम निर्धारित था। इसके लिए दोनों जगह पर मंच बनाया गया था। सगालीम में कार्यक्रम के दौरान अचानक से मंच टूट गया, जिससे अफरा तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोगों एवं पदाधिकारियों ने किसी तरह मंत्री को बाहर निकाला। मंच टूट जाने के कारण मंत्री नीचे दर्शक दीर्घा में जाकर कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री के द्वारा प्रशिक्षण लेने वाले लोगों के बीच किट का वितरण किया गया। उन्होंने लोगों को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार पहल कर रही है। विभाग और अधिकारी मिशन मोड में काम कर रहे हैं।

### 25 करोड़ रुपये के सोना चोराने का आरोपी अरेस्ट

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 सितंबर को ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। छत्तीसगढ़ में पुलिस ने चोरी किए गए सोने की ज्वेलरी के साथ ही दो चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें इसका मास्टरमाइंड भी शामिल है। दरअसल पुलिस ने जब आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी को तो चादर पर बिछे सोने को देखकर पुलिस भी दंग रह गई। चादर पर सोने की 18 किलो से भी ज्यादा की ज्वेलरी रखी हुई। पुलिस जिस वक्त छापा मारने पहुंची थी उस समय इन गहनों को चादर, बैग और बोरे में छुपाकर रखा गया था।

### आप इंडिया के लिए समर्पित केजरीवाल

**नई दिल्ली** : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी पार्टी ने विपक्षी गठबंधन के प्रति पूरी तरह से समर्पित है. केजरीवाल का बयान ऐसे वक्त में आया है जब उनकी पार्टी और कांग्रेस नेताओं के बीच पंजाब में ड्रग्स के आरोपों को लेकर विधायक सुखपाल खैरा की गिरफ्तारी मामले को लेकर विवाद चल रहा है. केजरीवाल ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी नशीली दवाओं के खिलाफ युद्ध के लिए प्रतिबद्ध है. उन्होंने कहा,मुझे पता चला है कि पंजाब पुलिस ने कल कांग्रेस नेता को गिरफ्तार किया है.मेरे पास डिटेल नहीं है.आप पुलिस से प्राप्त कर सकते हैं.हमने नशीली दवाओं के खिलाफ युद्ध छेड़ा है. मैं किसी भी व्यक्तिगत मामले पर टिप्पणी नहीं करूंगा।

### एशियन गेम्स : शुक्रवार को भारत की झोली में आया 2 गोल्ड सहित 8 मेडल, पीएम ने दी बधाई

**बीजिंग :** 19वें एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने शुक्रवार को दमदार प्रदर्शन किया। चीन के हांगझोउ में चल रहे गेम्स के छठे दिन इंडियन प्लेयर्स ने 2 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज सहित कुल 8 मेडल जीते। इन मेडल के सहारे ओवरऑल मेडल टैली में भारत के मेडल की संख्या 33 हो गई है। इनमें इनमें 8 गोल्ड, 12 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत टैली में चौथे पायदान पर है।शुक्रवार को भारतीय शूटर्स ने दो गोल्ड और 3 सिल्वर के साथ दिन की शानदार शुरुआत की।भारत के लिए शूटिंग में पुरुष टीम ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में सोने पर निशाना साधा। भारत के लिए ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वनिल कुशाले और अखिल श्योरेन ने कमाल का प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने वर्ल्ड रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। भारतीय प्लेयर्स ने कुल 1769 का स्कोर किया। उन्होंने यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अमेरिका ने 1761 का स्कोर किया था। चीन की टीम भी अमेरिका से आगे निकल गई थी। इसके बाद टेनिस में रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की जोड़ी ने सिल्वर हासिल किया। फिर स्क्वॉश में भारतीय मेंस टीम ने ब्रॉन्ज दिलाया। दिन का आखिरी मेडल शॉटपुट में आया। विमेंस शॉटपुट इवेंट में किरण बालियान ने 17.36 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे नंबर पर रह कर ब्रॉन्ज मेडल जीता।इसके साथ ही भारतीय मेंस बैडमिंटन टीम ने नेपाल को 3-0 से हराते हुए 37 साल बाद एशियाड का मेडल पक्का किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27⁰ |
| न्युनतम | 23⁰ |

### पाकिस्तान : बलूचिस्तान में मस्जिद के पास हुए 2 सुसाइड ब्लास्ट

# 55 की मौत, 130 घायल

* पुलिस अधिकारी की गाड़ी के पास आया हमलावर और खुद को उड़ा लिया




एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में एक मस्जिद के पास शुक्रवार को फिदायीन हमला हुआ.नमाज और ईद-ए-मिलाद के जुलूस में हुए 2 सुसाइड ब्लास्ट में कम से कम 55 लोगों की जान चली गई. जानकारी के मुताबिक130 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं. बम विस्फोट दक्षिण-पश्चिमी पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुआ,जहां मस्जिद के बाहर काफी लोग मौजूद थे. एक रिपोर्ट के अनुसार,विस्फोट मस्तुंग जिले में हुआ.बलूचिस्तान का दक्षिण-पश्चिमी प्रांत अतीत में इस्लामी और अलगाववादी आतंकवादियों के हमलों का स्थल रहा है.वरिष्ठ स्थानीय पुलिस अधिकारी जावेद लेहरी ने कहा, यह एक आत्मघाती हमला लगता है. उन्होंने बताया कि हमलावर ने पुलिस उपाधीक्षक नवाज गिश्कोरी के वाहन के पास खुद को उड़ा लिया.हालांकि, किसी भी समूह ने हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है,जबकि तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान ने इसमें शामिल होने से इनकार किया है.

#### निर्दोष लोगों की जान लेने में शामिल लोग मानवता के दुश्मन : मकबूल बकर

प्रांतीय कार्यवाहक सूचना मंत्री जान अचकजई के अनुसार, विस्फोट में गंभीर रूप से घायल लोगों को शहर के अस्पतालों में आपातकाल लागू करते हुए क्वेटा स्थानांतरित किया जा रहा है. उनके प्रवक्ता के एक बयान के अनुसार, सिंध के अंतरिम मुख्यमंत्री मकबूल बकर ने विस्फोट की निंदा की है.


#### ईद-मिलाद उन नबी मनाने इकट्ठा हुए थे लोग

खबर के मुताबिक,मस्जिद के समीप विस्फोट उस वक्त हुआ जब लोग ईद-मिलाद उन नबी के मौके पर इकट्ठा हुए थे। पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिवस पर ईद-मिलाद उन नबी पर्व मनाया जाता है।शहर पुलिस थाना के प्रभारी मोहम्मद जावेद लहरी ने बताया कि यह एक आत्मघाती विस्फोट था और हमलावर ने पुलिस अधिकारी की गाड़ी के बगल में खड़े होकर खुद को बम से उड़ा लिया। लहरी ने बताया कि घायलों को चिकित्सा केंद्रों में भर्ती कराया जा रहा है जबकि अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है।

#### मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्दोष लोगों की जान लेने में शामिल लोग

मानवता के दुश्मन हैं.जमीयत उलेमा-ए-पाकिस्तान के नेता मौलाना ओवैस नूरानी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें मौतों के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ है.

#### अस्पतालों में आपात स्थिति लागू




घायलों को चिकित्सा केंद्रों में भर्ती कराया गया है। जबकि अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गयी है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।अब तक इस हमले की जिम्मेदारी किसी संगठन ने नहीं ली है।बलूचिस्तान के अंतरिम सूचना मंत्री जान अचाकजई ने कहा कि बचाव दलों को मुस्तांग के लिए रवाना कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों को क्वेटा स्थानांतरित कियाभाई है और सभी अस्पतालों में आपात स्थिति लागू कर दी गई है।

पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं लगातार हो रही हैं. सितंबर माह में जिले में यह दूसरा बड़ा विस्फोट है.

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सेक्टर-2, धुर्वा स्थित सीआरपीएफ कैंप परिसर पहुंचकर चाईबासा के टोंटो क्षेत्र में माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान राजेश कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने ईश्वर से दिवंगत हुए शहीद जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य को नक्सल से मुक्त करने के लिए हमारे बहादुर जवान राजेश कुमार ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इनका बलिदान पूरा राज्य सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल मुक्त झारखंड की मुहिम और मिशन में हमारे कई जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। नक्सल मुक्त अभियान का मिशन जरूर कामयाब होगा। हम सभी को अपने पुलिस जवानों पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरगति को प्राप्त हुए शहीद जवान राजेश कुमार के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि शोकाकुल परिजनों को इस दुःख एवं विकट परिस्थिति को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।मालूम हो कि पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित टोंटो थाना के सरजामबुरू क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा किए गए आ0ई0डी0 ब्लास्ट की चपेट में आने से सीआरपीएफ कोबरा बटालियन-209 के कांस्टेबल जवान श्री राजेश कुमार वीरगति को प्राप्त हुए। शहीद जवान श्री राजेश कुमार ग्राम रेवाली, जिला गरियाबंद, छत्तीसगढ़ के निवासी थे।मौके पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय अधिकारियों ने शहीद कांस्टेबल जवान राजेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य को नक्सल से मुक्त करने के लिए हमारे बहादुर जवान राजेश कुमार ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। इनका बलिदान पूरा राज्य सदैव याद रखेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल मुक्त झारखंड की मुहिम और मिशन में हमारे कई जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है।**

# जेजेएमपी का एरिया कमांडर गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहारः** छिपादोहर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि जेजेएमपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के एरिया कमाण्डर रितेश सिंह हथियार के साथ अपने घर आया हुआ है। जिसके उपरांत एसपी लातेहार के निर्देशानुसार एक टीम गठीत किया गया।और जिसका नेतृत्व में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरवाडीह दिल्लु लोहरा के द्वारा किया गया।जिनके सफल नेतृत्व में छिपादोहर स्थित भट्ठी मुहल्ला रितेश सिंह के घर पर छापामारी करते हुए जेजेएमपी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर रितेश सिंह को प्रतिबंधित कार्बाइन हथियार मैगजीन लगा हुआ तथा साथ में 9 एमएम का दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके संदर्भ में छिपादोहर थाना कांड संख्या-32/2023 दिनांक 29.09.2023 धारा 25 (1-ए) 25(1-एए)/26 (2) आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज कर जेल भेज दिया गया।एरिया कमांडर रितेश सिंह, उम्र करीब 33 वर्ष, पिता स्व0 सीताराम सिंह, ग्राम छिपादोहर, टोला भट्ठी मुहल्ला, छिपादोहर एवं बरवाहीह थाना में चार मामले दर्ज है।

गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर 9एमएम का जिंदा कारतुस जिसके पेंदे पर केएफ 179 एमएम 22 लिखा हुआ। एक काला रंग का कार्बाइन हथियार मैगजीन लगा हुआ, जिसका आर्सनल नम्बर मिटा हुआ हालत में.जिसका लम्बाई करीब 17 इंच है.छापामारी दल में दिल्लु लोहार सहित कई पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# सरकार को पे फिक्सेशन निरस्त करने का नहीं है पावर : हाई कोर्ट

* हाई कोर्ट ने पे फिक्सेशन को निरस्त करने के आदेश पर पुनर्विचार करने का दिया निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** झारखंड हाई कोर्ट में रांची यूनिवर्सिटी के तहत अंगीकृत किए गए विभिन्न कॉलेज के चतुर्थ वर्गीय कर्मियों द्वारा पंचम एवं छठा वेतनमान देने के मामले में तेतरा उरांव एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। सुनवाई के दौरान उच्च शिक्षा निदेशक कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उन पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि एक बार जब यूनिवर्सिटी ने अंगीकृत किए गए कॉलेज के कर्मियों को समायोजित कर लिया, तो राज्य सरकार को कोई पावर नहीं है उनके पे फिक्सेशन को निरस्त करने का। जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक को चार सप्ताह में इनके पे फिक्सेशन को निरस्त करने के आदेश पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने उच्च शिक्षा निदेशक से कहा कि एक बार जब यूनिवर्सिटी ने कर्मियों को समायोजित कर लिया तो उनका पे फिक्सेशन करना होगा। उनका समायोजन सही है या गलत इसके बारे में निर्णय लेने का पावर सरकार के पास नहीं है।याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा उनके पंचम एवं छठा वेतनमान निर्धारित नहीं किए जाने पर वर्ष 2017 में हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की थी, जिस पर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार को इनके समायोजन होने के आलोक में उनके मामले को कंसीडर करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर वर्ष 2018 में याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की। केस लंबित करने के दौरान याचिकाकर्ता सेवानिवृत्ति भी हो गए। वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा निदेशक ने प्रार्थियों के पे फिक्सेशन को यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि इनका समायोजन गलत है।याचिकाकर्ता के अधिवक्ता श्रेष्ठ गौतम ने कोर्ट को बताया महासंघ के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एससी अग्रवाल कमीशन बनाया था। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा था कि यूनिवर्सिटी को पावर है कि वह स्वीकृत पद पर कर्मियों को समायोजित करें। एक बार यूनिवर्सिटी ने कर्मियों को समायोजित कर लिया तो राज्य सरकार के पास उनकी नियुक्ति पर निर्णय लेने का पावर नहीं है।

### चंदन डैम मामले में केंद्र सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

झारखंड हाई कोर्ट में बिहार के बांका के चंदन डैम से सिंचाई के लिए झारखंड के गोड्डा को पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा है कि चंदन डैम में जो सिल्ट (गाद) जमा हो गए हैं, उसे हटाने के लिए बिहार सरकार के साथ संयुक्त अभियान चलाने के संबंध में लिखे गए पत्र पर क्या निर्णय लिया है। बिहार सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि चंदन डैम से गाद हटाने के संबंध में भारत सरकार के साथ ज्वाइंट ऑपरेशन चलाया जाना है और इसे लेकर भारत सरकार को वर्ष 2022 में ही बिहार सरकार द्वारा एक पत्र लिखा गया है लेकिन अब तक केंद्र सरकार द्वारा इस पत्र पर कोई जवाब नहीं आया है।

## महिला आरक्षण : राष्ट्रपति मुर्मू की मंजूरी से नारी शक्ति वंदन अधिनियम बना कानून



एजेंसी

**नई दिल्ली :** महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने हस्ताक्षर कर दिए हैं। जिसके बाद अब यह विधेयक कानून बन गया है। भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है। बता दें कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इसी महीने की शुरुआत में संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान संशोधन विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा ने सर्वसम्मति से पारित किया था। इसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के नाम से जाना जाएगा। इस विधेयक के जरिये लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। हालांकि, महिलाओं को इसका लाभ जनगणना और परिसीमन (लोकसभा और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों का पुनर्निर्धारण) की प्रक्रिया के बाद ही मिलेगा।नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी।महिला आरक्षण से संबंधित 128वां संविधान संशोधन विधेयक 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित किया गया था। बिल के पक्ष में 214 वोट पड़े, जबकि किसी ने भी बिल के खिलाफ वोट नहीं डाला था। इससे पहले 20 सितंबर को विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। लोकसभा ने भी इस बिल को दो तिहाई बहुमत के साथ पास किया था। इसके पक्ष में 454 और विरोध में दो वोट पड़े थे। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गई हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी।

### झारखंड कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड कैबिनेट की बैठक पांच अक्टूबर को बुलाई गई है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से जानकारी दी गई है कि दोपहर दो बजे से प्रोजेक्ट भवन में कैबिनेट की बैठक होगी। बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़ी कई अहम योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।



# आयुक्त ने मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

➲कॉलेज भवन तक की जर्जर सड़क को दुरुस्त कराने व सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम करने का दिया निदेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने शुक्रवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू (एम0एम0सी0एच) का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त ने कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्थाओं, नामांकित विद्यार्थियों, प्राध्यापकों की नियुक्ति एवं मेडिकल विद्यार्थियों मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं को जाना। आयुक्त ने प्राचार्य की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य-सह-फिजियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतुल प्रकाश, प्राध्यापकों एवं कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से कॉलेज में शैक्षणिक व्यवस्थाओं, प्रैक्टिकल, छात्र-छात्राओं को रहने के लिए हॉस्टल, कैंटिन, अन्य आवश्यक उपकरण एवं आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल निर्माण कार्य में गति लाकर काम पूर्ण करने का निदेश दिया। मेडिकल कॉलेज से अस्पताल की दूरी को देखते हुए छात्र-छात्राओं को अस्पताल आने-जाने हेतु एक बस की सुविधा को बढ़ाते हुए तत्काल कम-से-कम एक और बस की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निदेश दिया। आयुक्त ने कहा कि मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज राज्य के बड़े अस्पतालों के अनुरूप है। पलामू में मेडिकल कॉलेज होना गर्व की बात है। यहां चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध होने से पलामू प्रमंडल के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों को भी लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों ने आयुक्त को अवगत कराया कि उन्हें प्रैक्टिकल के लिए कैडेवर (मृत शरीर) उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे उन्हें प्रैक्टिकल करने में असुविधा होती है। प्राध्यापकों ने आयुक्त को बताया कि लावारिस मृत शरीर, जिसे प्रशासन द्वारा संस्कार कर दिया जाता हो, वैसे शरीर मेडिकल कॉलेज को उपलब्ध करा दिया जाए, तो उसे यहां सुरक्षित रखते हुए विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल कराने में भी सहूलियत होगी।? आयुक्त ने इस संबंध में संबंधित विभागों से बात कर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया। आयुक्त ने कॉलेज में बिजली एवं पेयजल की समस्याओं से भी अवगत हुए। आयुक्त ने विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए जरेडा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से दूरभाष पर बातचीत कर मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में पर्याप्त सोलर सिस्टम स्थापित कर विद्युत व्यवस्था बहाल करने का अनुरोध किया। साथ ही कॉलेज प्रबंधन को ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र भेजने का निदेश दिया आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज की पहचान व्यापक स्तर पर बने, इसके लिए यहां शैक्षणिक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ-साथ मुख्य पथ से जुड़े कॉलेज के पहुंच पर के प्रवेश वाले स्थान पर मेडिकल कॉलेज का एक बड़ा बोर्ड लगवाने एवं मुख्य सड़क से कॉलेज परिसर तक की पहुंच पथ को दुरुस्त करने का भी निदेश स्थानीय प्रशासन को दिया है, ताकि आवागमन में सुविधा हो सके। आयुक्त ने मेडिकल कॉलेज के परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम प्रशासक को डस्टबिन उपलब्ध कराने एवं स्वच्छता वाहन भेजकर कॉलेज एवं छात्रावास परिसर से प्रतिदिन कचरे का उठाव सुनिश्चित कराने एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बलों की तनाती एवं पेट्रोलिंग बढ़ाने का निदेश दिया।

## भाकपा के तत्वावधान में भगत सिंह के 116 वीं जयंती के अवसर भगत सिंह के सपनों का भारत विषय पर किया गया विचार गोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के तत्वावधान में अल्का मैरेज हॉल में शहीदे आजम भगत सिंह के 116वीं जयंती के अवसर पर भगत सिंह के सपनो का भारत विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी का शुभारंभ शहीदे आजम भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विचार गोष्ठी में भाकपा नेता गणेश सिंह ने भगत सिंह के सपनो का भारत विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुये विषय प्रवेश कराया.विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता भाकपा के पूर्व राज्य सचिव का0 के0डी0 सिंह ने कहा कि आज पूरा देश संकट के दौर से गुजर रहा है.ऐसी परिस्थिति में भगत सिंह की जयंती का आयोजन किया जाना बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भगत सिंह ने कहा था क्रांति से हमारा अभिप्राय है-अन्याय पर आधारित मौजूदा समाज व्यवस्था में आमूल परिवर्तन. क्रांति के लिये खूनी लड़ाइयां अनिवार्य नही है और न व्यक्तिगत प्रतिहिंसा के लिये कोई स्थान है। यह बम और पिस्तौल का



विचारधारा नही है.यह विचारधारा साफ समझाता है कि समाज का प्रमुख अंग होते हुये भी आज मजदूरों को उनके प्राथमिक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है.उनकी गाढ़ी कमाई का सारा धन शोषक पूंजीपति हड़प रहे है.अन्नदाता किसान आज अपने परिवार सहित दाने दाने के लिये मोहताज है. दुनिया भर के बाजारों को कपड़ा मुहैया करनेवाला बुनकर अपने व अपने बच्चों को तन ढ़कने भर भी कपड़ा नही पा रहा है.उन्होंने कहा कि यह असमानता और लादा गया भेदभाव दुनिया को एक बहुत बड़े उथल पुथल की ओर लिये जा रहा है.यह स्थिति अधिक दिनों तक कायम नही रह सकती.उन्होंने कहा कि भगत सिंह के सपनो को साकार करने का मतलब गांवो को मजबूत करना। उन्होंने कहा कि यह काम सिर्फ सत्ता के गलियारों से सम्भव नही है, बल्कि संघर्ष के रास्ते से ही सम्भव है। आइये भगत सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिये संघर्ष के रास्ते पर चलने का संकल्प लें। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के जिला अध्यक्ष संजय तिवारी ने कहा कि भगत सिंह ने समता मूलक शोषण विहीन और धर्म निरपेक्ष देश का सपना देखा था.उनका सपना था कि यदि मुझे फांसी हो जाने के बाद क्रांतिकारी विचारों की सुगंध हमारे नवजवानों को मदहोश करेगी और वे क्रांति के लिये पागल हो उठेंगे.नवजवानों का यह पागलपन ही ब्रिटिश साम्राज्यवादियों के नाश का कारण बनेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से संघर्ष का रास्ता अपनाने की अपील किया।

## कोयल नदी से बालू उठाव करते 14 बाइक व 5 ठेला जब्त

➲डीएमओ ने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के न्यायालय में राजसात किया दायर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में अवैध खनन,भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर खनन टास्क फोर्स की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में खनन टास्क फोर्स द्वारा अभियान चला कर कोयल नदी में अवैध बालू का खनन एवं परिवहन करते 14 बाइक एवं 5 ठेला को पकड़ा गया एवं बालू समेत बाइक एवं ठेला को जप्त करते हुए थाना को सुपूर्द कर दिया गया। इस दौरान खनन टास्क फोर्स की टीम को देख बालू खनन करने वाले बाइकसवार एवं ठेला वाले भागने में सफल रहे। **डीएमओ ने जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के न्यायालय में राजसात किया दायर** खनन टास्क फोर्स के द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन करने वाले जप्त 14 बाइक एवं 5 ठेला पर कार्रवाई को लेकर जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के न्यायालय में राजसात दायर किया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जप्त ठेला पर 150 बोरा बालू जप्त किया गया है, इसके अलावे सभी बाइक पर बालू पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में जिले में अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बाइक हुए ज़ब्त (1) टीवीएस विक्टर, बिना नंबर के (2) जेएच 03 जे-4348 (3) जेएच 03 एडी-9160 (4) जेएच 03 टी-3029 (5) जेएच 03 एच-7592 (6) जेएच 03 आर--8210 (7) जेएच 03 एसी-9187 (8) जेएच 03 एएल-5183 (9( जेएच 03 सी-7698 (10) जेएच 03 एएफ-3078 (11) जेएच 03 एएल--1943 (12) जेएच 03 वी-4863 (13) जेएच 03 एएपफ-0381 (14) जेएच 14 ई-7712 इसके अलावे पांच ठेला की जप्ती की गयी है।

## पंडवा प्रखंड कार्यालय में लगा रक्तदान शिविर, बीडीओ और सीओ समेत 25 लोगों ने किया रक्तदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पलामू जिले अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय पंडवा मे शुक्रवार को पाटन स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पंडवा प्रमुख गीता मेहता, जिला परिषद सदस्य माया कुमारी, बीडीओ चंद्र देव प्रसाद, सीओ हलधर कुमार सेठी, उप-प्रमुख धर्मवीर सिंह और पाटन डॉ उमेश कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने कहा कि स्वास्थ्य व्यक्ति को अपने जीवन मे रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान से बड़ा जीवन मे कोई दूसरा दान नही है। रक्तदान देने से किसी व्यक्ति को जीवन बच सकता है। बीडीओ चंद्र देव प्रसाद ने कहा कि रक्तदान महादान, महा कल्याण से आप किसी व्यक्ति की जिंदगी बचा सकते हैं। शुक्रवार को



पंडवा सह अंचल कार्यालय मे रक्तदान शिविर मे पाटन सीएससी डॉ उमेश कुमार की देखरेख मे 25 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान देने वाले में पंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र देव प्रसाद, अंचल अधिकारी हलधर कुमार सेठी, उप-प्रमुख धर्मवीर सिंह, मुखिया मूरमा पंचायत कमला देवी,बीपीओ स्वीटी सिन्हा, बीपीआरओ मनोज कुमार मिश्रा, प्रखंड समन्वयक विजय कुमार, प्रखंड प्रधान सहायक राजू बसंत मिंज, नाजीर संजीव कुमार गुप्ता, बब्लू सिंह, सुमन सिंह, कम्प्यूटर औपरेटर, ओमप्रकाश गुप्ता, चंदन कुमार मेहता, पूर्व पंडवा कृषि पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार मेहता, अमीन अरविंद कुमार, सामाजिक उत्प्रेरक प्रीती दूबे, प्यून शुक्ला जी, सामाजिक कार्यकर्ता रितिक पांडे, नीतीश कुमार मेहता समेत, एक दैनिक समाचार पत्र के राजीव कुमार तिवारी समेत 25 लोग शामिल थे। इस मौके पर पंडवा पंचायत की मुखिया सिन्धु देवी, गाड़ी खास पंचायत मुखिया शंकर साव, सुमित्रा देवी, प्रखंड सह अंचल कर्मी, रोजगार सेवक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## झोलाछाप डॉक्टर ने ली युवक की जान

**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखण्ड के लक्ष्मीपुर पंचायत के नवाडीह 45 वर्षीय निवासी सुनील साहु की झोलाछाप डॉक्टर बिंदेश्वर मेहता के द्वारा इंजेक्शन दिया गया जिसे उनकी मौत हो गई। मृतक के पिता जगनारायण साव ने बताया कि सुनील की बुखार लगा था। परिजनों ने अपने घर के करीब 500 किमी की दूरी पर एक निजी क्लिनिक संचालित करने वाले झोलाछाप डॉक्टर बिंदेश्वर मेहता के पास ले गये और सुनील को देखने के उपरांत उसे तत्काल इंजेक्शन लगाया गया, इसके बाद तुरंत हालत खराब होने लगा। गंभीर हालत को देखते हुए अनुमंडलीय अपस्ताल छतरपुर ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के परिजनों ने नौड़ीहा बाजार में लिखित आवेदन दिया और थाना प्रभारी श्री अमन कुमार ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज करते हुए मामले की छानबीन मे जुट गये।

## पीडीएस दुकानदार व लाभुक के बीच हुआ मारपीट के बाद थाना में पहुंचा मामला



**सगमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गढ़वा जिले भर में राशन वितरण को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों सुने होंगे लेकिन आपके बीच अब सगमा प्रखण्ड क्षेत्र के सोनडीहा में पीडीएस दुकानदार व लाभुक के बीच मारपीट के बाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने तक का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामला सगमा प्रखण्ड के सोनडीहा गांव के डीलर सोनिया देवी के साथ उसके परिजनों पर सोनडीहा उत्तरी के लाभुक चिंता देवी पति मुनु पासवान के बीच बुधवार की है। इसके संबंध में चिंता देवी ने धूरकी थाना में एक आवेदन दिया है। जिसमे चिंता देवी का कहना है कि मैं बुधवार के दिन अपने डीलर सोनिया देवी के पास राशन लेने गई थी महिला सामाख्या सोसाइटी की डीलर सोनिया देवी के द्वारा दो माह का अंगूठा लगाकर एक माह का राशन दिया जा रहा था इस पर मैं बोली कि एक माह का राशन लेने के लिए मैं दो माह पर अंगूठा नहीं लगाउंगी इस पर सोनिया देवी मुझ पर दबाव डालकर दो माह पर अँगूठा लगाने के लिए बोलने लगी इसका मैं विरोध किया तो सोनिया देवी एवम उसके पति उमेश राम सुगनी कुमारी पिता उमेश राम विकास राम पिता विजय राम राजपति देवी पति विजय राम कविता कुमारी पिता विजय राम सभी निवासी सोनडीहा ने मुझ पर जानलेवा हमला करते हुए मेरे बाल पकड़कर घसीटते हुए मारपीट करने लगे इस घटना में मेरे गले में पड़ा चांदी का चैन लगभग सात हजार रुपए भी छीन लिया। इस घटना में मुझे गला दबाकर मारने की कोशिश भी किया गया इस बीच घटना स्थल मर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया तो मैं वहा से किसी प्रकार भागकर अपना जान बचाई। इसे देखते हुए घटना में शामिल उपरोक्त सभी लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करते हुए मुझे न्याय दिलाने की कृपा किया जाए।

## अवैध नर्सिंग होम व क्लिनिक पर होगी कार्रवाई आयुक्त ने सिविल सर्जन को दिये निर्देश

विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में बच्ची की मौत मामले पर आयुक्त गंभीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रमंडलीय आयुक्त मनोज जायसवाल ने अवैध नर्सिंग होम एवं क्लिनिक के संचालन पर रोक लगाते हुए संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निदेश दिया है। उन्होंने विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के एक नर्सिंग होम में इंजेक्शन देने के बाद बच्ची की मौत के मामले को गंभीरता से लिया है। इस संदर्भ में उन्होंने पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह को तत्काल इस मामले की गहन जांच कर संचालक के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई का निदेश दिया है। उन्होंने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों को चिन्हित कर कार्रवाई करते हुए 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का निदेश दिया है। साथ ही पंजीकृत नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों में तैनात चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों की शैक्षणिक स्तर एवं अनुभव की भी जांच सुनिश्चित करने, भ्रूण की लिंग जांच पर रोक लगाने का सख्त निदेश दिया। वहीं भ्रूण की लिंग जांच में संलिप्त अल्ट्रासाउंड संचालकों एवं संबंधित चिकित्सकों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। आयुक्त ने बिना लाइसेंस दवा दुकानों के संचालन एवं एक फॉर्मासिस्ट की डिग्री व प्रमाण पत्र पर दो या दो से अधिक दवा दुकानों के संचालन को अवैध घोषित करते हुए कानूनी कार्रवाई करने का निदेश दिया। आयुक्त ने पलामू सिविल सर्जन को निदेशित किया कि वे जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ शीघ्र बैठक कर उनसे इस बात का प्रमाण पत्र लेना सुनिश्चित करें, कि उनके क्षेत्र में एक भी अवैध नर्सिंग होम या क्लीनिक का संचालन नहीं होता है। अवैध रूप से नर्सिंग होम एवं क्लीनिक के संचालन को लेकर स्वयं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी जिम्मेवार होंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई हेतु कठोर कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के माध्यम से झोलाछाप डॉक्टरों का पता लगाने एवं उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निदेश दिया है।

## निबंध प्रतियोगिता के सफल छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** नगर पंचायत द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सफल राजकीय कृत बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं को शुक्रवार को पुरस्कृत किया गया। वर्ग नवम् से नेहा कुमारी को प्रथम तनीषा कुमारी को द्वितीय एवं चांदनी प्रवीण को तृतीय स्थान तथा वर्ग दशम से कुशवाहा प्रिया कुमारी को प्रथम त्रिशा कुमारी को द्वितीय जबकि रीया पटेल को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कार दिया गया। नगर पंचायत के सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवारा मनाया जा रहा है। इसके निमित बीते 22 सितंबर को उक्त विद्यालय में स्वच्छता ही सेवा है के विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक संगठनकर्ता के अलावे प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह सहायक शिक्षक रंजीत कुमार सिंह नगर पंचायत के प्रधान सहायक सरयू बैगा नाजिर अलीम अंसारी आदि उपस्थित थे।

## प्रज्ञा केंद्र में आग लगने से दो लाख रुपए नगद सहित अन्य समान जलकर हुए खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गनियारी कला पंचायत के करवापहाड़ गांव स्थित एक प्रज्ञा केंद्र में बुधवार को रात्रि में अचनाक आग लग लग गई। पीड़ित प्रज्ञा केंद्र के संचालक ग्यासुद्दीन अंसारी के पुत्र नुर्शिद अंसारी व खुर्शीद आलम ने बताया की प्रज्ञा केंद्र में दो लाख रुपए नगद लैपटॉप, प्रिंटर, बैटरी, इन्वर्टर, कूलर, काउंटर सहित बैंक पासबुक, एटीएम, चेकबुक और मैट्रिक इंटर का सर्टिफिकेट सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। भुक्तभोगी ने भावुक होकर बताया की प्रत्येक दिन की तरह बुधवार को शाम सात बजे दुकान बंद करके घर में सोए हुवे थे। जब गुरुवार को सुबह उठ कर देखा तो दुकान का वेंटीलेटर से धुआं आ रहा था। इसके बाद तुरंत दुकान खोल के देखा तो दुकान में आग पूरी तरह से लगी हुई थी। वहीं सारा सामान जलकर खाक हो गया था। इस आगजनी से पूरे घर वाले चिंतित हो गए है। वही भुक्तभोगी ने बताया की इस दुकान में प्रज्ञा केंद्र के अलावा सीएसपी का भी काम किया जा रहा था। ग्राहक को लेन देन के लिए दो लाख कैश नगद भी काउंटर में रखा था। वही नगद के अलावा दुकान के सारा सामान जल गया। इधर भुक्तभोगी घटना क्रम की जानकारी थाना कार्यालय को लिखित रूप से दे दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन में आगजनी की घटना को दर्शाया गया है। जांच की जा रही है।

## विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार, डॉक्टर लिली, गांव धीरज कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया। आयोजित स्वास्थ्य मेला में जेनरल फिजिसियन, सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, हड्डी व नस रोग विशेषज्ञ सहित आंख, नाक, कान व गला के अनुभवी चिकित्सको की टीम अलग अलग स्टोर लगाकर जांच-उपचार किया। साथ हीं सभी को आवश्यक सलाह देते हुए नियमित दवा खाने व कुछ जरुरत समझ परहेज करने की सलाह दी गई। कैंप में विश्रामपुर,नावा,उटारी व पांडु के अलग अलग गांव से लोग पहुंच इलाज कराएं। जहां 532 रोगियों का इलाज हुआ। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी लोग विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध है। लोगों को कहीं भटकने की जरूरत नहीं है। किसी भी तरह की परेशानी हो तो वेशक अस्पताल पहुंच अपनी इलाज कराएं। इन दिनों निजी क्लीनिक में इलाज के क्रम में लोगों की जाने जा रही है। फिर भी लोग सरकारी चिकित्सक से इलाज न कराकर निजी क्लीनिक में अपना जेब कटवा रहे हैं। आयुष्मान भव योजना के तहत सभी राशन कार्ड धारियों का आयुष्मान कार्ड बन रहा है। इसका लाभ सभी को उठाने की जरूरत है। बताया कि प्रखंड में 1384 लोगों का आयुष्मान कार्ड बन चुका है। आप भी आगे आकर योजना का लाभ लें आयुष्मान कार्ड बन जाने से 5 लख रुपए तक का निशुल्क इलाज किसी भी अच्छे अस्पताल में कराया जा सकता है। सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने की जरूरत है। मौके पर मनोज कुमार, दिनेश सिंह, गांव में एम प्रसाद, प्रियंका पांडेय, बीपीएम पंकज पाण्डेय, बैम पंकज कुमार सिंह, बीडीएम रवी कुमार, एमपीडबल्यू मिथलेश दूबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## राशन की कालाबाजारी पर रोक लगाएं उपायुक्त पलामू : रूचिर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी सदर प्रखंड सचिव उमेश सिंह चेरो युवा नेता राजू सिंह सदर प्रखंड उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो के सदर प्रखंड के डीलरों के द्वारा राशन में गड़बड़ी के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठे। भूख हड़ताल में शीतल सिंह चेरो सत्येंद्र सिंह चेरों और राजेश सिंह चेरो शाहिद अन्य लोग उपस्थित थे भाकपा जिला सचिव श्री तिवारी ने आम लोगों को संबोधित करने हुए कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम लोगों को मिलने वाला राशन अगस्त महीना में नहीं मिल पाया और सितंबर में राशन वितरण शुरू होते ही दिलरा के द्वारा 5 द्मद्द प्रति यूनिट के जगह 3 या 2 या 4 द्मद्द राशन दिया जा रहा है और यह कार्य पूरे पलामू जिला में हो रहा है जिसमें ऊपर से लेकर नीचे तक के पदाधिकारी सनलिप्त है जिसके कारण डिलरो की मनमानी बढ़ गई है जिले के पदाधिकारी चाहे एम ओ हो खाद आपूर्ति पदाधिकारी हो प्रखंड विकास पदाधिकारी हो ऐसा प्रतीत होता है कि इन राशन में इन सब का कमीशन फिक्स है पलामू उपायुक्त इस पर संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करें, और दूसरी और भाजपा के विधायक और सांसद को आम लोगों के पास जाने के लिए फुर्सत नहीं है यह ऐ सी के घरों में बंद रहते हैं और ऐ सी कहानी गाड़ी में घूमते हैं जबकि आम जनता के टैक्स के पैसा से ही इनका वेतन भी मिलता है लेकिन उन गरीब लोगों की शुद्ध लेने के लिए इनको फुर्सत नहीं है यह बड़े लोगों के हिमायती करने में लगे हुए हैं और भ्रष्ट पदाधिकारी को संरक्षण देने में लगे हुए हैं आज इस छः मुहान पर सदर उप प्रमुख के साथ धरना पर सभी बैठे हुए लोगों को साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मजबूती के साथ बैठी हुई है जरूरत पड़ी तो आज अनशन पर बैठे हुए हैं अगर गांधी के तरीके से न्याय नहीं मिला तो भगत सिंह का तरीका भी अख्तियार करने से पीछे नहीं हटेंगे। धरना में सत्येंद्र सिंह राजेश सिंह अशोक सिंह विजय कुमार सिंह मुन्ना कुमार कौशल किशोर बच्चन आम आदमी पार्टी ओमप्रकाश गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे और जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक भूख हड़ताल जारी रहेगा इसकी एक प्रति अनुमंडल पदाधिकारी और शहर थाना पदाधिकारी को भी दे दी गई है।

## बीडीओ व प्रखंड प्रमुख दोनों मिलकर प्रखंड की जनता को चौतरफा लूट रहे हैं : रामचंद्र केशरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड प्रमुख अजय साव द्वारा ग्रामीणों से शेड देने के नाम पर लाखो रुपये की ठगी करने तथा अपने यहां संचालित सीएसपी व सुनील कुमार दुबे के नाम से चल रहे सीएसपी से लाखों रुपये की फर्जी निकासी करने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने शुक्रवार को चेचरिया स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सैकडों लाभुकों एवं दर्जनों मृत व्यक्तियों के नाम से भी राशि निकाल लेने की शिकायत मिली है। उन्होंने कहा कि यह एक गम्भीर मामला है.बीडीओ सत्यम कुमार व प्रखंड प्रमुख अजय साव दोनों मिलकर प्रखंड की जनता को चौतरफा लूट रहे हैं. उन्होंने कहा कि आम जनता से राशि ठगने में दोनों लगे हैं, जिसका कई प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड प्रमुख



द्वारा उन्हें दिये गये एक पत्र में कहा गया है कि 38 लोगों का पशु शेड का कोडिंग कराकर प्रत्येक व्यक्ति से तेरह हजार रुपये लेकर उन्हें एक वर्ष से दौड़ाया जा रहा है.बीडीओ द्वारा न तो योजना किया जा रहा है और न पैसा लौटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रमुख द्वारा 11 खाताधारकों का अपना अंगूठा लगाकर फर्जी निकासी किया गया है जिसका स्टेटमेंट प्रमाण के रूप में है.उन्होंने कहा कि वे जिले के उपायुक्त से मिलकर इस मामले से उन्हें अवगत कराएंगे.उन्होंने कहा कि अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक गढवा व अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी को इस मामले से सम्बंधित आवेदन देकर स्थल जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई कर जेल भेजने तथा गरीबो की ठगी गई व फर्जी तरीके से निकाली गई राशि सूद सहित वापस कराने की मांग करेंगे.प्रेसवार्ता में मथुरा पासवान,अश्विनी कुमार, धीरज जायसवाल, रमेश प्रसाद, सोबराती खां, अरुण कुमार, सलीम अंसारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मनाया गया स्वच्छता पखवाडा

**रांची।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, नामकूम में चिकित्सा अधीक्षक मनोरमा मिंज के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है ।21/9/2023 से चलाए गए स्वच्छता अभियान में अस्पताल के सभी वार्ड की सफाई, पानी टंकी की सफाई, इलेक्ट्रिक समानो, गार्डेन, क्वाटर की सफाई तथा सेमिनार आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में डा. निरोज कुजुर, नाडल अधिकारी एन. के .मुर्मू, आर . आर.तिवारी, उपनिदेशक तथा श्री अनिल कुमार राम, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण हैं। 01/10/2023 को मूंडागढ़, नामकुम के रेलवे ट्रैक के आसपास के इलाकों में श्रमदान आयोजित होगा, जिसमें जनसाधारण की भागीदारी की अपील की जाती है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र को राजभाषा का मिला सर्वोच्च सम्मान

**रांची।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिन्दी के श्रेष्ठ कार्य के लिए राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान 卐कीर्ति पुरस्कार卐 प्रदान किया गया। इस वर्ष बैंक को दो श्रेणियों यथा श्रेष्ठ गृह पत्रिका और श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के अंतर्गत यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। 14 सितंबर, 2023 को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित भव्य हिंदी दिवस समारोह के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र को उक्त पुरस्कार प्रदान किए गए। अजय कुमार मिश्रा, गृह राज्य मंत्री के कर-कमलों से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. एस. राजीव ने श्रेष्ठ गृह पत्रिका हेतु प्रथम और श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन हेतु द्वितीय पुरस्कार ग्रहण किए। इस दौरान मंच पर हरिवंश नारायण सिंह, राज्यसभा के माननीय उप सभापति, अंशुली आर्य, सचिव (राजभाषा), गृह मंत्रालय एवं भारती पवार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री आदि भी उपस्थित थे।

# 35 लाख छीनताई का आरोपी थाना में नहीं बना रहा था हाजरी, संदेह हुआ तब पकड़ा गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीते 11 सितंबर को 35 लाख रुपए छीनताई के मामले में रांची पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 20 लाख दस हजार रुपए सहित चोरी के 18 वहानों जिसमें 15 मोटरसाइकिल, दो स्कूटी और एक स्वीप्ट डिजायर कर, 6 मोबाइल , 4 बैंक बाउचर , दो वॉकी टॉकी बरामद किया गया है और मुख्य आरोपी सहित छह आरोपियों की भी गिरफ्तारी की गई है। 11 सितंबर 23 को डेली मार्केट थाना में मामला दर्ज हुआ था जिसमें वादी एक व्यापारी है उसी का फुफेरा भाई दिन के करीब बारह बजे एसबीआई बैंक में पैसा जमा करने जा रहा था। तभी बड़ा तालाब के शौचालय के पास पैसों से भरा बैग अज्ञात अपराधियों द्वारा लूट कर फरार हो गया था । बैग में 15 लख रुपए था। इस घटना का उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता के नियंत्रण में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली प्रकाश सोंय के नेतृत्व में एसआइटी का गठन किया गया था । सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया के एसआइटी गठन होने के बाद के खोजबीन शुरू हुई और तब आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है । मुख्य रूप धीरज जलन जो पूरे घटनाक्रम का मास्टर माइंड है और पहले भी जेल जा चुका है। इसके ऊपर सीसीए का प्रस्ताव भी है और वह थाना में हाजिरी भी लग रहा था। लेकिन घटना करने के बाद से वह थाना आना जाना छोड़ दिया था , इस पर पुलिस को संदेह हुआ और पुलिस ने जब उसे पकड़ा तब पूरी घटना का उद्भेदन हुआ , कि किस तरह से उसने गैंग बनाकर छीनताई ,चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहा था।



**इसकी हुई गिरफ्तारी:** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि मास्टरमाइंड धीरज जालान के साथ हर्ष गुप्ता, सचित साहू , श्याम सुंदर जालान , अरुण कुमार भुइंया , और सुनील कुमार महतो शामिल था सभी की गिरफ्तारी हुई है। यह लोग मोटरसाइकिल , स्कूटी,कार भी चोरी करते थे। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर रांची में चोरी कर लिया तो एक गैंग अन्य जिलों में हजारीबाग, रामगढ़ ,गुमला ,लोहरदगा में सक्रिय है। रांची जिला से चोरी कर दूसरे जिला में अपने गैंग को दे देता है वह वहां बेचता है। उधर का गैंग चोरी करके रांची भेजता है। इसी तरह से जब पुलिस ने पता किया तो इन आरोपियों के पास 15 मोटरसाइकिल अपाची सहित दो स्कूटी , एक स्वीप्ट डिजायर कर भी बरामद किया गया । अभी इन लोगों के पास और भी गाड़ियां हो सकती है, पुलिस पूछताछ कर रही है, 6 मोबाइल, 4 बैंक वाउचर और दो वाकी टॉकी भी पुलिस ने जब्त किया है ।

**वाकी टॉकी:** सबसे बड़ी बात यह मोटरसाइकिल चोरी ,लूट, छीनताई करने वाले ये गैंग जो है यह एक नया तरीका निकाला है, वॉकी टॉकी से क्राइम करने का, एक दूसरे से संपर्क करता था , यह बहुत ही खतरनाक है, क्योंकि वॉकी टॉकी से एक दूसरे को पुलिस से बचने का जानकारी दे सकता है।

**इन आरोपियों पर दर्ज है मामले:** सिटी एसपी ने बताया कि धीरज जालान जो मुख्य रूप से सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के हरमू गाडी खाना रोड के पास का रहने वाला है और लगभग इस पर दस से अधिक और एक थाने में कई कांडों में मामला दर्ज किया गया है। मुख्य रूप से कोतवाली, मांडू थाना, गोंदा थाना, डोरंडा ,सुखदेव नगर ,खूंटी, मंगारंगदा, लालपुर, सिल्ली, चुटिया,बेड़ों, और लोअर बाजार शामिल है।

**वाहन बरामद:** स्वीप्ट डिजाइर कार जेएच01डीएफ7556, अपाची 160 मोटरसाइकिल , अपाची 180 मोटरसाइकिल ,अपाची 160 मोटरसाइकिल, अपाची 160 मोटरसाइकिल जेएच01 इबी 189 2, अपाची 160 जीएच01 ई 6537, होंडा डीआईओ स्कूटी जेएच01 बीबी3596 , टीवीएस राइडर जेएच01इक्यू 6576, रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल जेएच 05 सीएच5501, एक लाल रंग का बुलेट जेएच 07एल 5292, यामाहा आर 15 जेएच 07एच 2015, होंडा डीआईओ स्कूटी जेएच07एच 2390, टीवीएस आरटीआर 160 जेएच07जे 466 3 , हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल जेएच07ई319 2, लाल रंग का टीवीएस आरटीआर 160 जेएच 07 ई 627 1, ग्रे रंग का अपाची टीवीएस आरटीआर 160 जेएच 01 ईएच35 6 9, मोटरसाइकिल टीवीसीआर आरटीआई 160, हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल बिना नंबर का, 6 मोबाइल फोन , 4 बैंक वाउचर दो वॉकी टॉकी बरामद किया गया है।

**छापामारी दल में शामिल:** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोंय, डेली मार्केट थाना प्रभारी प्रदीप मिंज, पुलिस अवर निरीक्षक आदित्य ठाकुर डेली मार्केट , अनिल कुमार, सुमन टुडु, सरोज प्रसाद, सहायक अवर निरीक्षक शाह फैसल प्रभारी तकनीकी शाखा रांची सहित प्रवेश कुमार ,अजमत अंसारी ,अब्दुल्लाह अंसारी , सुभाष कुमार, संदीप कुमार साइबर सेल , लखविंदर बेदेया, डेबिट कांडुलना , वरीय पुलिस अधीक्षक की क्यूं आरटी टीम शामिल थी।

## रांची के बुढ़मू में अवैध बालू खनन का अंजाम, हाइवे फूंका



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची के बुढ़मू में अवैध बालू खनन का धंधा खतरनाक अंजाम तक पहुंच गया। अपराधियों ने शुक्रवार सुबह बालू से लदे एक हाइवा को फूंक दिया। यह वाकया बुढ़मू केरेडारी सीमांत क्षेत्र अंतर्गत हेंदेगीर मुख्य मार्ग का है। बुढ़मू पुलिस जांच में जुट गई है। एसपी (ग्रामीण) मनीष टोप्पो ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक हाइवा चालक ने इंजन में शॉर्ट सर्किट होने से डीजल टंकी में आग लगने की बात कही है। आशंका यह है कि अवैध बालू ढुलाई में प्रतिबंधित संगठनों का हाथ हो सकता है, क्योंकि कुछ दिनों से वसूली के विरोध में बालू उठाव का काम बंद था। प्रतिबंधित संगठन वाहन चालकों को धमकी दे रहे थे। यह इलाका उग्रवादी प्रभावित है।

## 3 अक्टूबर को ऑल इंडिया मुशायरा, जुटेंगे देश भर से शायर-कवि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सूफ़ी और संतों की नगरी गया फिर एक बार दुनिया को प्रेम और भाईचारा का संदेश देगा। दरअसल सूफियों का मस्कन (आश्रय स्थल) रही बीथो शरीफ़ बस्ती में 3 अक्टूबर को ऑल इंडिया मुशायरा आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश भर से नामचीन शायर और अदीब शिरकत करेंगे। आयोजन साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था बज़्म-ए- कहकशां और ख़ानक़ाह करीमिया चिश्तिया निजामिया अशरफिया मिलकर कर रहे हैं। कार्यक्रम के कन्वीनर पत्रकार-कवि शहरोज़ क़मर और सह कन्वीनर अबुल फरह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मुशायरा दरगाह हज़रत निज़ाम उद्दीन औलिया, दिल्ली के सज्जादानशीन हज़रत पीर ख़्वाजा फ़रीद अहमद निज़ामी बुखारी की सरपरस्ती (संरक्षण) और बुज़ुर्ग सूफी-शायर खानकाह अशरफिया बीथो शरीफ़ के सज्जादा नशीन सैयद शाह गुफरान अशरफी की अध्यक्षता (सदारत) में होगा। उर्दू दैनिक क़ौमी तंजीम के ग्रुप एडिटर व बिहार उर्दू एक्शन कमेटी के अध्यक्ष एसएम अशरफ़ फ़रीद बहैसियत मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। मुशायरे का संचालन युवा शायर सुहैल सईद (रांची) और बज़्म-ए- कहकशां के महासचिव खालिक हुसैन परदेसी करेंगे।

### सेमिनार में होंगे ये प्रमुख वक्ता

कन्वीनर ने बताया कि 3 अक्टूबर मंगलवार दिन में उर्दू एक्शन कमेटी की मीटिंग और उर्दू की स्थिति पर सेमिनार होगा। जिसका विषय है, बिहार में उर्दू तहरीक (आंदोलन) कल, आज और कल। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ उर्दू पत्रकार व बिहार उर्दू एक्शन कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ. रेहान गनी करेंगे। मुख्य वक्तव्य मगध विवि उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अलीम उल्लाह हाली और कलीम उल्लाह दोस्त पूरी पटना देंगे। संचालन लेखक अहमद सगीर करेंगे। सेमिनार गालिब अकादमी दिल्ली के सचिव डॉ. अकील अहमद की निगरानी में होगा। कार्यक्रम में बतौर ख़ास मेहमान उर्दू एक्शन कमेटी के महासचिव डॉ. अशरफुन्नबी कैसर, डॉ. इक़बाल हुसैन आज़ाद, मुंगेर, उर्दू राब्ता कमेटी के सचिव डॉ. अनवारुल हुदा, वरिष्ठ साहित्यकार सैयद अहमद क़ादरी, गालिब कॉलेज के सचिव शबी शम्सी और गवर्नमेंट लाइब्रेरी पटना के चेयरमैन अरशद फिरोज आदि शरीक होंगे।

### माजिद देवबंदी और अना देहलवी समेत इन शायरों की जमेगी महफिल

शाम में मुशायरा की शमा रौशन होगी। जिसमें दिल्ली से माजिद देवबंदी, आसिया माजिद व अना देहलवी, अनवर कमाल अनवर (बहरैन), फूल मोहम्मद नेपाली (नेपाल), कोलकाता से रौनक़ अफ़रोज़, कामरान गनी सबा (मुजफ्फरपुर), मोईन गिरिडीही, सफदर हाशमी, जबीं शम्सी निज़ामी, नटखट अज़ीमाबादी व असर फरीदी (पटना), हसन इमाम व अख़्तर इमाम अंजुम (सासाराम), पलामू से अमीन रहबर, मकबूल मंज़र व शमीम रिज़वी, आसिफ सफवी (कानपुर), शराफत अली शराफत (हैदराबाद), राजगीर से जफर फिरदौसी, धनबाद से इक़बाल हुसैन, इम्तियाज दानिश झरिया, रांची से निहाल सरैयावी, खुमार शेरघाटवी, मंजूर बेग, बदर वकार, उजैर हमजापुरी व कुदरत उल्लाह कुदरत के अलावा गया से डॉ. एहसान दानिश, एहसान ताबिश, सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र, सुमंत कुमार, रानी मिश्रा, एजाज मानपुरी,अफसर जमाल अफसर, खालिद हुसैन आसी, सुल्तान अहमद, नौशाद नादान और अनवर खुर्शीद अनवर, बीथो आदि शामिल होंगे।

## पारस अस्पताल में विश्व हृदय दिवस मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर रांची के पारस एच इसी अस्पताल के कर्मचारियों एवं मरीजों की उपस्थिति में वर्ल्ड हार्ट डे का आयोजन किया गया।ज्ञात है की पूरी दुनिया आज विश्व हृदय दिवस मना रहा है। इस वर्ष विश्व हृदय दिवस का थीम है ÷ दिल का इस्तेमाल करें, दिल को जानें÷. अस्पताल परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों की मौजूदगी में हृदय से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया और



सम्बंधित सवाल-जवाब किये गए। सही जवाब देनेवाले को डॉ महेश कुशवाहा के हाथों पुरष्कृत कर सम्मानित भी किया गया। इसी क्रम में अस्पताल परिसर में दिल से सम्बंधित जानकारियों को मरीजों के साथ साझा किया गया। इस विशेष मौके पर पारस अस्पताल में मुफ्त हृदय जाँच की सुविधा 31 अक्टूबर तक दी जा रही है, जिससे हृदय रोगियों को सहायता मिल सके।पारस अस्पताल के हृदय रोग विशेशज्ञ डॉ महेश कुशवाहा ने इस मौके पर कहा की विश्व हृदय दिवस मनाने का मुख्य मकसद हृदय रोग के कारण और बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना है। पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नितेश कुमार ने इस मौके पर कहा की विश्व हृदय दिवस का मकसद मरीजों को हृदय रोग के प्रति जागरूक करना है।

## हावड़ा-दुमका मयूराक्षी एक्सप्रेस एक अक्टूबर से देवघर तक चलेगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** हावड़ा-दुमका के बीच चलने वाली मयूराक्षी एक्सप्रेस अब एक अक्टूबर से देवघर तक होगा। एक अक्टूबर को ट्रेन हावड़ा से देवघर और दो अक्टूबर से देवघर से हावड़ा के लिए यह ट्रेन चलेगी। देवघर तक इस ट्रेन के विस्तार से अब बंगाल के तारापीठ और झारखंड के बासुकीनाथ के साथ विश्व प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ के दरबार तक पहुंचने के लिए यात्रियों को ट्रेन मिल जायेगी। इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को तारापीठ जाने



में आसानी होगी। यहां के यात्रियों के लिए वापसी में मयूराक्षी एक्सप्रेस कनेक्टिंग ट्रेन है।

देवघर तक विस्तार के साथ ही ट्रेन के शेड्यूल में भी बदलाव किया गया है। वर्तमान में शाम 4:25 बजे हावड़ा से खुलकर रात 12:10 बजे दुमका पहुंचने वाली ट्रेन एक अक्टूबर से रात 11:21 बजे दुमका पहुंचेगी जबकि वापसी में दुमका से सुबह 3:45 बजे चलने वाली ट्रेन दो अक्टूबर से सुबह 4:14 बजे खुलेगी। ट्रेन संख्या 13045 हावड़ा देवघर मयूराक्षी एक्सप्रेस हावड़ा से शाम 4:25 बजे चलेगी। रामपुरहाट रात 10:05 बजे, दुमका रात 11:21, बासुकीनाथ रात 11:46, देवघर रात 12:30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 13046 देवघर हावड़ा मयूरक्षी एक्सप्रेस देवघर से सुबह 03:15,बासुकीनाथ 03:49, दुमका 04:14, हावड़ा दिन के 11:35 बजे पहुंचेगी।

## हटिया रेलवे स्टेशन में दिखेगा माता के नौ और भगवान विष्णु के दशावतार का रूप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची में दुर्गा पूजा को लेकर सभी जगह पंडाल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसी क्रम में हटिया रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भव्य पहाड़ के थीम पर पंडाल का निर्माण कर रही है। बाहर माता नव दुर्गा का रूप और अंदर स्थित गुफा में विष्णु भगवान के दशावतार को दर्शाया जायेगा। समिति के मुख्य संरक्षक मनोज पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि पंडाल की ऊंचाई लगभग 70 फीट और चौड़ाई 80 फीट होगी। जबकि मां की प्रतिमा 12 फीट की होगी। पंडाल परिसर में मेला भी आकर्षण का केंद्र होगा। पंडाल के निर्माण में कुल बजट लगभग 12 लाख रुपये का है। समिति के अध्यक्ष नंदन यादव ने बताया कि पंडाल का उदघाटन षष्ठी के दिन होगा। अष्टमी को सुबह 11 बजे पुष्पांजलि होगी। दोपहर 12 बजे भोग-भंडारा होगा। महाअष्टमी का भोग लगेगा। नवमी को संस्कृति कार्यक्रम और दशमी को माता का जागरण खास होगा। पंडाल के निर्माण को लेकर कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

### अवैध खनन मामले में टिंकल भगत ने ईडी कोर्ट में दायर की जमानत याचिका

**रांची :** साहिबगंज जिले में हुए अवैध खनन मामले के आरोपित पत्थर खदान संचालक टिंकल भगत ने ईडी कोर्ट में जमानत की गुहार लगाई है। टिंकल ने अधिवक्ता सुधीर कुमार के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को जमानत याचिका दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि टिंकल भगत मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का सहयोगी है। अवैध खनन मामले में पिछले वर्ष 29 जुलाई, 2022 को टिंकल भगत सहित छह लोगों के खदान की जांच भी की गयी थी।

## जेसीआई राँची ने एक्सपो उत्सव 2023 के ब्रोशर एवं पोस्टर का विमोचन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेसीआई राँची ने मंगलवार को स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में एक्सपो उत्सव 2023 का ब्रोशर एवं पोस्टर रिलीज किया। ज्ञात है की यह एक्सपो का 26वां साल है और पिछले 25 वर्ष से एक्सपो उत्सव का आयोजन होते आ रहा है और यह एक्सपो पूर्वी भारत का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर है। इस वर्ष एक्सपो में 300 से अधिक स्टॉल आ रहे है जो की देश के अलावा विदेश से भी होंगे। एक्सपो का आयोजन इस वर्ष 12 से 16 अक्टूबर के बीच मोराबादी मैदान रांची में किया जाएगा ब्रोशर एवं पोस्टर रिलीज रांची के लोकसभा सांसद संजय सेठ ने किया । ब्रोशर रिलीज चांद्रायण दो के जैसे बने के जहाज़ से किया गया।



संजय सेठ जी ने पोस्टर का भी अनावरण किया गया। संजय सेठ जी ने इसकी काफ़ी सराहना की और बोला की अभी तक तो टीवी में देखा था , आज आँखों से भी देख लिये।वो बोले की एक्सपो राँची का त्योहार है और लोगों को इसका इंतज़ार साल भर रहता है।

ब्रोशर एवं पोस्टर रिलीज के दौरान अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने बताया कि इस साल हम फनगोला बच्चों के लिए एम्यूजमेंट पार्क और मिडनाइट बाजार ले कर आ रहे है। इसके अलावा होम डेकोर, रियल एस्टेट, ऑटो जोन, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लेडीज कॉर्नर, फर्नीचर जोन, स्टार्टअप बाजार, फूड कोर्ट और भी अन्य सेक्शन लेकर आ रहे हैं। संस्था के पूर्व सचिव संजय जैन ने इस बार एक्सपो का कमान संभाला है और उनके टीम में प्रतीक जैन, सनी केडिया, और राहुल तिब्रेवाल है। संजय जैन ने बताया कि एक्सपो के सभी पांचों दिन कुछ नया रहेगा जैसे की फैशन शो, तंबोला, हेल्थी बेबी एंड मोम शो, वाइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, एक्सपो ट्रेजर हंट, पेंटिंग कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन, एक्सपो ढिंचक ढा जैसे इवेंट होंगे एवं हमारे यूथ के लिए अलग-अलग ट्रेनिंग प्रोग्राम का भी आयोजन किया जाएगा ।इस कार्यक्रम का संचालन अंकित जैन, उदित तुलस्यान और तपिश केडिया ने किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन प्रवीण अग्रवाल ने संभाला। कार्यक्रम में संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी एक्सपो मीडिया हेड सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई रांची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।

## कोयला मंत्रालय, एनटीपीसी और एनएमएल के बीच विलेख पर हुआ हस्ताक्षर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोयला मंत्रालय (एमओसी), एनटीपीसी और एनएमएल द्वारा बादाम, तलाईपल्ली, चट्टी बरियातु और चट्टी बरियातु (दक्षिण), केरंडारी और दुलंगा कोयला खदानों के लिए पालन विलेख (डीओए) पर हस्ताक्षर किए गए।हस्ताक्षर समारोह कोयला मंत्रालय, सम्मेलन कक्ष किया गया , एम. नागराजू, आईएएस, नामित प्राधिकारी और अतिरिक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, शिवम श्रीवास्तव, निदेशक (ईंधन) एनटीपीसी और अध्यक्ष, एनएमएल और एमओसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कोयला मंत्रालय की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ था।डीओए पर कोयला मंत्रालय की ओर से नामित प्राधिकारी और अतिरिक्त सचिव एम. नागराजू, एनएमएल की ओर से सीईओ, अनिमेष जैन और एनटीपीसी की ओर से कोयला खनन के टी.के. कोनार जीएम, (टीएस) ने हस्ताक्षर किए। .

इस अवसर पर बोलते हुए, नागराजू ने एनएमएल को उनके खनन कार्यों के लिए सफलता की शुभकामनाएं दीं। सीईओ, एनएमएल ने सभी



समर्थन के लिए मंत्रालय को धन्यवाद दिया और कोयला उत्पादन में शीघ्र वृद्धि का आश्वासन दिया। डीओए पर हस्ताक्षर के परिणामस्वरूप एनएमएल को खदानों के हस्तांतरण का रास्ता साफ हो जाएगा। इसके अलावा डीओए पर हस्ताक्षर के साथ, एनएमएल कोयला खदान विकास समझौते की शर्तों और खदानों के विकास का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। एनएमएल ,एनटीपीसी लिमिटेड की 100त्न पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। वर्तमान में एनटीपीसी 87 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) की चरम दर क्षमता के साथ आठ कोयला खदानों यानी पकरी-बरवाडीह, दुलंगा, तलाईपल्ली, चट्टी-बरियातु, केरंडारी, बादाम, बनहारडीह और उत्तरी धादु (पूर्व) का विकास कर रहा है।

## अवधेश गोलीकांड के आरोपित चितरंजन को पटना से रांची लाया गया, पेशी के बाद भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के कांके थाना क्षेत्र में जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े गोली चलवाने के आरोपित चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से शुक्रवार को रांची लाया गया। इसके बाद मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत में पेश किया गया। अदालत ने चितरंजन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। इससे पूर्व पटना पुलिस और रांची पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच चितरंजन को रांची सिविल कोर्ट लाया गया। चितरंजन एक्साइज एक्ट के मामले में बेऊर जेल में बंद था। उसपर पटना के गांधी मैदान थाना में 30 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके अलावा रांची के गोंदा और कांके थाना में पहले से केस दर्ज है। इस संबंध में 19 सितंबर को कांके थाना के अनुसंधान पदाधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में आवेदन




दिया था। उल्लेखनीय है कि बीते 14 सितंबर को जमीन कारोबारी अवधेश यादव को कांके थाना के ब्लॉक चौक पर गोली मार दी गई थी। अवधेश एक निजी अस्पताल में इलाजरत हैं।

# खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट अंतर्गत शासी परिषद की बैठक हुई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त सह अध्यक्ष (डीएमएफटी) की अध्यक्षता में खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) अंतर्गत शासी परिषद ( न्यास परिषद) की बैठक आयोजित की गई।उपायुक्त राम निवास यादव ने न्यास परिषद समिति के सदस्यों का स्वागत किया एवं कहा कि वितीय वर्ष 2023-24 में न्यास परिषद की यह द्वितीय बैठक है। जहां जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के क्रियाकलापों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं विभिन्न योजनाओं के प्रस्ताव को उपायुक्त ने सदस्यों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि इस बैठक का उद्देश्य है की जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से विकास कार्य को धरातल पर लाया जा सके। उसने कहा कि आप सभी जनप्रतिनिधियों के सहयोग एवं समन्वय से ही जिले में विकास कार्य को सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठके के दौरान मुख्य रूप से पूर्व में आयोजित की बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा हुई। 15.05.2023 को संपन्न जिला खनिज टास्क फोर्स की साषी परिषद की बैठक में पारित योजनाओं के अध्ययन स्थिति कि समीक्षा। ,जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (छ्रस्न्न्ञ) साहेबगंज अंतर्गत वित्तीय वर्ष 72023-24 में प्रबंधकीय समिति से पारित एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त योजनाओं की शासी परिषद से घटनोत्तर स्वीकृति।जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (छ्रस्न्न्ञ) साहेबगंज अंतर्गत वित्तीय वर्ष 7 2023-24 में प्रबंधकीय समिति से पारित योजनाओं को शासी परिषद में स्वीकृति हेतु प्रस्तावः7 छ्रस्न्न्ञ अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कार्यान्वयन हेतु नये



योजनाओं की पर चर्चा।जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट (छ्रस्न्न्ञ) साहेबगंज अंतर्गत आय - व्यय / कार्य योजना निर्माण एवं अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गई।गत न्यास परिषद (शासी परिषद) की बैठक में माननीय सांसद, राजमहल लोकसभा क्षेत्र द्वारा बताया गया कि प्रखण्ड बरहरवा एवं राजमहल में ट्रकों / वाहनों द्वारा चाईना क्ले के ढुलाई के दौरान आसपास के वातावरण में धुलकण फैलने के कारण आम जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, तथा माननीय विधायक राजमहल विधानसभा क्षेत्र द्वारा बताया साहेबगंज प्रखण्ड के साक्षरता मोड़ से सुभाष चौक तक तथा राजमहल प्रखण्ड के नवगाछी से नया बाजार मोड़ तक पानी छिड़काव कराये जाने का निर्देश दिया था। इस संबंध में बताया गया कि पत्थर प्रेषण करने वाले वाहनों ट्रिपल से ढककर परिचालन आदि दिए गए निर्देशों का दृढ़ता से अनुपालन नहीं करने वाले वाहनों से माह मई 2023 से माह अगस्त 2023 तक कुल 146 वाहनों पर दण्ड शुल्क आरोपित किया गया है।वहीं माह मई 2023 से माह अगस्त 2023 तक कुल 2,66,000 रुपए की दण्ड की वसूली की गई है।जबकि विधायक, राजमहल विधानसभा द्वारा बताया गया कि प्रखण्ड उधवा, राजमहल एवं साहेबगंज में वाहनों की गति सीमा अत्यधिक होने के कारण आये दिन बहुत सारी दुर्घटना होती रहती है। इस पर जिला परिवहन पदाधिकारी, साहेबगंज को निदेश दिया गया था कि इन7 क्षेत्रों में स्पीड लिमिट कायम करवाने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे।जहां बताया गया कि जिलान्तर्गत स्पीड लिमिट कायम करवाने हेतु विभिन्न मार्गो पर स्पीड लिमिट के लिए संभावित क्षेत्रों में गति सीमा नियंत्रित करने हेतु गति सीमा से संबंधित साइन बोर्ड लगाने का कार्य कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से अनुरोध किया गया है।बालू डंपिंग से संबंधित निर्देशों के संबंध में बताया गया कि डम्पिंग हेतु स्टॉक लायसेंस के लिये पूर्व में ही प्रखण्ड स्तर पर बालू के डम्पिंग हेतु स्टॉक गई है एवं बालू की निलामी हेतु जिला में समाचार पत्र के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित करा दी गयी है।बैठक के दौरान डीएमएफटी की साषी परिषद की बैठक में परित योजनाओं अधतन स्थिति की समीक्षा के क्रम में योजनाओं के चयन हेतु ग्राम सभा का आयोजन, प्रशासनिक स्वीकृति, प्राक्कलन राशि पर चर्चा नगर पंचायत स्तर पर बोर्ड से पारित कराकर प्राक्कलन स्थित तैयार करने शादी पर चर्चा एवं विचार व्यक्त किया गया। इस संबंध में योजनाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया।

# डीआईजी ने बरहरवा एसडीपीओ कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण, पुलिस पदाधिकारी को दिए आवश्यक निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहड़वा :** संथाल परगना प्रमंडल के पुलिस उप महानिरीक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल शुक्रवार को बरहड़वा अनुमंडलीय पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे । इस दौरान एसडीपीओ कार्यलय परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया गया। इस दौरान डीआईजी ने आपराधिक गतिविधि से संबंधित केस फाइलों का समीक्षा किया। साथ ही पुलिसिंग सिस्टम को और बेहतर बनाने के लिए अनुमंडल क्षेत्र के थानाध्यक्षों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही सभी कांडों का त्वरित कार्रवाई कर लोगों को उचित न्याय दिलाने पर जोर दिया जा रहा है। मौके पर डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल ने बताया कि आपराधिक



घटनाओं को लेकर साहिबगंज पुलिस गंभीर है। पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम,एसडीपीओ प्रदीप कुमार उरांव सहित अन्य पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कई मामलों का उद्भेदन तुरंत किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन दिनों साइबर अपराधी अलग-अलग तरीके से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे साइबर क्राइम करने वाले अपराधियों को पुलिस अलग तरीके से अनुसंधान कर रही है। पोक्सो एक्ट मामले को अलग तरह से अनुसंधान किया जा रहा है। साथ ही अनडिटेक्ट मामले, जमीन विवाद,शव बरामद, हत्या जैसे मामलों को किस धारा के तगत अनुसंधान करना है। इस बारे में बताया गया। इसके अलावा माइनिंग जैसे मामले में सीज और सर्च का पावर पुलिस को नहीं है। इसके लिए जिला परिवहन की टीम की सहयोग से जप्त किया जाएगा। नियमों का पालन कर पुलिस अपना कार्य करेंगे। मौके पर पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार उरांव,पुलिस इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार,बरहड़वा थाना प्रभारी प्रेयस प्रसून, रांगा थाना प्रभारी अमन कुमार,बरहेट थाना प्रभारी गौरव कुमार,कोटालपोखर थाना प्रभारी सतीश आशीष तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** ज़िले में 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का थीम इस वर्ष कचड़ा मुक्त भारत रखा गया है। इसके अंतर्गत प्रखंड पंचायत गांव स्तर पर स्वच्छता संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है इन गतिविधियों में विशेष तौर से जलसहिया पंचायती राज के कर्मी स्वच्छ भारत मिशन के कर्मी विद्यालय स्तर पर शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि मुखिया प्रधान एवं ग्रामीण अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्रामीण स्तर पर सुरक्षा एवं श्रमदान अभियान चलाया गया स्पीच जल सहिया ने ग्रामीणों को लंबे अवधि से जमा करने वाले कचरा स्थलों की साफ सफाई करने के प्रति जागरूक किया।वही ग्रामीणों से प्लास्टिक का उपयोग न करने के विषय में एवं इसके हानिकारक प्रभाव की जानकारी दी गई ।

# तीन माह से राशन नहीं देने पर डीलर के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तीनपहाड़ :** राजमहल प्रखंड के पड़रिया पंचायत अंतर्गत लोगाई गांव के दर्जनों लाभुको ने शुक्रवार के दिन दर्जनों महिला पुरुष ने डीलर द्वारा तीन माह से राशन नहीं दिए जाने का आरोप लगाते हुए एक जुट होकर विरोध प्रदर्शन किया है।कार्डधारियों ने बताया कि बीते जून महीने में ही हम सभी कार्ड धारियों को राशन दिया गया है,जिसमे से कुछ कार्डधारियो के खाते में जुलाई महीने का राशन दिए जाने की लेखनी भी अंकित है,तो वही ज्यादातर कार्डधारी जून महिने तक ही राशन दिए जाने की बात कहते नजर आए।वही कई लाभुको ने बताया कि जुलाई,अगस्त और सितंबर बीत गए लेकिन इन तीन महीने का राशन अब तक नहीं मिला है। कार्डधारी चंचला देवी, बिजोला देवी, सुभद्रा देवी, फूलमुनि देवी, अमला देवी, दुलाली देवी, बिलोचना देवी, जैना देवी, सगोरी देवी, आरोती देवी और मंजू देवी ने बताई की तीन महीने से राशन नही मिला है, डीलर से पूछने पर कोई सटीक जवाब नही मिलता है कभी कहता है ऊपर से राशन नही आया है तो कभी कहता है अभी नहीं मिलेगा।इन राशन से ही हम सभी का गुजारा होता है लेकिन लगातार तीन माह का राशन नही मिलने से हम लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।जिसे देखने व सुनने वाला कोई नहीं है। डीएसओ अमर प्रसाद ने कहा की जुलाई का राशन डीलरो को मिला है साथ ही अगस्त का भी राशन 90 प्रतिशत डीलरो को वितरण कर दिया गया है।

# मानव तस्करी बाल तस्करी एवं बाल यौन शोषण की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय कार्याशाला सह गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** सुरक्षित बचपन एवं मानव तस्कर को रोकने के लिए मुक्ति साउथ एशिया परियोजना के अंतर्गत साहेबगंज के जिला समाज कल्याण विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेएसएलपीएस बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, सभी बाल संरक्षण गृह संचालक, श्रम अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य संस्थाओं के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन झारखंड विकास परिषद संस्था के द्वारा जिला विकास भवन में आयोजित किया गया। बैठक का मुख्य मुद्दा मानव तस्कर , बाल संरक्षण एवम उससे जुड़े सभी हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करना था ताकि बाल अधिकार को संवेदनशीलता के साथ संबोधित किया जा सके एवम साथ ही मानव और बाल तस्करी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें। इस क्रम में बैठक में हितधारकों ने मानव तस्करी, बाल संरक्षण एवम स्त्रोत और गंतव्य स्थान के बीच समन्वय स्थापित करने पर बल दिया




। कार्यक्रम जिला उपायुक्त राम निवास यादव और पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम की अध्यक्षता में हुई। बाल अधिकार विशेषज्ञ सत्य प्रकाश ने बाल संरक्षण के अंतर्गत किशोर न्याय अधिनियम 2015, द्धक्ष्ट की विभिन्न धाराएं, मानव तस्करी के अंतर्गत परिभाषा , विभागीय दिशा निर्देश के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि सभी विभागीय हितधारकों को एकजुट होकर कार्य करना बहुत ही आवश्यक है जिसके फलस्वरूप हम आसानी से मानव तस्करी की रोकथाम कर सकें। इस कार्यक्रम में कुल 60 से ज्यादा हित कार्य धारकों ने भाग लिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री आलम ने बताया कि ट्रैफीकर हमारे समाज से ही होते है और वो बच्चियों को लालच देकर और फंसाकर बाहर ले जाते है इसलिए हम सभी को उनका पहचान करना बहुत ही आव्यशक है । बच्चों के संरक्षण और मानव तस्कर को रोकने के लिए पुलिस को संवेदनशील होना जरूरी है और साथ साथ समाज के लोगो को भी जागरूक करना बहुत जरूरी है जिसके लिए गैर सरकारी संस्थायें समुदाय में जागरूक कार्यक्रम चलाकर लोगों को जागरूक कर सकते है। उन्होंने वीगत तीन वर्षो में पुलिस द्वारा किये गए कार्यो के बारे में भी बताया।

# हंसडीहा : भीषण सड़क हादसा एक महिला समेत दो की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा भागलपुर मुख्य मार्ग पर बनियारा गांव के समीप आज शुक्रवार के अहले सुबह भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार महिला व पुरुष की मौत हो गई7एक डाब लदे तेज रफ्तार पिकअप वैन संख्या ढ्ढक्क 37श्व/4008 के धक्के से बाइक सवार महिला व पुरुष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई7प्राप्त जानकारी के अनुसार बाईक सवार महिला व पुरुष भागलपुर की दिशा से हंसडीहा की ओर आ रहे थे और डाब लदा पिकअप वाहन भागलपुर की ओर जा रहा था7 बनियारा ग्राम के पास पिकअप ने बाईक संख्या छ्व17रु1350 को जोरदार धक्का मार दिया, जिसमें बाइक सवार महिला व पुरुष की मौत हो गई7टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तेज रफ्तार पिकअप वैन भी अनियंत्रित होकर पलट गई7घटना सुबह के 3 बजे की है। खबर लिखें जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई हैं।वही हंसडीहा पुलिस के द्वारा अग्रतर कारवाई की जा रही है।

# अनाज वितरण में अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित डीलर पर होगी कार्यवाही : एमओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका :** काठीकुंड प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमर जॉन आईंद के द्वारा प्रखंड के तमाम जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओ के साथ समीक्षा बैठक की गई।मौके पर एम0ओ0 श्री आईंद ने सभी डीलरों को उपभोक्ताओं को स समय राशन देने का निर्देश दिया। साथ ही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरों को सख्त हिदायत देते हुये कहा, की उपभोक्ताओं द्वारा किसी तरह की अनाज वितरण में अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित डीलर पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हर महीने कम से कम 95त्न खाद्यान्न वितरण हर हाल में करना सुनिश्चित करने को कहा एवं खाद्य वितरण से पहले उपभोक्ताओं को सूचना देने की बात कही। बैठक में डीलर संघ की ओर से पी0डी0एस0 दुकानदार को खाद्यान्न कम मिलने की शिकायत की गई,जिस पर एम0ओ0 ने आश्वस्त करते हुए कहा, कि इस समस्या को लेकर वरीय पदाधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जाएगा।मौके पर उन्होंने सभी पी0डी0एस0 डीलरों को सूचना पंजी, भंडारण पंजी आदि का ब्यौरा देने का निर्देश दिया।बैठक में संबंधित पदाधिकारी के साथ डीलर उपस्थित थे।

# रक्तदान से महा कल्याण : एसडीपीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहड़वा :** बरहड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ एसडीपीओ प्रदीप कुमार उरांव, बिस सूत्री अशोक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पीके संथालिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर श्री उरांव ने कहा कि रक्तदान महा कल्याण है। आपका रक्त से यदि किसी की जान बच सकती है तो इससे पुण्य कोई कार्य नहीं होती है इसीलिए आप समय-समय पर रक्तदान अवश्य करें। एवं आसपास के लोगों को रक्तदान करने को लेकर प्रेरित करें। वही अशोक दास ने कहा कि हम लोग लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं और रक्तदान करने को लेकर लोगों को जागरुक भी कर रहे हैं। मौके पर डॉ ऋषभ देव,मिथुन मंडल,नीताय सरकार, लोकेश कुशवाहा, मनीष गुप्ता ,फिरोज आलम, ब्रिज राज सहित अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## दुकान से हजारों की चोरी कर लगायी आग, शिकायत

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत सकरुगढ़ पूर्वी रेल फाटक निकट निवासी शंकर प्रसाद दास की शीतल पेय व चाय की दुकान गुरुवार की रात्रि जला दी गई । व करीब पांच हजार रुपये और पेय पदार्थों की चोरी कर ली गई।जिसकी सूचना उन्हें पड़ोसियों द्वारा मिली। मामले में पिड़ित ने बताया कि पूर्व में उनके दामाद की हत्या हुई थी। जिसमे चार लोग संलिप्त थे व न्यायिक हिरासत में थे।पर पिछले कुछ महीनों पूर्व उनमें से तीन जमानत पर रिहा हो गये, बाद उसके वह तीनों मुझे आये दिन तरह-तरह की धमकियों से डराया करते थे।जिसकी लिखित सूचना विगत 17 अगस्त 2023 को मेरे द्वारा ओपी पुलिस को दी गई थी,व पुलिस द्वारा जाँच का आश्वासन भी दिया गया था।पिड़ित ने आगे बताया कि मेरी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है,इस वारदात को जमानत पर छुटे हत्यारोपियों ने ही अंजाम दिया है।मामले में ओपी पुलिस की छानबीन जारी है।

## चोरी करने गए चोर को पुलिस ने पकड़ा, डीएसपी ने दी जानकारी

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र दुबे ने शुक्रवार को अपने कार्यलय कक्ष में प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुड़ बाजार में कोई चोर घुस आया है।जिस सन्दर्भ में पुलिस ने तत्वरित कार्यवाही करते हुये गुड़ बाजार में छापेमारी की गई जिस दौरान पुलिस ने पाया कि किरणलाल घोषाल के मकान की छत पर एक युवक छुपा हुआ है।पूछताछ के दौरान उस युवक ने अपना नाम प्रकाश सिन्हा पिता सकलदीप सिनहा मुफासिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर भट्ठा निवासी बताया व यह भी स्वीकार किया कि चोरी के नियत से ही यहाँ आया था।डीएसपी ने आगे बताया कि गिरफ्तार प्रकाश एक पेशेवर चोर है व पूर्व में भी वह चोरी के मामले में जेल जा चुका है,व पूर्व से ही उसके विरूद्ध नगर थाना में कांड संख्या136/22 दर्ज है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में आयोजित हुआ स्वास्थ्य मेला

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आयुष्मान भव पखवाड़ा के तहत 29 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का विधिवत उद्घाटन नवपदस्थापित अंचलाधिकारी कपिल देव ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिकारीपाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी देवानंद मिश्रा ने बताया कि स्वास्थ्य पखवाड़ा की शुरुआत 17 सितंबर को राष्ट्रपति द्वारा की गई थी जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा । इसमें आयोजित स्वास्थ्य मेले में ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड सुगम ढंग से बनाने एवं उसके प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संचालित एवं प्रदत स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में भी ग्रामीणों को बतलाया गया। मौके पर प्लस टू उच्च विद्यालय शिकारी पाड़ा के छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया । मौके पर स्वास्थ्य विभाग के डाक्टर एवं कर्मी तथा ग्रामीण मौजूद थे।

## धर्म सभा एवं रथ यात्रा की सफलता को लेकर विहिप ने की बैठक

**राजमहल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विहिप के द्वारा आगामी 1 अक्टूबर को धर्म सभा एवं शौर्य रथ यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विहिप के साहिबगंज, पाकुड़, गोड्डा विभाग मंत्री कालीचरण मंडल के आवास पर नगर अध्यक्ष नकूल बर्मन की अध्यक्षता में बैठक किया गया। मौके पर मंडल ने बताया कि 1 अक्टूबर को नीलकोठी स्थित काली मंदिर प्रांगण में धर्म सभा का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न साधु महात्मा शामिल होंगे और सभा को संबोधित करेंगे। रथ यात्रा 30 सितंबर को पतना चौक (बरहरवा) में स्वागत कार्यक्रम करते हुए रात में राजमहल पहुंचेगी और रात्रि विश्राम कालीचरण मंडल के आवास में होगा। दूसरे दिन 1 अक्टूबर को सुबह धर्म सभा कार्यक्रम संबोधन के बाद रथ यात्रा शहर का भ्रमण करते हुए महाराजपुर के लिए प्रस्थान करेगा।मौके पर विहिप जिला अध्यक्ष अशोक राम, बजरंग दल के राजकुमार यादव, संघ के कार्यवाह कुमुद राय, विद्यार्थी परिषद के कविंद्र पासवान, अंकित राय, विद्या भारती के उदय चौरसिया, नगर मंत्री स्मिथ कुमार ,भाजपा के अजय चौधरी ,कार्तिक शाह, आदि अन्य उपस्थित थे।

## घर के बाहर खड़ी आटो चोरी

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कोठिया गांव से बीते गुरुवार की देर रात घर के बाहर खड़ी आंटो चोरी होने की घटना सामने आई है7मामले में आंटो के मालिक झबरी निवासी महेश मंडल ने सरैयाहाट थाने में आवेदन देकर जानकारी दी है कि प्रतिदिन के तरह 28 सितंबर की रात उसने अपने कोठिया स्थित आवास पर ऑटो संख्या छ्व04स्न/9115 खड़ी कर सोने चले गए।रात करीब 11ञ्30 नींद खुली तो देखा आंटो नहीं है7काफी खोजबीन की,परन्तु आंटो का कुछ अता-पता नहीं मिलने पर शुक्रवार को थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरो पर कार्यवाही की मांग की है।वहीं छ्व04स्न/9115 नंबर की आंटो को सरकार के पोर्टल पर देखा गया तो ऑटो का निबंधन छोड़ सभी कागजात फेल दिख रहे हैं7सवाल उठता है कि आखिर बिना समुचित कागजात के ऐसे वाहनों का परिचालन कैसे किया जा रहा है, इसके लिए जिम्मेवार कौन है,क्या वाहन जांच के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है।

## पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सराय दाहा गांव से आज पेड़ से लटकती एक विवाहिता का शव बरामद किया गया। परिजनों के अनुसार मृतिका ठंडा रानी साहा, उम्र लगभग 52 वर्ष पति मिहिर चंद्र साहा 27 सितंबर से लापता थी और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। आज सवेरे ग्रामीणों ने उसके घर से लगभग 200 मीटर दूर झाड़ी जंगल के पास पेड़ से लटकती लाश देखी तो हल्ला मचाया और शिकारी पाड़ा थाने को सूचना दी गई। सूचना पाकर शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज दुमका भेज दिया। इस संबंध में शिकारी पाड़ा थाने में एक यूडी केस दर्ज कर लिया गया है एवं मामले की छानबीन की जा रही है। बताया जाता है कि मृतका ठंडा रानी साहा संतान नहीं होने से मानसिक रूप से अवसाद में थी।

## बूथ की सशक्तिकरण को लेकर भाजपाईयों ने की बैठक

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** काठीकुंड प्रखंड स्थित डाकबांगला परिसर में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लालचंद पाल की अध्यक्षता में भाजपा की काठीकुंड इकाई द्वारा पार्टी की बूथ सशक्तिकरण कार्यकर्म का आयोजन किया गया। कार्यकर्म में प्रखंड के सभी 12 पंचायतों से बूथ स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए।कार्यकर्म का मंच संचालन प्रखंड प्रभारी मार्शल ऋषि राज द्वारा की गई।कार्यकर्म में मुख्य रूप से भाजयुमो अध्यक्ष अभिजीत सुमन, मीडिया प्रभारी बिनोद मंडल,प्रखंड प्रमुख सह भाजपा नेत्री बिमला निपु सोरेन,वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज नाग , गणेश राय,मुन्ना भगत ,राजू दत्ता, मनोज हांसदा, गोपीचंद मिर्धा, विनय टुडू, खलील अंसारी, कन्हाई पाल सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## रक्तदान शिविर का आयोजन

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय हृदय दिवस के मौके पर सदर अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में शालु कुमारी, श्रेया चट्टर्जी ,सुरज कुमार ,किशन कुमार ,विशाल शर्मा और आयुष कुमार ठाकुर ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक यूनिट 1 और यूनिट 4 के प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती और प्रोफेसर जिसु हंसदा थे। बताया कि नेशनल सर्विस स्कीम ने इस कार्यक्रम के माध्यम से मानव सेवा के महत्व को प्रमोट किया और रक्तदान के माध्यम से स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए योगदान किया। इस आयोजन में सोनम कुमारी, सुनिधि कुमारी, अभिदिप्ष प्रशांत सागर, पवन कुमार गुप्ता, सुरज कुमार, ऋत्तेश कुमार रंजन, निकिता कुमारी, श्रेया चट्टर्जी, ग्रेस बेसरा, काजल कुमारी, करिश्मा कुमारी, राजा वर्मा, शुभम,आयुष कुमार ठाकुर, और अभिषेक शर्मा शामिल थे।

## बारीडीह विजया गार्डेन पूजा कमिटि का शारदीय नवरात्र पंडाल को ले भूमिपूजन संपन्न



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विजया गार्डेन पूजा कमिटि बारीडीह में शुक्रवार को शारदीय नवरात्र 2023 के लिए पूजा कमिटि के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडाल हेतु भूमिपूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमे मुख्य रुप से पूजा कमिटि के सचिव राजेश सिह, उपाध्यक्ष, प्रमोद मिश्रा, कोषाध्यक्ष एसआर घोष, आदिति चौधरी, पिंकी सिह, संगीता मिश्रा, पुनीता सिह, रुबी झा, सुमन शर्मा, पापिया पाल, पायल मजुमदार, शिप्रा मुखर्जी, अनिता आरती गुप्ता, कावेरी राय, शेज़ल पटेल एवं काफी संख्या मे पूजा कमिटि के सदस्यों ने भाग लिया।

## सतवाहिनी में खुला न्यू मोबाइल पैलेस



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए आदित्यपुर ननि अन्तर्गत गम्हरिया के वार्ड नंबर 3 स्थित सतवाहिनी फुटबॉल मैदान के समीप एक मोबाइल पैलेस खोला गया। इसका उद्घाटन झामुमो नेता सह मंत्री चम्पई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन ने शुक्रवार को किया। प्रोपराइटर उत्पल चौधरी ने बताया कि वे कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण के उपरांत यहां ग्रामीण क्षेत्र में न्यू मोबाइल पैलेस के नाम से केंद्र खोले हैं जहां मोबाइल रिपेयरिंग के साथ युवक युवतियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस मौके पर भास्कर चौधरी, जगन्नाथ चौधरी, झामुमो नेता बंकिम चौधरी, आकाश दास, पंकज महतो, जितेंद्र सिंह, शंभू कर्मकार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## देवेंद्र मांझी मेमोरियल क्रिकेट प्रीमियर लीग का आगाज आज से



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कल से शुरू हो रही अंडर 16 बॉयज टी 20 देवेंद्र मांझी मेमोरियल क्रिकेट प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर आज देवेंद्र मांझी स्पोर्ट फाउंडेशन के सचिव इकबाल खान ने फाउंडेशन के मेंबरों के साथ बैठक की। बैठक के बाद इकबाल ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर भारत भवन मिनी फुटबॉल स्टेडियम में लगभग तैयारी पूरी हो गई है। इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें भाग ली है। जिसमें झारखंड के अलावा दूसरे राज्य के भी क्रिकेट टीम पहुंची है । बैठक में देवेंद्र मांझी स्पॉट फाउंडेशन के सचिव इकबाल खान ,उपाध्यक्ष पीके दास, जनरल सचिव मंजर आलम, वैस अंसारी कोच रिंकी कुजूर, मो.जावेद एवं सदस्य में साजिद अनवर, मोहम्मद मुमताज अंसारी ,मोहम्मद जलाल, आबिद हुसैन, एमडी असरफ, प्रो.शिवपुजन,रिजवान खान ,शाहनवाज अंसारी, जरार अहमद, आदि मौजूद थे।

## मवेशी ले जाते हुए वाहन को ग्रामीणों ने थाना पहुंचाया

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया प्रखंड के सरायकेला थाना अंतर्गत नेगटासाई गांव के आमबागान में शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे स्थानीय ग्रामीणों ने बिना नंबर प्लेट लगे छोटा हाथी गाड़ी से मवेशी ले जाते हुए वाहन को धर दबोचा। उक्त गाड़ी में पांच मवेशी लदा हुआ पाया गया। ग्रामीणों द्वारा इस संबंध में कागजात मांगे जाने पर वाहन पर सवार लोगों द्वारा किसी तरह का कागजात नहीं दिखाया गया। उक्त वाहन में गम्हरिया के नवागढ़ निवासी प्रकाश मंडल, घाघी निवासी सद्दाम हुसैन और सकुर अंसारी तीन लोग सवार थे। इस दौरान ग्रामीणों की लिखित शिकायत थाना में की गई। थाना प्रभारी अर्जुन उरांव ने बताया उक्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांचोंपरांत विधि सम्मत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## टाटा स्टील यूआईएसएल अपने कर्मचारियों के बीच 7.40 करोड़ बोनस बांटेगी, हुआ समझौता

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूआईएसएल ने 2022-23 में 692 योग्य कर्मचारियों के लिए 7.40 करोड़ रुपये वार्षिक बोनस की घोषणा की।इसको लेकर आज टाटा स्टील यूआईएसएल प्रबंधन और जुस्को श्रमिक यूनियन के बीच बोनस समझौते पर हस्ताक्षर किया गया । समझौते में अगले 3 वर्षों (वित्तीय वर्ष'24,'25, 26) के लिए बोनस चार्ट भी शामिल है। जो बाद के वर्षों में भुगतान निर्धारित करेगा। समझौते पर टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी ऋतु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने डीएलसी, जेएसआर के साथ-साथ कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए ।वित्तीय वर्ष 23 के लिए कुल बोनस भुगतान रु. 7.40 करोड़ है । त्योहारी सीजन की शुरुआत को देखते हुए आने वाले दिनों में 692 कर्मचारियों को वार्षिक बोनस वितरित किया जाएगा ।



महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय संयोजक शादाफ जफर पहुंची जमशेदपुर, केंद्र पर साधा निशाना, बोली

# महिला आरक्षण बिल सिर्फ चुनावी जुमला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** केंद्र सरकार ने विगत दिनों महिला आरक्षण बिल लाया, जो केवल चुनावी जुमले है और ऐसे जुमले वर्ष 2014 से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता को देते आ रहे हैं है. इस बिल में कई संशोधन की जरुरत है. साथ ही बिल में ओबीसी, एससी और एसटी समाज के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाना चाहिए. उक्त बातें राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर शादाफ जफर ने शुक्रवार को को परिसदन में एक पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता व मंत्री खुद महिलाओं का शोषण करते हैं और विगत कुछ वर्षो मे अलग- अलग राज्यों में महिलाओं पर हुए शोषण इसका जीता जागता उदाहरण है। यहां तक कि भाजपा की महिला नेत्रियों ने भी कई बार इस बात का जिक्र किया है, लेकिन भाजपा और केंद्र सरकार को इससे कोई सरोकार नहीं है, उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल का समर्थन कांग्रेस पार्टी ने भी किया है, लेकिन अफ़सोस ये ऐसा बिल है कि इसे त्वरित लागू नहीं किया जा सकता. इसे लागू करने के लिए कई वर्षो का समय लगेगा, और भाजपा और केंद्र सरकार ने केवल चुनावी जुमले के तहत इस बिल को पेश किया है, ताकि देश की महिलाओं को जुमलों में फंसाकर एक बार फिर वे वोट हासिल कर सके, लेकिन की महिलाएं आगामी लोकसभा चुनाव में इसके विपरित जवाब देगी। पत्रकार वार्ता में राज्य के मंत्री बन्ना गुप्ता, जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आभा सिन्हा समेत तमाम जिला कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।




## जिला कांग्रेस में राकेश व अभिजीत को मिली नयी जिम्मेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस के जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी डॉ अजय कुमार (पूर्व सांसद) ने जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत आने वाले व्यापार समूह से संबंधित सभी लोगों को जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया कार्यक्रम के अनुरूप शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में व्यापार संगठनों और फुटपाथ विक्रेताओं से मिलकर उनके समस्याओं एवं उचित मुद्दों को जानने के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू एवं पूर्व प्रखंड अध्यक्ष अभिजीत सिंह को संपर्क करने की जिम्मेदारी दी हैं। डॉ अजय कुमार ने इस जिम्मेदारी को पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के अध्यक्ष और कायकारी अध्यक्ष के साथ मिलकर निभाने को कहा हैं। पूर्व सांसद डॉ अजय ने हर वर्ग के व्यापारी और सभी व्यापार संगठनों से संपर्क कर कार्यक्रम तय करने को कहा हैं। साथ ही वरिष्ठ नेताओं को कार्यक्रम में आमंत्रित कर सभी कार्यक्रम के उपरांत उसकी रिपोर्ट सौंपने को कहा हैं। पार्टी में नयी जिम्मेदारी मिलने पर राकेश एवं अभिजीत ने डॉ अजय कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया हैं। साथ ही उनके विश्वास पर खरा उतरने का उन्हें भरोसा दिलाया हैं।



## स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों की शिकायत मिलने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के झिमड़ी पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा शिकायती स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। पंचायत कई ऐसा स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र मिले जहा शिक्षा एवं बच्चो को मिलने वाला मिड डे मिल भ्रष्टाचारियों के हाथ चढ़ गया। स्कूलों में मिलने वाला मिड डे मील साप्ताहिक मेनू के हिसाब से पोषण आहार संयोजिका के द्वारा मुहैया कराया ही नहीं जाता है। निरीक्षण के दौरान संयोजिका स्कूल से गायब मिली। निरीक्षण के दौरान मुखिया सरस्वती सिंह मुंडा, उप मुखिया विजय कुमार महतो, समिति सदस्य पद्मलोचन महतो, ग्राम प्रधान अश्विनी महतो मौजूद रहे। साथ ही नव प्राथमिक विद्यालय मुकरूटार में स्कूल तो हे लेकिन पढ़ने वाले बच्चे नहीं, लेकिन स्कूल में 30 बच्चे नामांकित है,नामांकित बच्चो के परिवारों का कहना हे शिक्षक के नियमित स्कूल नहीं आने के कारण बच्चे स्कूल नहीं नही जाते है। साथ उच्च विद्यालय झिमड़ी का भी भोजन अवकाश के दौरान प्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण किया गया एवं बच्चो से दैनिक पोषाहार के संबंध में पूछताछ किया गया तो सब कुछ सही मिला। मौके पर जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया सरस्वती सिंह मुंडा ने बताया पंचायत कई स्कूल एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का लगातार नियमित रूप से नहीं खुलने, मध्यान भोजन में गड़बड़ करने का शिकायते प्राप्त हुआ था जिसे लेकर आज पंचायत के सभी प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण किया गया। जिस विद्यालय में त्रुटि देखा गया वहा सुधारने का मौका दिया गया।



## वर्ल्ड हार्ट डे पर टाटा स्टील ने आयोजित किया कई कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड हार्ट डे अवसर पर, टाटा स्टील ने ह्रदय रोगों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए वॉकथॉन, वेबिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसकी शुरुआत सुबह जुबली पार्क में वॉकथॉन से हुआ। वॉक में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। कर्मचारियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देने और कार्डियक अरेस्ट से पीड़ित मरीजों को बचाने के लिए एईडी (ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर) का उपयोग करने से जुड़ी तकनीकों पर प्रशिक्षित करने के लिए स्टीलेनियम हॉल में सडन कार्डियक डेथ रिससिटेशन पर एक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम टाटा मेन हॉस्पिटल द्वारा रिवाइव हार्ट फाउंडेशन, मुंबई के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुमैया राघवन, प्रमुख, संचालन, आईकेयर और डॉ. मंदार महावीर शाह, मुख्य ह्रदय रोग विशेषज्ञ और एचओडी, कार्डियोलॉजी, टीएमएच थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष, चाणक्य चौधरी उपस्थित थे। वहीं 28 सितंबर को आपके दिल की देखभाल पर एक डॉक्टर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया और इसमें लगभग 500 कर्मचारियों की भागीदारी देखी गई।



## कपाली में विद्युत विभाग का एकदिवसीय कैंप आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** कपाली नगर परिषद क्षेत्र में विद्युत समस्या को लेकर विद्युत विभाग द्वारा 30 सितंबर को कपाली सामुदायिक भवन में एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए चांडिल विद्युत विभाग के एसडीओ लालाजी प्रशाद महतो ने बताया कि विद्युत महाप्रबंधक के निर्देश पर सभी क्षेत्रों में विद्युत उपभोक्ताओं के समस्या के निराकरण को लेकर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार 30 सितंबर को कपाली सामुदायिक भवन में यह कैंप आयोजित होगा। इसके अलावा आने वाले दिनों में कपाली के कमारगोड़ा और इस्लामनगर में भी यह कैंप आयोजित होगा। इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं के बिलिंग मीटर कनेक्शन विद्युत वितरण से जुड़े मामलों का निदान कैंप के माध्यम से किया जाएगा।



## जेड ब्लैक अगरबत्ती ने नकली अगरबत्ती घोटाले का किया पर्दाफाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मध्य प्रदेश स्थित अगरबत्ती बनाने वाली अग्रणी कंपनी जेड ब्लैक ने त्योहारी सीजन की शुरुआत में एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए प्रतिष्ठित ब्रांडों की नकली सामग्री के साथ पैक की गई नकली अगरबत्ती की बिक्री करने वाले गोदामों पर सफलतापूर्वक छापा मारा है। पश्चिम बंगाल के आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट में इस सप्ताह एक प्राथमिकी दर्ज की गई। आसनसोल उत्तरी के कुरैशी मोहल्ला निवासी मोहम्मद हिलाल और श्रीनगर, आसनसोल उत्तरी निवासी मोहम्मद असलम के पास से कुरैशी मोहल्ला में रहने वाले मोहम्मद मुक्तार के गोदाम से नकली सामान जब्त किया गया। देश के सबसे बड़े अगरबत्ती निर्माताओं और निर्यातकों में से एक एमडीपीएच ने, जिनका ब्रांड नाम जेड ब्लैक है, अपने आईपी अधिकारों की रक्षा के लिए आपत्ति/मुकदमेबाजी/शिकायत दर्ज किया है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के अटॉर्नी और एडवोकेट राजेंद्र भंसाली ने बताया, एमडीपीएच ने उपभोक्ताओं के हित में आवश्यक आक्रामक कानूनी कार्रवाई करके नकली सामानों और जालसाजी का मुकाबला करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। मैसूर दीप परफ्यूमरी हाउस (एमडीपीएच) के निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा, नकली प्रोडक्टों के उत्पादन से न केवल ब्रांड की प्रतिष्ठा को खतरा है, बल्कि इन आवश्यक वस्तुओं की शुद्धता और प्रामाणिकता में भरोसा करने वाले ग्राहकों की भलाई भी खतरे में है हैं।



## हो भाषा वांरागक्षीति लिपी के जनक कोल लाको बोदरा को दी गई श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** पश्चिम सिंहभूम जिला के बंदगांव प्रखंड के नकटी पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आदिवासी हो समाज युवा महासभा एवं बारंग क्षिति लिपि के विद्यार्थियों ने कोल लाको बोदरा का 104वॉ जयंती धूमधाम से मनाया। इस कायर्क्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव ड़ॉ विजय सिंह गागराई, जीप सदस्य बसंती पूर्ति,मुखिया कुश पूर्ति,सावित्री मेलगांडी, लक्ष्मी गागराई, सुखमती जोंको उपस्थित थे। कायर्क्रम का शुभारंभ दियुरी मांगता हांसदा के नेतृत्व में सामूहिक उपवास रह कर पूजा अचर्ना एवं कोल गुरू लाको बोदरा के तस्वीर पर माल्यापर्ण कर किया गया. मौके पर मिथुन गागराई ने कहा कि कोल गुरू लाको बोदरा हो भाषा वांरागक्षीति लिपी के जनक थे। इन्ही के कारण ही आज आदिवासीयों की भाषा और लिपी है। वतर्मान सरकार भी भाषा को प्राथमिकता दे रही है। इस मौके पर सांस्कृतिक कायर्क्रम का आयोजन किया गया। कायर्क्रम का संचालन बुद्वदेव गागराई व मांगता गागराई ने किया। मौके पर मुख्य रूप से श्याम गागराई, बुद्वदेव गागराइ, मांगता गागराई, बाहाराम हेम्ब्रम, राम बोदरा, बीरसिंह सिजुई ,दीयूरी गागराई, आदि थे।



## आदिवासी सेंगेल अभियान ने निकाली जन जागरण रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**सरायकेला :** सरायकेला शहरी क्षेत्र में आदिवासी सेंगेल आभियान की ओर से भारोत दिशोम सेंगेल परगना सोनाराम सोरेन के नेतृत्व में जनजागरण रैली निकाली गई। सरायकेला राज महल के सामने से यह रैली पूरे बाजार क्षेत्र में भ्रमण किया। इस रैली का उद्देश्य सरना धर्म कोड को सरकारी मान्यता देना होगा, मारागं बुरु को जैनियों से वापस करना, संताली भाषा को झारखंड में प्रथम राजभाषा का दर्जा देना, कुर्मी/महतो को एसटी में शामिल नहीं करना, आदिवासी स्वशासन व्यवस्था में राजतंत्र की जगह जनतंत्रीकरण करना होगा। बताया गया कि इन्ही मुद्दों को लेकर आदिवासी सेंगेल अभियान 8 नवंबर 2023 को रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा का विशाल आयोजन कर रहा है। उसमें देश विदेश के प्रकृति धर्म समर्थक आदिवासी लाखों की संख्या में शामिल होंगे। जनजागरण रैली में झारखण्ड पोनोत सेंगेल परगाना सुगनाथ हेंम्ब्रोम,सेंगेल बीडीओ शंखो टुडू, सहायक बीडीओ पोदागं टुडू, बारुबेड़ा सेंगेल माझी खेला सोरेन, बीजाडीह सेंगेल माझी कान्दरू मुर्मू,कदमडीह सेंगेल माझी बागुन टुडू, बैस्टुमसाई हाड़िया टुडू, सरायकेला प्रखंड सेंगेल युवा अध्यक्ष शंखाय हांसदा, सेंगेल महीला मोर्चा अध्यक्ष हेंम्ब्रोम, सेंगेल वीडियो गम्हरिया ब्लक यदुनाथ मार्डी , दुर्गाचारण टुडु आम्पा हेम्ब्रोम किसान मुर्मू मोहान हेम्ब्रोम सुसांत टुडू उपस्थित थे।




## सिम्बायोसिस एमबीए में प्रवेश के लिए स्नैप 2023 में रजिस्ट्रेशन आरंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत में एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए जानी-मानी परीक्षा सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट (स्नैप) 2023 ने आगामी वर्ष के लिए अपनी महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा कर दी है। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन 23 अगस्त 2023 को शुरू हुए और 23 नवम्बर 2023 को बंद हो जाएंगे। स्नैप टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड निर्धारित तारीखों पर स्नैप की ऑफिशियल वेबसाईट **www.snaptest.org** के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। ये तारीखें हैं- स्नैप टेस्ट 01 के लिए 04 दिसम्बर 2023 (सोमवार), स्नैप टेस्ट 02 और 03 के लिए 09 दिसम्बर 2023 (शनिवार)। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट की आखिरी तारीख 23 नवम्बर 2023 है। 2023 के लिए स्नैप कम्प्यूटर- बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का आयोजन तीन निर्धारित तारीखों को होगाः 10 दिसम्बर 2023 (रविवार), 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) और 22 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार)। स्नैप 2023 परीक्षा के परिणामों की घोषणा 10 जनवरी 2024 (बुधवार) को की जाएगी। स्नैप छात्रों को 16 प्रतिष्ठित बी-स्कूलों में आवेदन का अवसर देता है, जिनमें 26 विभिन्न एमबीए प्रोग्राम शामिल हैं। स्नैप के माध्यम से छात्रों को एसआईबीएम पुणे, एसआईसीएसआर, एसआईएमसी, एसआईआईबी, एससीएमएचआरडी, एसआईएमएस, एसआईडीटीएम, एससीआईटी, एसआईओएम, एसआईएचएस, एसआईबीएम बैंगलुरू, एसएसबीएफ, एसआईबीएम हैदराबाद, एसएसएसएस, एसआईबीएम नागपुर और एसआईबीएम नोएडा में प्रवेश का अवसर मिलता है। स्नैप के लिए क्वालिफाय होने के लिए उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान से बैचलर की डिग्री होनी चाहिए। अंडरग्रेजुएशन में उनके अंक कम से कम 50 फीसदी (एससी/ एसटी के लिए 45 फीसदी) होने चाहिए। वे उम्मीदवार जो अपने अंडरग्रेजुएट अध्ययन के फाइनल ईयर में हैं, वे भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन प्रवेश का फैसला उनकी फाइनल परीक्षा के न्यूनतम अंकों के आधार पर ही किया जाएगा।




वर्ल्ड हार्ट डे पर ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का मेगा वॉकथॉन आयोजन

## 40 मिनट पैदल चलना ह्रदय के लिए बेहतर : डॉ. परवेज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड हार्ट डे पर शुक्रवार को ब्रह्मानंद नारायणा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल (बीएनएमएच) जमशेदपुर द्वारा शहर वासियों को स्वस्थ ह्रदय की ओर एक कदम आगे बढ़ने की दिशा में मेगा वॉकथॉन का आयोजन किया गया। वॉकथॉन की शुरुआत जाने-माने समाज सुधारक बेली बोधनवाला, प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन डॉ परवेज आलम, फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अभय कृष्णा, डॉ अजय अग्रवाल, डॉ पंकज गुप्ता एवं डॉ संतोष गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से गुब्बरों का गुच्छ उड़ाकर एवं झंडा दिखाकर किया गया। यह वॉकथॉन मोदी पार्क से सुबह 6.30 बजे शुरू हुआ। जिसमें कारपोरेट जगत, मीडिया जगत, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान, हाउसिंग सोसायटी, क्लब एवं समाज के दो हजार से ज्यादा लोगों ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। आई लिसन टू माय हार्ट के थीम पर वॉकथॉन में सेल्फी कॉर्नर, टैटू मेकिंग एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज से आए बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. परवेज आलम ने बताया कि नियमित रूप से आधे घंटे से 40 मिनट तक पैदल चलना, ह्रदय स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। स्वस्थ जीवन शैली को अपना कर हम अपने हार्ट को स्वस्थ रख सकते हैं। फैसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर कंप्रिहेंसिव हार्ट पैकेज का अनावरण किया और बताया कि यह पैकेज साकची सिटी क्लिनिक में 29 सितंबर से 31 अक्टूबर तक मान्य रहेगा। साथ ही उन्होंने वॉकथॉन को सफल बनाने के लिए जमशेदपुर की जनता को धन्यवाद दिया और कहा हम सभी मिलकर स्वस्थ जीवन के साथ अपने ह्रदय को स्वस्थ रखने का संकल्प ले।



## संपादकीय

# कांग्रेस पर हावी अर्बन नक्सल

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस की वर्तमान स्थिति पर भोपाल से जिस प्रकार का हमला बोला है, उसके बाद से कांग्रेस और उसके समर्थकों में हलचल मच गई है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने एक ऐसा कड़वा सच कह दिया, जिसे कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता भी मन ही मन स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 10 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं के महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा- "कांग्रेस अब नेता नहीं चला रहे हैं, कांग्रेस अब ऐसी कंपनी बन गई है जो नारों से लेकर नीतियां तक आउटसोर्स कर रही है। यह ठेका अर्बन नक्सलियों के पास है, इसलिए कांग्रेस जमीन पर भी खोखली हो रही है, कार्यकर्ता निराश हो रहे हैं"। प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान में कितनी सत्यता है, इस बात का सबूत उन सब एक्टिविस्टों एवं आंदोलनजीवियों ने दे दिया, जिनकी सहानुभूति नक्सलियों, माओवादियों एवं इस्लामिक कट्टरपंथी समूहों के प्रति रहती है। कांग्रेस के नेताओं से अधिक यह सवाल ऐसे ही एक्टिविस्टों की ओर से पूछा जा रहा है कि 'अर्बन नक्सल' कौन हैं? कुछ कम्युनिस्ट बुद्धिजीवी तो आगे बढ़कर 'अर्बन नक्सल' की महानतम परिभाषाएं गढ़ रहे हैं। यानी एक तरह से ये सब 'अर्बन नक्सल' को परिभाषित करते हुए बताना चाह रहे हैं कि जो लोकतंत्र और संविधान के समर्थक हैं और सांप्रदायिकता के विरोधी हैं, वे अर्बन नक्सल हैं। 'अर्बन नक्सल' किसे कहा जाता है, यह देश का सामान्य नागरिक भी जानता है इसके बाद भी कांग्रेस के समर्थक बुद्धिजीवी एक भिन्न प्रकार की परिभाषा, कहना होगा कि सर्वथा विपरीत अर्थ बतानेवाली परिभाषाएं अर्बन नक्सल के लिए कर रहे हैं। लोकतंत्र, संविधान एवं सामाजिक समरसता को दीमक की तरह खोखला करने में लगी ताकतों को अर्बन नक्सल कहा गया है। जिन्होंने भारत के टुकड़े-टुकड़े करने के उद्देश्य से बुद्धि को बंदूक बना लिया है, उन्हें अर्बन नक्सल गया है। फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री की बहुचर्चित पुस्तक 'अर्बन नक्सल' में इस संबंध में विस्तार से चर्चा आती है। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा है, उसकी सत्यता कांग्रेस की नीतियों एवं आचरण से भी झलकती हैं। जिस तरह से जेएनयू में भारत विरोधी नारेबाजी के समर्थन में कांग्रेस खड़ी हुई थी, वह कांग्रेस का मूल चरित्र तो नहीं है? उस समय भी आम लोग हैरान रह गए थे। तब भी सबने यही प्रश्न पूछा था कि आखिर कांग्रेस में निर्णय कौन ले रहा है और उसके सलाहकार कौन लोग हैं? पिछले कुछ दिनों से सनातन का खुलकर विरोध किया जा रहा है, उसे जड़-मूल से नष्ट करने के आह्वान हो रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के नेता चुप हैं। अपितु सनातन को नष्ट करने की मानसिकता रखनेवाली ताकतों के साथ कांग्रेस ने गठबंधन किया हुआ है। यह जो अर्बन नक्सल विचार है, वह भी सनातन का विरोधी है। वहीं, अन्य विषयों पर कांग्रेस के लोग मुखर हो जाते हैं, जबकि सनातन के मामले में चुप हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की स्थिति पर भी ठीक ही कहा। कांग्रेस को जब से नये सलाहकार मिले हैं, तब से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को पीछे कर दिया गया है। कांग्रेस के गंभीर एवं सुलझे हुए नेता नेपथ्य में दिखायी पड़ रहे हैं। कहना होगा कि कांग्रेस की वर्तमान दुरावस्था के लिए कहीं न कहीं वह स्थिति जिम्मेदार है, जिसकी ओर प्रधानमंत्री मोदी ने संकेत किया है। परंतु समस्या यह है कि कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस सच को स्वीकार करने को तैयार नहीं है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 10 लाख भाजपा कार्यकर्ताओं के महाकुंभ को संबोधित करते हुए कहा- "कांग्रेस अब नेता नहीं चला रहे हैं, कांग्रेस अब ऐसी कंपनी बन गई है जो नारों से लेकर नीतियां तक आउटसोर्स कर रही है। यह ठेका अर्बन नक्सलियों के पास है, इसलिए कांग्रेस जमीन पर भी खोखली हो रही है, कार्यकर्ता निराश हो रहे हैं"। प्रधानमंत्री मोदी के इस बयान में कितनी सत्यता है, इस बात का सबूत उन सब एक्टिविस्टों एवं आंदोलनजीवियों ने दे दिया, जिनकी सहानुभूति नक्सलियों, माओवादियों एवं इस्लामिक कट् टरपंथी समूहों के प्रति रहती है। कांग्रेस के नेताओं से अधिक यह सवाल ऐसे ही एक्टिविस्टों की ओर से पूछा जा रहा है कि 'अर्बन नक्सल' कौन हैं? कुछ कम्युनिस्ट बुद्धिजीवी तो आगे बढ़कर 'अर्बन नक्सल' की महानतम परिभाषाएं गढ़ रहे हैं। यानी एक तरह से ये सब 'अर्बन नक्सल' को परिभाषित करते हुए बताना चाह रहे हैं कि जो लोकतंत्र और संविधान के समर्थक हैं और सांप्रदायिकता के विरोधी हैं, वे अर्बन नक्सल हैं। 'अर्बन नक्सल' किसे कहा जाता है, यह देश का सामान्य नागरिक भी जानता है इसके बाद भी कांग्रेस के समर्थक बुद्धिजीवी एक भिन्न प्रकार की परिभाषा, कहना होगा कि सर्वथा विपरीत अर्थ बतानेवाली परिभाषाएं अर्बन नक्सल के लिए कर रहे हैं। लोकतंत्र, संविधान एवं सामाजिक समरसता को दीमक की तरह खोखला करने में लगी ताकतों को अर्बन नक्सल कहा गया है। जिन्होंने भारत के टुकड़े-टुकड़े करने के उद्देश्य से बुद्धि को बंदूक बना लिया है, उन्हें अर्बन नक्सल गया है। फिल्मकार विवेक रंजन अग्निहोत्री की बहुचर्चित पुस्तक 'अर्बन नक्सल' में इस संबंध में विस्तार से चर्चा आती है। बहरहाल, प्रधानमंत्री मोदी ने जो कहा है, उसकी सत्यता कांग्रेस की नीतियों एवं आचरण से भी झलकती हैं।

## कुछ अलग

# क्या है राहुल की मंशा

**इसी** साल होने वाले चार राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दिलचस्प आकलन सामने आया है। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान रविवार को बताया कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में उनकी पार्टी निश्चित रूप से जीतेगी, तेलंगाना में वह संभवतः जीतेगी। राजस्थान के बारे में उन्होंने कहा कि वहां मुकाबला कांटे का है और उन्हें लगता है कि पार्टी वहां भी जीत हासिल करने में सफल हो जाएगी। उनके इस बयान को दो तरह से समझा जा सकता है। एक तरह से देखा जाए तो उन्होंने चारों राज्यों में पार्टी की जीत की उम्मीद जताई है, लेकिन दूसरी तरह से देखें तो अपने इस बयान के जरिए उन्होंने राजस्थान में जीत के पार्टी के दावे को कमजोर करार दिया। हालांकि तेलंगाना के मामले में भी उन्होंने जीत की संभावना ही जताई, लेकिन राजस्थान खास तौर पर अहम इसलिए है कि वहां वर्तमान में कांग्रेस की ही सरकार है और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के तमाम नेता दावा कर रहे हैं कि पार्टी अपनी सत्ता बचाने में कामयाब हो जाएगी। राहुल गांधी का यह आकलन इसलिए भी ध्यान खींचता है कि राजनीति में हार तय नजर आने की स्थिति में भी चुनाव नतीजे आने से पहले तक जीत के प्रबल दावे करने का ही चलन देखा गया है। खासकर बीजेपी के पिछले कुछ चुनाव अभियानों पर नजर डालें तो वहां अक्सर सीटों की असंभव लगने वाली संख्या के साथ जीत के दावे किए जाते रहे। कुछ मामलों में ये दावे कामयाब रहे तो कुछ में परिणाम उलटे साबित हुए, लेकिन यह चलन नहीं टूटा। ऐसे में विरोधी राहुल गांधी के इस बयान को कांग्रेस नेतृत्व का अभी से हार स्वीकार लेने का सबूत बता सकते हैं। हो सकता है कुछ धड़ों में इसे कांग्रेस की राजस्थान इकाई में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को कमजोर करने की मंशा से प्रेरित भी बताया जाए। लेकिन राहुल समर्थकों की ओर से इसे उनकी साफ-सुथरी राजनीतिक शैली का प्रमाण भी बताया जा सकता है। कहा जा सकता है कि उन्हें थोथे दावों पर आधारित राजनीति से परहेज है और वह नहीं चाहते मतदाताओं के सामने झूठी तस्वीर पेश करके उनके वोटिंग बिहेवियर को गलत ढंग से प्रभावित किया जाए। बहरहाल, इस बयान के पीछे असल मकसद क्या है और उसे हासिल करने में किस हद तक कामयाबी मिलेगी, यह अभी भविष्य के गर्भ में है। आगे चलकर इसे एक अच्छे, प्रेरक बयान के उदाहरण के रूप में याद किया जाता है या हारी हुई लड़ाई लड़ रहे एक नेता की अप्रत्यक्ष स्वीकारोक्ति के रूप में, यह काफी कुछ आने वाले चुनावों के नतीजों पर भी निर्भर करेगा।

### घरेलू बचत, महंगाई, बढ़ता व्यक्तिगत कर्ज, बढ़ते व्यक्तिगत खर्चे आदि को लेकर निम्न एवं मध्यम वर्ग परेशान है

# गिरती घरेलू बचत एवं बढ़ती महंगाई से त्रस्त अर्थव्यवस्था

ललित गर्ग

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2022-23 में पांच दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गई। 18 सितंबर को जारी इन आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी कम रही है। 2021-22 में देश की शुद्ध घरेलू बचत जीडीपी के 7.2 फीसदी पर थी जो इस साल और घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 दशक के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आ गई है।

**आगामी** लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के मध्यनजर महंगाई का लगातार बढ़ते रहना चिंता का विषय है। घरेलू बचत, महंगाई, बढ़ता व्यक्तिगत कर्ज, बढ़ते व्यक्तिगत खर्चे आदि को लेकर निम्न एवं मध्यम वर्ग परेशान है। इस परेशानी के समाधान की बजाय सत्ता एवं विपक्ष दल एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी ताजा मासिक बुलेटिन में माना है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। आरबीआई द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की घरेलू बचत दर वित्त वर्ष 2022-23 में पांच दशकों के निचले स्तर पर पहुंच गई। 18 सितंबर को जारी इन आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में देश की शुद्ध घरेलू बचत पिछले साल की तुलना में 19 फीसदी कम रही है। 2021-22 में देश की शुद्ध घरेलू बचत जीडीपी के 7.2 फीसदी पर थी जो इस साल और घटकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 5 दशक के निचले स्तर 5.1 प्रतिशत पर आ गई है। अनेक मोर्चों पर भारत की तस्वीर आशा का संचार कर रही है, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर चिन्ता का सबब लगातार बना हुआ है, हालांकि समूची दुनिया में आर्थिक असंतुलन बना हुआ है, भारत ने फिर भी खुद को काफी संभाले हुए हैं। किसी देश की अर्थव्यवस्था इस पैमाने पर भी आंकी जाती है कि उसकी घरेलू बचत, प्रति व्यक्ति आय और क्रयशक्ति की स्थिति क्या है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले वित्त वर्ष में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत में करीब पचपन फीसद की गिरावट आई और यह सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 फीसद पर पहुंच गई। वित्त मंत्रालय ने घरेलू बचत में गिरावट पर सफाई देते हुए कहा है कि लोग अब आवास और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियों में अधिक निवेश कर रहे है। इसका असर घरेलू बचत पर पड़ा है। मंत्रालय ने भरोसा दिलाया है कि संकट जैसी कोई बात नहीं है। सरकार ने यह भी कहा है कि पिछले दो साल में परिवारों को दिए गए खुदरा ऋण का 55 फीसद आवास, शिक्षा और वाहन पर खर्च किया गया है। परिवारों के स्तर पर वित्त वर्ष 2020-21 में 22.8 लाख करोड़ की शुद्ध संपत्ति जोड़ी गई थी। 2021-22 में लगभग सत्रह लाख करोड़ और वित्तवर्ष 2022-23 में 13.8 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बढ़ी हैं। इसका मतलब है कि लोगों ने एक साल पहले और उससे पहले के साल की तुलना में इस साल कम वित्तीय संपत्तियां जोड़ी हैं। सरकार के अनुसार ऐसा इसलिए हुआ,



क्योंकि वे अब कर्ज लेकर घर और वाहन जैसी भौतिक संपत्तियां खरीद रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक पिछले दो साल में आवास और वाहन ऋण में दोहरे अंक में वृद्धि हुई है। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि महामारी के बाद से लोग काफी सचेत हुए हैं। वे जोखिम वाले निवेश से बच रहे हैं। दूसरी बात बचत खातों पर ब्याज पर दर बहुत आकर्षक नहीं हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित बी-20 बैठक में बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा भी कि ब्याज दरें बढ़ाकर महंगाई नियंत्रित करने की कीमत आर्थिक विकास को चुकानी भारी पड़ सकती है। सरकार चाहे जो तर्क दे पर घरेलू बचत गिरना कोई शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता। घरेलू बचत सामान्य सरकारी वित्त और गैर-वित्तीय कंपनियों के लिए कोष जुटाने का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रभावी जरिया होती है। देश की कुल बचत में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाली बचत का लगातार गिरना निम्न और मध्यमवर्ग ही नहीं, पूरी अर्थव्यवस्था के लिए चिंता की बात है। लगातार महंगाई का बढ़ना भी न केवल आमजन के लिये बल्कि सरकार के लिये चिन्ता का कारण है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के अनुमानों से पता चलता है कि जुलाई (7.4 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त में यह घटकर 6.8 फीसदी हो गई है। यहां तक कि खाद्य वस्तुओं की महंगाई भी जुलाई के उच्चतम स्तर पर 11.5 फीसदी से घटकर अगस्त में 9.94 प्रतिशत हो गई। इन संकेतों से भले ही राहत की सांसें मिली हो, बावजूद इसके यह अब भी ज्यादा है। यह गिरावट मुख्यतः सब्जियों की कीमतों में कमी के कारण आई है, जो जुलाई की 37.4 फीसदी की तुलना में अगस्त में 26.1 प्रतिशत थी। हालांकि अनाज और दालों में महंगाई दोहरे अंकों में बनी हुई है, जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के मद्देनजर गिरावट की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही। आरबीआई ने स्वीकारा है कि खाद्य मुद्रास्फीति को काबू करना कठिन साबित हो रहा है। मगर अधिकारियों को महंगाई कम करने का महत्वपूर्ण काम सौंपा गया है। स्पष्ट है कि दबाव और प्रतिबंधों के माध्यम से महंगाई को काबू में करने के प्रयास काफी हद तक नाकाम रहे हैं। घरेलू आपूर्ति में कमी के कारण कई खाद्य वस्तुओं, विशेषकर अनाज व दालों में महंगाई रूकने का नाम नहीं ले रही है। गेहूं का उत्पादन गरमी और बेमौसम बारिश के कारण प्रभावित है। यही कारण है कि मई 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया गया। चावल के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ है। दालों का भी यही हाल है।

महंगाई अक्सर सत्तापक्ष के लिये राजनीतिक चुनौती बनती रही है, चुनावों में हार-जीत को बहुत गहराई से प्रभावित करने में महंगाई आधार बनती रही है। महंगाई कम करने के लिए हमें वैकल्पिक रास्ते तलाशने होंगे, जो आर्थिक विकास या किसानों के हितों को प्रभावित किए बिना उपभोक्ताओं की रक्षा करें। विकृत एवं असंतुलित बाजार व्यवस्था ने भी अनेक आर्थिक विसंगतियों को जन्म दिया है। एक आदर्श व्यवस्था का चिन्तन ही वर्तमान की आर्थिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। वर्तमान सरकार ने गरीबी दूर करने में सफलता पाई है, लेकिन उसकी सोच अमीरी बढ़ाने की भी रही है। छोटे उद्योग, सबके पास अपना काम, हर व्यक्ति के लिये रोजगार की सुनिश्चितता, कोई भी इतना बड़ा न हो कि जब चाहे अपने से निर्बल को दबा सके। एक आदमी के शक्तिशाली होने का मतलब है, कमजोरों पर निरन्तर मंडराता खतरा। एक संतुलन बने। सबसे बड़ी बात है मानवीय अस्तित्व और मानवीय स्वतंत्रता की। इस पर आंच न आये और आवश्यकताओं की पूर्ति भी हो जाये, ऐसी अर्थव्यवस्था की आज परिकल्पना आवश्यक है। तभी बढ़ती महंगाई, आय असंतुलन एवं घटती बचत पर काबू पाया जा सकता है। आय असमानता, महंगाई, बेरोजगारी एक कल्याणकारी राज्य की सबसे बड़ी विडंबना है। यह जब गंभीर रूप से उच्चतम स्तर पर पहुंच जाती है तो उदार आर्थिक सुधारों के लिए सार्वजनिक समर्थन कम हो जाता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत में नव उदारवादी नीतियों से आर्थिक वृद्धि दर को जरूर पंख लगे हैं, लेकिन इससे अमीरों की जितनी अमीरी बढ़ी है, उस दर से गरीबों की गरीबी दूर नहीं हुई है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र में 16 दिवसीय राजभाषा पखवाड़ा का हुआ समापन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र मुख्यालय के आशियाना क्लब के प्रांगण में शुक्रवार को बीते 14 से 29 सितंबर 16 दिवसीय राजभाषा पखवाड़ा का समापन हुआ। अवसर पर अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न कोलयरियो कामगारो व एसवीएम सिरका, डीएवी गिद्दी ए स्कूली छात्र 25 को प्रमाण पत्र व उपहार देकर पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे, एसओपी मोहम्मद एम.एफ. हक, पर्सनल मैनेजर निखिल श्रीवास्तव के उपस्थित में विजेताओं को दिया गया। सबो से महाप्रबंधक सुधांशु कुमार पांडे ने कहा कि अपने भाषा और संस्कृति की प्रति जागरूकता आवश्यक हैं। इस प्रकार के प्रतियोगिता से अपने अंदर छिपी प्रतिभा सामने आती हैं। प्रतियोगिता के लघु निबंध में प्रथम संजय कुमार शर्मा गिददी सी, द्वितीय प्रशांत बेलथरिया सिरका, तृतीय विजय कुमार पासवान गिददी ए, कंसोलेशन मौसमी देवी गिद्दी सी, रेखा राय जीएम यूनिट, रिंकी गिददी सी रही। टिप्पणी लेखन में प्रथम विजय कुमार पासवान गिददी ए, द्वितीय सरफराज अहमद सिरका, तृतीय रेखा राय जीएम यूनिट, कंसोलेशन सुनील कुमार सिन्हा गिददी वाशरी, बिनय प्रकाश गिददी वाशरी, अरविंद कुमार उपाध्याय गिददी ए रहे। हिंदी प्रश्नोत्तरी में प्रथम प्रियंका पांडे 11 ए डीएवी, द्वितीय देबोजित दत्ता 10वीं ए डीएवी, द्वितीय जिया अंबर दसवीं डीएवी, द्वितीय शुभम कुमार दसवीं बी डीएवी, कैंसिलेशन में प्रज्ञा रानी 11वीं डीएवी, श्रुति कुमारी नवमीं एसवीएम सिरका, अनन्या नवमीं एसवीएम रही।

## गिद्दी डीएवी के विद्यार्थियों द्वारा प्रभातफेरी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिददी :** डीएवी गिद्दी ए मे भारत सरकार के कोल मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के निर्देशन में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत वर्ग पांचवीं से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थियों के द्वारा समाज में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रभातफेरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रभातफेरी डीएवी विद्यालय के प्रांगण से शुरू होकर पत्रकार चौक , हॉस्पिटल चौक होते हुए दुर्गामंडप में जाकर संपन्न हुआ। आजादी के अमृतकाल के तहत मनाए जाने वाले इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस दौरान बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को ये संदेश दिए कि सभ्य समाज में स्वच्छता बेहद आवश्यक है क्योंकि कूड़े कचड़े हीं कई तरह के किटाणुओ का आश्रयस्थली होता है।इसके अलावे बच्चों ने कई मनमोहक पोस्टर बनाए जिसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस दौरान उपस्थित जनमानस ने समस्त आयोजन को सराहा तथा विद्यालय प्रबंधन को इस बेहतरीन प्रयास के लिए धन्यवाद दिए।

## सीसीएल की अमृत कलश यात्रा कउवाबेड़ा में गई निकाली



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के द्वारा शुक्रवार को सिरका वार्ड 17 के कउवाबेड़ा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गई। बताया गया कि यह कार्यक्रम सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र जीएम सुधांशु कुमार पांडे के निर्देशन में हुआ। जबकि अमला अधिकारी मोहम्मद एम. एफ. हक, नोडल अधिकारी अरगड्डा क्षेत्र के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। मौके पर कई कर्मचारी, समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## घाटो ओपी प्रभारी पर यदि कोई कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिस जुल्म के खिलाफ घाटों में एक बड़ी सभा होगी : भाकपा





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** ज्ञात हो कि 2 सितंबर 2023 को घाटो ओपी प्रभारी द्वारा भाकपा माले रामगढ़ जिला कमेटी सदस्य जयवीर हंसदा के साथ अकारण गली-ग्लोज एवं मारपीट कर हाजत में बंद कर दिया गया था, जिसके विरुद्ध में हरिजन/आदिवासी अत्याचार अधिनियम 1989 के तहत एसटी थाना रामगढ़ में एक आवेदन दी गई थी और इसकी कॉपी पुलिस अधीक्षक रामगढ़ एवं डीआईजी को भी दिया गया था और भाकपा-माले ने मांग की थी कि घाटो ओपी प्रभारी के ऊपर तत्काल कारवाई की जाए और दूसरी तरफ पुलिस जुल्म के विरुद्ध में एक धारावाहिक आंदोलन चलाया जा रहा था। इसी क्रम में भाकपा माले के एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को एक लिखित आवेदन देते हुए वार्त्तालाप के माध्यम से उचित कार्रवाई करने की मांग की गई थी। इसकी जांच के लिए मांडू इंस्पेक्टर सुरेश लिंडा को प्राधिकार नियुक्त किया गया था। पुलिस इंस्पेक्टर ने नेताओं से कहा कि इसकी त्वरित जांच कर उचित कार्रवाई हेतु अग्रसारित करने की आश्वासन के साथ घाटो में आयोजित 19 सितंबर के जनसुनवाई की कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए स्थागित किया गया था।

## रामगढ़ जिला से सैकड़ों पदाधिकारी आजसू पार्टी के महाधिवेशन में शामिल होने के लिए हुए रवाना



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी केंद्रीय समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ता नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो के नेतृत्व में रांची के लिए रवाना हुए।मौके पर मनोज़ कुमार महतो ने बताया कि रामगढ़ जिला से महाधिवेशन के प्रथम दिन आजसू पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारी शामिल होकर पार्टी की नीति एवं सिद्धान्त के बारे में विस्तृत जानकारी लेंगे एवं राज्य के विभिन्न विषयों पर विचार का आदान प्रदान करेंगे।उन्होंने बताया कि महाधिवेशन के अंतिम दिन रामगढ़ जिला से हज़ारों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होकर अधिवेशन को सफल बनाने में गवाह बनेंगे।रवाना होने वालों में मुख्य रूप से आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,आदि थे।

## धनबाद से भुरकुंडा आ रही कार हुई दुर्घटना ग्रस्त, कोई हताहत नहीं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा थाना क्षेत्र में इन दिनों रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है मामला शुक्रवार शाम भुरकुंडा के रीवर साइड गिद्दी मोड़ के पास एक हुंडई आई-20 कार जेएच 10 एयु 0814 भुरकुंडा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही थी। जो रीवर साइड के एक घर की दीवार से टकरा कर कार सड़क पर आ गई। वहीं ग्रामीणो ने बताया कि कार अत्यधिक तेज रफ्तार से आ रही थी। वहीं कार में ड्राइवर व ओनर सुरेश अग्रवाल, दिव्यांश, अनीश ये तीनों लोग मौजूद थे। हालांकि इस दुर्घटना में कार के एयर बैग खुलने से तीनों लोग की जान बच गई। वहीं इस दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।वहीं भुरकुंडा पुलिस को स्थानीय लोगों ने सूचना दी जिसमें भुरकुंडा ओपी के सामंत दास अपने दल बल के साथ घटना स्थल का मुआयना कर,कार को टोचन कर थाना लेआई।

## श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल के छात्रों ने खेलो झारखंड में किया बेहतर प्रदर्शन

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्रमिक हाई स्कूल प्लस टू हाई स्कूल के छात्रों ने खेलो झारखंड प्रतियोगिता में वांलीबाल एवं कराटे में बेहतर प्रदर्शन किया। इसमें वॉलीबॉल की अंडर-19 टीम बालक वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। जबकि स्कूल से सात छात्रों ने कराटे में भाग लिया। इसमें रांची खेलगांव में आयोजित प्रतियोगिता में अंडर- 17(58 केजी) में तुषार कुमार ने गोल्ड मेडल, जबकि अंडर 14(53 केजी) वर्ग में रिया कुमारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। दोनों छात्रों का चयन राज्य से राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ हैं। दोनों छात्र दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जबकि कराटे में सिल्वर मेडल अल्फिया खातून व असीमा कुमारी को भी प्राप्त हुआ। इससे विद्यालय परिवार के छात्रों, शिक्षकों में खुशी व्याप्त हैं। सभी ने छात्रो को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मौके पर शारीरिक शिक्षक शशि सुमन, प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे समेत कई शिक्षकगण उपस्थित थे।



## हेमतपुर के पास हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत, पुलिस ने शव को कब्जे में लिया

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला थाना क्षेत्र के रामगढ़/बोकारो मार्ग पर स्थित हेमतपुर के पास गुरुवार देर रात न407 वाहन के चपेट में आने पर बाईक सवार एक युवक की मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। मृतक की पहचान रतवे(कर्मा) निवासी पटेल महतो(27 वर्ष) के रुप में हुई। घटना के पश्चात गोला पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार पटेल महतो अपने ससुराल बरवाडीह से अपने बेटे के लिए साइकिल लेने गोला आए हुए थे तथा साइकिल खरीदकर लौटने के क्रम में हेमतपुर के पास बोकारो की ओर से आ रही तेज गति की 407 वाहन( जेएच 02 एयू- 1896) ने उसे अपने चपेट में ले लिया परिणाम स्वरूप मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक पटेल महतो प्रवासी मजदूर के बतौर किसी दूसरे प्रदेश में कार्य करता था तथा करमा पर्व पर अपने ससुराल आया हुआ था। मृतक अपने घर का एकलौता कमाउ व्यक्ति था। परिजनों के दुख की परिकल्पना नहीं की जा सकती। पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है।



## उरीमारी बिरसा परियोजना में एल एंड टी 300 मशीन का उद्घाटन महाप्रबंधक ने किया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ जिले के सीमावर्ती क्षेत्र उरीमारी स्थित बिरसा परियोजना के पीट टावर समीप आज नई एल एंड टी-300 मशीन का उद्घाटन सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने नारियल फोड़ कर किया। वही महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा नई मशीन मिलने से परियोजना के काम मे तेजी आएगी।वही इस इलेक्टिकल हाइड्रोलिक सावल की एक बार मे चार क्युबिक मीटर कोडने की छमता है।वही इसकी किमत लगभग तीन करोड रूपए है। इस दौरान बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास ने नई एल एंड टी मशीन को चलाकर शुभारंभ किया वही मौके पर उरिमारी परियोजना पदाधिकारी दिलिप कुमार, बिरसा परियोजना मैनेजर रामेश्वर मुंडा,सयाल मैनेजर अरशद खान,कुमार रामभजन,भक्ताराम सरदार विजय कच्छप,राकेश कुमार ,शहनवाज खान,आदिवासी छात्र संघ के नेता दशई मांझी, कार्तिक मांझी,ग्रामीण एव ट्रेड यूनियन के नेता मौजूद थे।



## दस दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव शांतिपूर्वक हुआ संपन्न

# गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरया के जयघोष से पूरा प्रखंड क्षेत्र हुआ भक्तिमय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा के सुप्रसिद्ध चुन्द्रु धाम (सूर्य मंदिर) परिसर में 19 सितंबर से आयोजित दस दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव का विधिवत व शांतिपूर्ण तरीके से हुआ समापन। आयोजित इस दस दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव में प्रखंड क्षेत्र के अलावे पूरे चतरा जिला, हजारीबाग जिला व लातेहार जिला से भी श्रद्धालुओं का महाजुटान होता रहा। इस महोत्सव में प्रत्येक दिन बनारस से आई श्री राम कथा वाचक राघव प्रिया ओझा के द्वारा श्री राम कथा का प्रवचन किया गया। उसके उपरांत भक्ति जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन होता रहा। इस महोत्सव में मीना बाजार, डिज्नीलैंड, ब्रेक डांस, मौत का कुआं, ड्रैगन ट्रेन, झूला, मिक्की माउस,इत्यादि कई प्रकार के मनोरंजन



के साधनों का आयोजन हुआ। साथ ही साथ मेले में तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल भी लगे हुए थे, एवं कई प्रकार के दुकान भी लगा हुआ था। महोत्सव की समाप्ति की संध्या में उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता सह चतरा लोकसभा के भावी प्रत्याशी सत्येंन श्रीवास्तव के सौजन्य से भोजपुरी के सुप्रसिद्ध लोक गायिका नेहा राज एवं उनके ग्रुप के द्वारा भक्ति जागरण का आयोजन किया गया था। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिला परिषद् के उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी, चतरा लोक सभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सत्येन श्रीवास्तव, जिला परिषद् सदस्या देवंती देवी, हजारीबाग जिला मुखिया संघ के सचिव महेश प्रसाद साहू उपस्थित थे। श्री गणेश महोत्सव समिति के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस महोत्सव का समापन शुक्रवार को भगवान गणेश जी की प्रतिमा का पूरे टंडवा नगर भ्रमण के दौरान विधिवत विसर्जन किया गया। आयोजित इस दस दिवसीय विशाल श्री गणेश पूजा महोत्सव का सफलतापूर्वक समापन कराने में टंडवा थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह एवं पूरे थाना पुलिस बल सहित चतरा जिला के पुलिस प्रशासन का अहम योगदान रहा। साथ ही साथ पूजा समिति के अध्यक्ष जागेश्वर दास, सचिव,रामदेव पासवान, कोषाध्यक्ष कुंदन पासवान, नत्थू गुप्ता, नंदा थापा, अनिल कुमार दास, संतोष दास, उपेंद्र पांडे, कृष्णा गुप्ता, सरोज गुप्ता, मनोज गुप्ता सहित कई गणमन लोगों का पूरे महोत्सव को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसको लेकर पूरे क्षेत्र के वासियों ने इन्हे हार्दिक बधाई दी है।

# साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका में शुक्रवार को आयुष्मान भव- कार्यक्रम के अंतर्गत साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें आयुष्मान भव- के तहत विभिन्न स्टॉल लगाए गए जिसके अंतर्गत दूर दराज क्षेत्र से आए ग्रामीण मरीजो कि साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला में विभिन्न प्रकार के जांच एवं उपचार के लिए स्टॉल लगाए गए थे विभिन्न स्टॉल में परिवार नियोजन परामर्श मलेरिया जांच फाइलेरिया जांच टीवी जांच नेत्र जांच आदि की स्टॉल में जांच कर उपचार किया गया आयुष्मान भव- कार्यक्रम में आठ स्वास्थ्य कर्मियों ने रक्तदान भी किया रक्तदान करने हेतु आमजनों को प्रेरित भी किया इस मौके पर मनिका स्वस्थ केंद प्रभारी डॉक्टर गरिमा प्रकाश डॉक्टर सरवन महतो डॉक्टर अंजना रंजनी अनुज मंदीरवार राहुल कुमार सुरेंद्र कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल से गिरकर तीन घायल

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर जिलंगा ग्राम के पास शुक्रवार को बोलेरो के चकमा देने के कारण मोटरसाइकिल से गिरकर तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए । घायलों में प्रियंका कुमारी 18 वर्ष पिता बिजेंदर राम, मालती देवी 36 वर्ष पति बिजेंदर राम, राहुल कुमार 23 वर्ष पिता सूरज साव सभी ग्राम मुरपा थाना बालूमाथ निवासी शामिल है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए राहुल कुमार ने बताया हमलोग मोटरसाइकिल से बालूमाथ आ रहे थे ।इसी दौरान जिलंगा ग्राम के पास कुत्ता को बचाने के क्रम में आगे जा रही बोलेरो ने चकमा दे दिया। जिससे हमलोग बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहाँ से गुजर रहे चतरा निवासी मो0अफरोज कुमार और मो0इम्तियाज ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल मालती देवी को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## खेलो झारखंड के तहत बच्चों को शिक्षा विभाग ने उपलब्ध कराया वाहन, अपने खर्चे में गए बच्चे

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ शिक्षा विभाग द्वारा खेलो झारखंड के सफल संचालन महज खानापूर्ति बनकर रह गया है। शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड के सभी खेल में टॉपर छात्र-छात्राओं को जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम में शामिल होना था इसके लिए सरकार द्वारा एक लाख की राशि उपलब्ध भी करा दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इसमें से आयोजक निरंजन कुमार सिंह (बीआरपी) 95,000 की राशि निकाल ली है। उसके बावजूद चयनित बच्चों को लातेहार मुख्यालय ले जाने के लिए बस की व्यवस्था नही किया। और पैसे को बंदरबाट करने की नीयत से सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को अपने खर्च से लातेहार बच्चों को ले जाने का मौखिक निर्देश दे दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की वार्डन शिखा कुमारी ने कहा कि हमारे विद्यालय से 15 बच्चियों लातेहार गई है इसे भेजने के लिए मैं स्वयं अपने खर्चे से सवारी वाहन कर लातेहार भेजी हूँ। वहीं इस तरह कई विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि हम लोग अपने खर्चे से बच्चों को लातेहार भेजा हूं ।शिक्षकों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष होने वाले खेलो झारखंड में लातेहार ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था विभाग करती थी ।लेकिन जब से निरंजन कुमार सिंह इस कार्यक्रम का आयोजक बने है तब से सिर्फ यह खानापूर्ति बनकर रह गया है ।इस संबंध में बालूमाथ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रेमलता कुमारी से पूछे ने कहा कि आयोजक निरंजन कुमार सिंह को बनाया गया है किस परिस्थिति में वाहन नहीं व्यवस्था किया गया है इसे मैं देख लेती हूँ।

## हंटरगंज के मीरपुर पंचायत में जल नल योजना में घोर अनियमितता : मुखिया चंदा देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखंड के मीरपुर पंचायत के मुखिया चंदा देवी ने नल जल योजना में घोर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य सचिव झारखंड सरकार को एक पत्र प्रेषित कर कार्रवाई करने का आग्रह की है। गाँव में अपना राज जैसे सलोगन व्यर्थ साबित हो रहा है।इस संबंध में पत्र के माध्यम से कहा गया है कि ग्राम पंचायत मीरपुर में चल रहे नल जल योजना में संवेदक के द्वारा घोर अनिमियतता बरती जा रही है।फाउंडेशन में सिमेंट का प्रयोग बहुत कम किया जा रहा है।टोला बंध क्रमवार बोर संवेदक के द्वारा नहीं किया जा रहा है। फाउंडेशन की खुदाई माप दण्ड के अनुसार नहीं किया जा रहा है।जिस से सरकार की यह महत्त्वाकांक्षी



योजना विफल हो रहा है। रॉड का प्रयोग कम किया जाना भविष्य में खतरा को दर्शाता है।इसकी जानकारी विभाग को देने के बाद JE एवं TPI के द्वारा जाँच किया गया जांचोपरांत छ्व्श्र के द्वारा कहा गया है कि काम में अनिमियतता बरती गई है। संवेदक के ऊपर कार्यवाई किया जायेगा एवं सभी बनाये गए फाउंडेशन को तोड़वाकर फिर से बनाने का आदेश दिया जायेगा । लेकिन अब तक इस पर कोई कार्यवाई नहीं किया गया है। उक्त लिखित बिंदुओं की गहराई से जाँच करते हुए पंचायती राज व्यस्था को चुस्त दुरुस्त किया जाए ताकि पंचायत का विकास सही ढंग से हो सके।

## प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में बीआरपी-सीआरपी की बैठक बीआरपी की अध्यक्षता में संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केन्द्र अधौरा में शुक्रवार को बीआरपी-सीआरपी की बैठक बीआरपी श्रीकांत चौबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीआरपी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में बीआरपी ने कहा कि दो दिनों के अंदर सभी प्रधानाध्यापक स्टूडेंट्स प्रोग्रेशन का काम पूरा कर लें साथ ही साथ अपना टीचर प्रोफाइल भी अपडेट कर लें। श्री चौबे ने कहा कि जो विद्यालय अभी तक एस पी डी कम्पलीट नहीं किये हैं वो एम आई एस कोडिनेटर से संपर्क स्थापित कर अपना कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि ई विद्या वाहिनी में शत प्रतिशत टीचर व स्टूडेंट्स का उपस्तिथि दर्ज नहीं हो रहा जो चितांजनक हैं। सभी प्रधानाध्यापक यह सुनिश्चित करें



कि स्टूडेंट्स व शिक्षक की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज हो। उन्होंने कहा कि प्रधानाध्यापक को बार बार निर्देश देने के बाबजूद बच्चों का खाता खुलवाने की प्रक्रिया में कोई अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है, इसलिए सभी प्रधानाध्यापक अपने नजदी की पोस्ट ऑफिस से सम्पर्क करते हुए शत प्रतिशत खाता खोलवाने की प्रक्रिया पूर्ण करें। श्री चौबे ने कहा कि ई-विद्या वाहिनी एप में किताब का डिस्ट्रीब्यूशन सम्बंधित रिपोर्ट भर देंगे.उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा जो भी आदेश दिया जाता है उसका अनुपालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करें. बैठक में सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, अजय कुमार, शोभा पांडेय, शक्तिदास सिन्हा, बीरेंद्र प्रजापति रिसोर्स शिक्षक शशिकांत पाल, बीआरपी प्रकाश कुमार सिंह तथा कंप्यूटर कोडिनेटर मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत रूद ग्राम में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई जब की तीन बच्चे घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक अमर भुईयां पिता सोमर भुईयां, सुलेखा कुमारी पिता विष्णू भुईयां, सरस्वती कुमारी पिता अंतू भुईयां सभी ग्राम रूद वही चाया बोधाडीह थाना कुंदा चतरा निवासी संतोष भुईयां की दस वर्ष पुत्र श्रवण भुइंया सभी चारो बकरी चराने गए थे, आचनक मौसम का मिजाज बदल गई और बारिश होने लगी, बारिश से बचने के लिए पेड़ के पास चारो बच्चे चले गए पेड़ के पास बचने के क्रम में आचनक बज्रपात हो गई, जिससे चारो बच्चे घायल हो गए, जिसमे ग्राम चाया बोधाडीह थाना कुंदा जिला चतरा निवासी श्रवण भुईयां उम्र 10वर्ष की स्थित नाजुक बन गई, आनन फानन ग्रामीणों ने देशी उपचार के उद्देश्य से घायल श्रवण के शरीर पर गोबर का लेप लगाया लेकिन दम तोड़ दिया।आचनक इस तरह हुए हादसे के बाद परिजोने मे मातम पसार गया है।

## नहीं रहे बेतला के ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी

**बेतला (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेतला के ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी 50 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरुवार देर शाम हो गया है। इधर जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इनका इलाज चल रहा था। इनके पार्थिव शरीर को शुक्रवार जुम्मा बाद अंतिम दाह संस्कार बेतला के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। इधर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार इद्रीस ने अपने पीछे पत्नी, बुजुर्ग पिता और एक बेटे को इस दुनिया से छोड़ गया। इधर सुचना के बाद उनके पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे बेतला के सदर हसीब अंसारी, बेतला के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह ने अपने समर्थकों के साथ उनके घर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया साथ ही मुखिया प्रतिनिधि संजय सिंह ने कहां कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मुवाबजे दिलाने की प्रयास किया जायेगा।इधर घटना की सुचना पर विधायक रामचंद्र सिंह समेत पंचायत प्रतिनिधियों ने काफी गहरा दुःख व्यक्त किया है।

# शिक्षा के अधिकार को लेकर निकाली गई रैली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** प्रखंड क्षेत्र के हाई स्कूल के मैदान से दिन शुक्रवार को ग्राम स्वराज मजदूर संघ के तत्वाधान में शिक्षा का अधिकार को लेकर सैकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर लोगों ने रैली निकाली, रैली के माध्यम से पांच मूल हक प्रथम सभी स्कूलों में न्यूनतम दो शिक्षक और प्रत्येक 30 छात्रों पर एक शिक्षक होना चाहिए दूसरा प्रतिदिन न्यूनतम 4 घंटे शिक्षण कार्य हो तीसरा दोपहर के भोजन के लिए मेनू का पालन करें जिसमें दो अंडा प्रति बच्चा साप्ताहिक शामिल हो चौथे पीने का पानी कार्यात्मक शौचालय प्रति शिक्षक एक कक्षा खेल का मैदान पुस्तकालय चारदीवारी किचन सेट होनी चाहिए पांचवा सभी बच्चों के लिए निःशुल्क पाठ पुस्तक और गणवेश होनी चाहिए। रैली प्रखंड मुख्यालय मनिका पहुँच कर सभा में तब्दील हो गई सभा को संबोधन करते हुए लोगों ने प्रखंड के सरकारी स्कूलों के बारे में लोगो को अवगत कराया अभी भी कई स्कुल में एक टीचर है जिसके कारण बच्चों को शिक्षा सहि ढंग से नहीं मिल पा रही है एक शिक्षक तो मात्र मध्यान भोजन का रिपोर्ट और व्यवस्था करने में ही दिनभर समय बिता देते हैं। मौके पर जयद्रेज दिलीप रजक अजय यादव पचाठी सिंह समेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा सह विश्व हृदय दिवस पर निकाली गयी साईकल रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** समाहरणालय परिसर से आयुष्मान भवः सेवा पखवाड़ा और विश्व हृदय दिवस के तहत साईकल रैली का उपायुक्त हिमांशु मोहन, सिविल सर्जन अशोक कुमार, डीपीएम प्रवीन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली समाहरणालय परिसर से निकलकर मेन रोड होते हुए कारगिल पार्क पहुचकर पुनः वापस लातेहार खेल स्टेडियम पहुंचा। तत्पशात मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया तथा विजई प्रतिभागियों को सीएस के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर सिविल सर्जन अशोक कुमार, डीपीएम प्रवीन कुमार सिंह, एफएलसी परवेज अख्तर, डीटीसी नागेन्द्र कुमार, आशीष डीन, दानिश, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता दीपक महतो समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## दक्षिणी कोयल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का चतुर्थ वार्षिक आमसभा का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शुक्रवार को टाउन हॉल परिसर, लोहरदगा में दक्षिणी कोयल प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का चतुर्थ वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा, अनिता केरकेट्टा शामिल हुई। राज्य कार्यालय की तरफ से नीरज, गुरप्रित, दिवाकर, अरुण बोस सर, सिनर्जी से राकेश उपस्थित हुए। DPM मैडम अनिता केरकेट्टा के द्वारा कंपनी की रूपरेखा और उसके कार्यो और उद्देश्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। उन्होंने शेयर होल्डर को कहा कि आप लोग कम्पनी के माध्यम से जितना व्यापार करेंगे उतना ही मुनाफा आपका बढ़ेगा, इनपुट और आउटपुट व्यापार आप लोग अपनी कम्पनी के माध्यम से ही करे। जिप अध्यक्ष रीना कुमारी द्वारा FPO के शेयर होल्डर दीदियों का उत्साहवर्धन किया गया। उन्होंने बताया गया कि छ्स्स्क्र ग्रामीण महिलाओ को सशक्त करने का माध्यम है। आज ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं अपने घर से निकलकर अपने परिवार की आर्थिक जीवन में योगदान दे रही हैं, महिलाएं अपने बातों को सबके सामने रख पा रही हैं, बीते 4 वर्षों में आप सभी ने जो कार्य किया है वो सराहनीय रहा है। प्रमुख लोहरदगा ने बताया कि आज महिलाएं साप्ताह्य में छोटी छोटी बचत करके आज 7 करोड़ के व्यापार तक पहुँच चुकी है।

## भाजपा राष्ट्रीय सचिव से मिले प्रदेश कार्य समिति सदस्य लाडला खान, चतरा के समस्याओं पर हुई चर्चा



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य लाडला खान ने दिल्ली कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रीय सचिव अनिल कुमार अंटोनी से मुलाकात की। मुलाकात में उन्होंने चतरा में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। मुलाकात में चतरा के भाजपा संगठन को गांव-गांव तक सशक्त और सजग बनाए रखने पर चर्चा की। कार्य समिति सदस्य लाडला खान ने बताया कि राष्ट्रीय सचिव से बेहद आत्मीयता ढंग से मुलाकात हुई। उन्होंने अपने वक्तव्य से मुझे संगठन में निष्ठा भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सचिव से चतरा के खराब कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार सहित विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर बातचीत हुई। उन्होंने संगठन को सशक्त बनाने तथा इन समस्याओं पर आवाज बुलंद करने पर सहमति जताई।

## दो बकरा चोरी करते दो चोर गिरफ्तार, जेल

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत कई दिनों से बकरा चोरी को लेकर के ग्रामीणों ने खूब हल्ला कर रहे थे। सातीर चोरों ने साजिश कर गिद्धौर प्रखंड के कई गांव से बकरा चोरी कर इकट्ठा भी कर रहे थे। बता दें की बृहस्पतिवार को गिद्धौर गांव पंचायत निवासी अवध कुमार का पुत्र बिट्टू कुमार उम्र लगभग 21 वर्ष एवं निर्मल पांडेय का पुत्र सोनू पांडेय उम्र लगभग 22 वर्ष नें बकरा चोरी करने का अंजाम देने का मामला सामने आया। इन दोनों चोरों ने सिंदुरबे गांव से मंजू देवी पति किशन उरांव लावणी टांड़ में अपने बकरी को चल रही थी। इसी बीच इन दोनों चोरों ने वहां पहुंचकर इसी महिला से बकरा के बारे में जानकारी लिया। एवं घंटे इंतजार करने के बाद शाम 4:00 बजे मंजू देवी का बकरा जिसका कीमत 20000 लगाया जा रहा है। जिसको लेकर इन दोनों चोर ने गिद्धौर अपने घर ले आया। जब शाम को महिला अपने घर में बकरा को खोजने लगी और नहीं मिला तो सक के दायरे में आसपास के लोगों से इस घटना के बारे में बताइ। इसी आधार पर लोग दोनों चोरों के घर पहुंच गए। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों चोर को जमकर धुनाई किया। उधर महिला मंजू देवी के लिखित आवेदन के अनुसार गिद्धौर थाना कांड संख्या 68/23 के तहत धारा 379,411 भादवी में मामला दर्ज किया गया और दोनों युवकों को गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया गया है।

## बूथ सशक्तिकरण आभियान के तहत पिपरवार मंडल की हुई बैठक

# बस्ती सम्पर्क के दौरान केन्द्र सरकार की अनुसूचित समाज से संबंधित उपलब्धियों पर किया जाएगा संवाद : प्रभारी ईश्वर दयाल पांडेय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** भाजपा का बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत चतरा जिला के पिपरवार मंडल में कल्याणपुर सरना क्लब हॉल में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप में मंडल प्रवासी प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे उपस्थित हुए। बैठक में बूथ,शक्तिकेंद्र एव मंडल की मैपिंग पूर्ण करते हुए मंडल पदाधिकारी, शक्ति केन्द्र संयोजक, सह संयोजक एवम बूथ अध्यक्षों की सूची का अलग अलग बैठकों के माध्यम से सत्यापन किया गया। प्रवासी प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने पार्टी के निर्देशानुसार बस्ती सम्पर्क के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि बस्ती सम्पर्क में केन्द्र की भाजपा सरकार की अनुसूचित समाज से



संबंधित उपलब्धियों पर संवाद करना है और लाभार्थियों के साथ सम्पर्क कर उनका अनुभव सुनना है। आज के बैठक में पन्द्रह महिलाओं ने मोदी जी के काम से खुशी प्रकट करते हुए पार्टी में शामिल हुए, सभी महिलाओं को प्रभारी की उपस्थिति में युवा मोर्चा कार्यसमीति सदस्या पूनम जी एवम टंडवा प्रखंड प्रमुख रीना देवी के द्वारा पार्टी का पट्टा पहनाकर शामिल किया गया। बैठक का संचालन संयोजक संजय कुमार गंझू ने किया। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष करण महतो, टंडवा मंडल पुर्व महामंत्री उदय कुमार पांडेय, तनु सिंह, धनंजय पांडेय,शक्तिकेंद संयोजक राम प्रसाद महतो, शक्ति केन्द्र संयोजक उदय शर्मा, अरुण उरांव व अन्य उपस्थित थे।

## सर्जन बोल पारस नर्सिंग होम चला रहा है अवैध नर्सिंग होम

# प्रतिदिन झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं ऑपरेशन, स्वास्थ विभाग मौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के बगरा बालूमाथ रोड़ के मुख्य सड़क पर स्थित पारस नर्सिंग होम में बेधड़क प्रतिदिन दर्जनों ऑपरेशन किया जा रहा है। जबकि उसके नर्सिंग होम में सर्जन डॉक्टर का कोई किसी तरह का सर्टिफिकेट नहीं है। ग्रामीण मजदूरों के माने तो वह मरीजों को सर्जन बता बेधड़क फैमिली प्लानिंग हो या बवासीर या एपेंडिक्स आदि सभी तरह के मरीजों को किया जा रहा है ऑपरेशन। जबकि पूर्व में भी ग्रामीणों के शिकायत पर रेफरल अस्पताल सिमरिया के डॉक्टर अंकुर द्वारा पुलिस की मौजूदगी में छापेमारी किया गया था। जहां दर्जनों ऑपरेशन किया हुआ मरीज बेड पर पाये गये थे। अवैध रूप से संचालित पारस नर्सिंग होम के खिलाफ डॉक्टर अंकुर ने रिपोर्ट बना चतरा सीएस को भेज दिया था। किंतु पूर्व के सीएस श्यामनन्दन सिंह द्वारा ले दे




कर मामले को ठंडे वस्ते में डाल दिया। यही कारण है कि उसका उपरे स्तर का सेटिंग होने के कारण उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जिससे गरीब लाचार मरीज उसके ऑपरेशन के शिकार होकर दर्जनों मौत के मुहं में समा चुके हैं। पत्रकारों ने भी उसकी काली करतूत को हमेशा अखबार के माध्यम से उजागर करते आ रहे हैं। किंतु अफ़सोस की वैसे क्लिनिक या मेडिकल हॉल वालों पर विभागीय कार्रवाई की जाती है जिसका उपरे स्तर तक पहुंच नहीं होती है। ऐसे में दिनदहाड़े गरीब मरीज को मौत के घाट उतारने वाले पारस नर्सिंग होम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मौत का दुकान को बंद नहीं किया गया तो आने वाला दिनों में एक बहुत बड़ा हादसा उसके अवैध ऑपरेशन करने से होगा। ऐसे में ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा है कि गरीबों पर कार्रवाई और वैसे दबंगों पर कार्रवाई क्यों नहीं।

## पहली फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स 1

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पहली फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स 1 को आज भारत में लॉन्च किया गया है। इसके साथ कामयाब लग्जरी स्पोर्ट्स ऐक्टिविटी व्हीकल . बीएमडब्ल्यू आई एक्स 1 . सेगमेंट में पहला वाहन है जो पेट्रोल और डीजल ड्राइवट्रेन के अलावा नया इलेक्ट्रिक अवतार आफर करता है। कंप्लीटली बिल्ट-इन यूनिट के रूप में उपलब्ध पहले फुली इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई एक्स 1 को केवलshop.bmw.in पर आनलाइन बुक किया जा सकता है। डिलीवरीज अक्टूबर से शुरू होंगी। विक्रम पावाह बीएमडब्ल्यू प्रेसिडेंट ग्रुप इंडियाए ने कहा किए सस्टेनेबिलिटी मोबिलिटी में प्रवर्तक के रूप में बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया का इलेक्ट्रिक आफेन्सिव समय से पहले आरंभ हो गया था। लग्जरी इलेक्ट्रिक कार मार्केट में हमारी सफलता और नेतृत्व की बुनियाद श्रेणी में सबसे विविधतापूर्ण इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो की शक्तिशाली प्रोडक्ट स्ट्रैटजी पर आधारित है। इस श्रृंखला में सबसे नया है बीएमडब्ल्यू आई एक्स 1 का इलेक्ट्रिफिकेशन । यह अपने सेगमेंट की पहला स्र्ङ्क है जो ग्राहकों को चयन का अधिकार देती है ताकि वह अपनी पसंद की ड्राइवट्रेन चुन पाएं-चाहे पेट्रोल हो, डीज़ल हो, या फिर इलेक्ट्रिक। यह तथ्य कि प्रत्येक ठ्ॅ इलेक्ट्रिक कार एक कॉम्पलीमेंटरी वालबॉक्स चार्जर के साथ आती है और यह कि हमने दूसरे ब्रैंडों के ग्राहको के लिए भी 35 शहरों में अपने सर्वश्रेष्ठ फास्ट चार्जिंग नेटवर्क को खोला हैए जो बाजार में इलेक्ट्रिक को अपनाने की गति तेज करने की दिशा में एक कदम है।

## फ्लिपकार्ट की द बिग बिलियन डेज़ सेल 2023 : आकर्षक कीमत पर मिलेगी मोटोरोला ईडीजीई 40 नियो

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में 5त्र स्मार्टफोन के सर्वश्रेष्ठ ब्रांड, मोटोरोला ने Flipkart की द बिग बिलियन डेज़ सेल से पहले अपने स्मार्टफोन्स पर अब तक की सबसे कम कीमत के साथ भारी डिस्काउंट की घोषणा की है। ग्राहक 28 सितंबर को शाम 7~00 बजे से motorola edge, moto g और moto e सीरीज़ के ज्यादातर स्मार्टफोन को फेस्टिव स्पेशल बिलियन डेज़ सेल प्राइस पर खरीद सकते हैं जिसे पहले ही लाइव कर दिया गया है, और इतनी शानदार कीमतें किसी को भी हैरत में डाल सकती हैं। इसके अलावा, बिग बिलियन डेज़ स्पेशल स्मार्टफोन motorola edge 40 neo भी पहली बार सीमित समय के लिए फेस्टिव स्पेशल प्राइस पर उपलब्ध है, जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार था और इस स्मार्टफोन के 8+128 त्नक्क की कीमत 19,999 रुपये तथा 12+256 त्नक्कवेरिएंट की कीमत और 21,999 रुपये होगी।

## सिम्बायोसिस एमबीए में प्रवेश हेतु स्नैप 2023 में रजिस्ट्रेशन की शुरूआत हुई

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत में एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश के लिए जानी-मानी परीक्षा सिम्बायोसिस नेशनल एप्टीट्यूट टेस्ट (SNAP) 2023 ने आगामी वर्ष के लिए अपनी महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा कर दी है। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन 23 अगस्त 2023 को शुरू हुए और 23 नवम्बर 2023 को बंद हो जाएंगे। स्नैप टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड निर्धारित तारीखों पर स्नैप की ऑफिशियल वेबसाईट222.snaptest.org के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। ये तारीखें हैंः स्नैप टेस्ट 01 के लिए 04 दिसम्बर 2023 (सोमवार), स्नैप टेस्ट 02 और 03 के लिए 09 दिसम्बर 2023 (शनिवार)। स्नैप 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन और पेमेंट की आखिरी तारीख 23 नवम्बर 2023 है। 2023 के लिए स्नैप कम्प्यूटर- बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) का आयोजन तीन निर्धारित तारीखों को होगाः 10 दिसम्बर 2023 (रविवार), 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) और 22 दिसम्बर 2023 (शुक्रवार)। स्नैप 2023 परीक्षा के परिणामों की घोषणा 10 जनवरी 2024 (बुधवार) को की जाएगी। स्नैप छात्रों को 16 प्रतिष्ठित बी-स्कूलों में आवेदन का अवसर देता है, जिनमें 26 विभिन्न एमबीए प्रोग्राम शामिल हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इंडो-पैसिफिक सेना प्रमुखों के सम्मेलन में विशेष प्रयोजन वाली हाईलक्स का प्रदर्शन किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 26-27 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित इंडो-पैसिफिक आर्मीज़ चीफ कॉन्फ्रेंस (आईपीएसीसी) या इंडो-पैसिफिक सेना प्रमुखों के सम्मेलन के दौरान टोयोटा हाईलक्स का प्रदर्शन किया। इसे इसके अधिकृत बाहरी विक्रेता के माध्यम से अनूठे ढंग से संशोधित किया गया है। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) के सहयोग से भारतीय सेना के आर्मी डिजाइन ब्यूरो द्वारा आयोजित, रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन उसी समय होता है जब इंडो-पैसिफिक आर्मीज चीफ कॉन्फ्रेंस (आईपीएसीसी), इंडो-पैसिफिक आर्मीज मैनेजमेंट सेमिनार (आईपीएएमएस) और सीनियर एनलिस्टेड लीडरशिप फोरम (एसईएलएफ या सेल्फ) का आयोजन किया जाता है। इसके साथ ही, इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मलेन के मौके पर एक सामान्य-उद्देश्यीय हाईलक्स का भी प्रदर्शन किया गया था। इस हाई-प्रोफाइल फोरम में टोयोटा की भागीदारी, रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी तकनीकी शक्तियों के साथ नवीन समाधान प्रदान करने और अन्य विशेष ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप, टीकेएम ने आईपीएसीसी में हाईलक्स टोयोटा सर्विस एक्सप्रेस (टीएसई) - मोबाइल सर्विस वाहन के माध्यम से बहुमुखी हाईलक्स का प्रदर्शन किया। इसे टोयोटा के अधिकृत बाहरी विक्रेता द्वारा सावधानीपूर्वक संशोधित किया गया है। इस तरह हाईलक्स में बारीकी से किए गए अनुकूलन को दर्शाया गया, जो रिमोट लोकेशन सर्विस और सेना के उपयोग के लिए उपयुक्त मरम्मत आवश्यकताओं तथा मजबूत समाधान प्रदान कर सकता है।

## भगत सिंह की जयंती सयाल जमुरिया बाजार में मनाई गई

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**उरीमारी :** सयाल जमुरीया बाजार स्थित शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। देश की आज़ादी में उनकी अहम भूमिका को याद किया गया तथा ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नवजवानों को संगठित कर भारत को आजादी दिलाने में महती भूमिका निभाई। मौके पर वीरेंद्र पासवान ने कहा कि यदि हम शहीद भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो उनके बताएं मार्गो पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है वही मौके बीरेन्द्र पासवान, अनूप कुमार (पिन्टू सिंह), अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, राजीव सिन्हा, संजय आदि थे ।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई–निविदा संख्या – GEM/2023/B/4009969, dated 26-09-2023, dated 26-09-2023, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि :** धनबाद मंडल के बरवाडीह रनिंग रूम की विभिन्न गतिविधियों (जिसमें हाउसकीपिंग, मेसिंग, कपड़ा धुलाई, बागवानी एवं रहने वाले इच्छुक क्रू को सब्सिडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है) की 03 वर्ष (1095 दिन) के लिए आउटसोर्सिंग। कार्य समापन की अवधि – 03 वर्ष (1095 दिन)। **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रू. 41604959.00, **अग्रधन राशि :** रू. 358000/–, **ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा का बंद होना : 17.10.2023 को 17:00 बजे। ई–निविदा का खुलना : 17.10.2023 को 17:30 बजे। **वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट: *http://gem.gov.in* **विशेष :** ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नही किये जाएंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/परि.)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/1271/डीएचएन/ईओपीएन/टी/23–24/36**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 307622Building(23-24)#D है को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 307988 Building(23-24)D


## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना व सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर हुआ बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत लंबित आवेदनों का जायजा लिया एवं 10 से अधिक दिनों के लंबित आवेदनों को शुक्रवार तक निष्पादित करते हुए योजना का लाभ देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्य के प्रति उदासीनता दिखाने वाले बैंकों को शोकॉज करते हुए उसकी सूचना उनके उच्च स्तरीय अधिकारियों को देने का निर्देश जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रामगढ़ को दिया। बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला उधोग केंद्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी बैंकों के बैंक प्रतिनिधि सहित अन्य उपस्थित थे।

## किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने पशुपालन निदेशक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर :** शुक्रवार को पशुपालन निदेशक झारखंड सरकार आदित्य रंजन से किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल ने किया मुलाकात। किसानों के होने वाली समस्याओं से कराया अवगत। समस्याओं पर निदेशक आदित्य रंजन ने निम्न बिंदुओं पर जानकारी देते हुए बतलाया कि 1.?3 प्रति लीटर की सहयोग राशि उनके द्वारा निर्गत कर दिया गया है। 2. पशु आहार के अनुदान के लिए फेडरेशन से आशिक सूची भेजी जाने की जानकारी मिली। 4. लंबी महामारी के लिए 48 लाख का टीका सप्ताह पहले ही उपलब्ध करा दिया गया है। निदेशक महोदय ने डीएचओ एंव टीभिओ को यथाशीघ्र करने का आदेश दिया गया। 4. कृत्रिम गर्भाधान पर अनावश्यक शुल्क वसूल करने की जानकारी पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार किए जाने का आश्वासन दिया।

## अल्पसंख्यक विभाग रामगढ़ जिला अध्यक्ष बनी जोया परवीन, कांग्रेस नेताओं ने दी बधाइयां



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अल्पसंख्यक विभाग झारखंड प्रभारी ओमेर खान ने रामगढ़ जिला अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष जोया परवीन को मनोनीत किया। जोया परवीन को अल्पसंख्यक रामगढ़ जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर रामगढ़ जिला के कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बधाई दी । उन्होंने कहा कि पार्टी की बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसे हर संभव निभाने का कार्य किया जाएगा । बधाई देने वालों में झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहज़ादा अनवर, रामगढ़ पूर्व विधायक ममता देवी, ज़िला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, बजरंग महतो, राजेंद्रनाथ चौधरी, मुकेश यादव, संजय पासवान, हाजी अख्तर आज़ाद, शमशुद ख़ान, पंकज महतो, शेखर पटवा, अमित महतो, योगेंद्र उपाध्याय, बन्नी गाँधी, गौरी शंकर महतो, केसर इमाम, अब्दुल बारीक, मिस्टर आलम, सलीम ख़ान, कमाल सहजादा, लक्ष्मण महतो, संतोष सोनी आदि शामिल हैं।

# विश्व हृदय दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को विश्व हृदय दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल में सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विश्व हृदय दिवस कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने विशेष रूप से हृदय रोग के उपचार एवं निदान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी साथ ही हृदय रोग में क्या करें, क्या ना करें और कैसे हम अपने जीवन शैली को बेहतर बना सकते हैं इस विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी सिविल सर्जन के द्वारा दी गई। वहीं उन्होने हृदय को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम एवं ध्यान, संतुलित पौष्टिक आहार, समुचित आराम करना बहुत ही आवश्यक बताया साथ ही उन्होंने




अनियमित एवं अनियंत्रित खान-पान, वसा युक्त भोजन, जंक फूड का सेवन, धूम्रपान,तम्बाकू एवं शराब का सेवन से दूर रहने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी (एनसीडी) डॉक्टर तूलिका रानी ने हृदय रोग लक्षण, कारण, टाइप और उपचार के विषय में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष विश्व में विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अवसर पर रामगढ़ जिला द्वारा भी विभिन्न स्तरों के स्वास्थ्य संस्थानो पर विशेष रूप से हृदय रोग जांच (एनसीडी अंतर्गत अन्य जांच) का विशेष शिविर एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाता है और इसके माध्यम से हृदय रोग तथा इससे बचाव से संबंधित जानकारी आम जनों तक पहुंचाया जाता है।

## डीएवी आरा में आजादी के अमृत महोत्सव सह स्वच्छता मिशन पर कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू क्षेत्र के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल आरा में णशुक्रवार को आज़ादी के अमृत महोत्सव सह स्वच्छता मिशन के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम विद्यालय के प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में पंच प्रण की प्रतिज्ञा छात्रा अंकिता नारायण ने सभी छात्र छात्राओं व शिक्षकों को दिलाई। तत्पश्चात कक्षा आठ से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को लेकर विद्यालय परिसर से प्रभात फेरी निकाली गई।जो विभिन्न स्थानों का भ्रमण करते हुए वापस विद्यालय आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बड़ी होती है। आज़ादी के आंदोलन में छोटानागपुर के स्वतंत्रता सेनानियों का संघर्ष विषय पर आधारित पोस्टर व रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय प्राचार्य नकुल प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत में स्वच्छता मिशन तभी सफ़ल होगा, जब हम अपने आस -पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखेंगे। और महात्मा गाँधी के स्वच्छता संबंधी विचारों को अपने जीवन में अपनाएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक सीडी मेहता, सकला अंजू बरिआर, रश्मि झा, नीलेंदु कुमार झा, सुनील कुमार आदि थे।




**कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला**
**आवश्यक–सूचना**

एतद द्वारा सभी को निम्न के संबंध में सूचित किया जाता है कि :–

1. नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत व्यवसायिक कार्य हेतु अधिष्ठापित होर्डिंग्स के मालिक जिन्होंने अबतक नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं किया है एवं होर्डिंग्स लगाने की स्वीकृति प्राप्त नहीं की है। वे अपने शुल्क का भुगतान ससमय नगर परिषद, कार्यालय में करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा जाँच के क्रम में पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धारा के तहत कार्रवाई की जायेगी।
2. नगर परिषद, गुमला क्षेत्रान्तर्गत डीप बोरिंग कराना पूरी तरह से बैन है। डीप बोरिंग करते या कराते हुए पकड़े जाने पर वाहन मालिक एवं बोरिंग कराने वाले व्यक्ति दोनों के विरूद्ध नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत दण्ड वसूलते हुए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी। साथ ही वैसे लोग जो छोटा बोरिंग कराना चाहते है वे निर्धारित शुल्क नगर परिषद कार्यालय में आकर जमा करने के पश्चात् ही बोरिंग का कार्य करायेंगे। साथ ही संबंधित बोरिंग के मालिक जिन्होंने अपने वाहन का निबंधन नगर परिषद कार्यालय में नहीं कराया है। वे अपने वाहन का निबंधन निर्धारित शुल्क जमा करते हुए करा लें। अन्यथा पकड़े जाने पर वाहन जब्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

प्रशासक,
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR 308019 District(23-24)D



**ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**मुख्य अभियंता का कार्यालय,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग**
**भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, रांची**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस**

टेन्डर रेफरेन्स नं0–**BCD/CE/40/Ranchi Div-01/2023-24** दिनांक–**29-09-2023**

| Sl.No | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | i | Construction Commandant Residence, JAP-1 at Doranda Ranchi | Rs. 1,46,50,100.00 | 09 माह |
| | ii | Renovation of Basic Science at Morabadi Ranchi | Rs.1,25,87,100.00 | 06 माह |
| | iii | Renovation of Applied Science at Morabadi Ranchi | Rs. 1,34,98,700.00 | 06 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 05-10-2023 |
| 3 | वेबसाइट पर बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 19-10-2023 up to 11:00 A.M |
| 4 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल<br>मुख्य अभियंता का कार्यालय ,<br>कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,<br>भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। |
| 5 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9631476651 |
| 6 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9631476651 |

किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
●अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
*Note: UCAN Registration is mandatory for the Bidders*

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल,मुख्य अभियंता का कार्यालय,
कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग,
भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची

PR 308017 (Building)23-24*D


## रांची से हजारीबाग की जा रही ट्रेलर गाड़ी चुटूपालू धाटी के गडके मोड़ के पास पलटी , चालक घायल

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची से हजारीबाग जा रही ट्रेलर गाड़ी रामगढ़ के चुटूपालू घाटी गडके मोड के पास अनियंत्रित होकर ट्रेलर गाड़ी पलट गई । ड्राइवर को हल्की चोट आई जो रांची में इलाज करा रहा है जानकारी के अनुसार रांची से आ रही ट्रेलर गाड़ी ॥क्र39 स्न 6330 जिसमें स्टील रोल लोड था यह गाड़ी हजारीबाग की ओर जा रहा था । घाटी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई जिसे ड्राइवर को हल्की छोटे आई है जिसका इलाज रांची में हो रहा है । सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंचकर किरान के माध्यम से ट्रेलर को किनारे करने में लगी हुई है। आवागमन किसी तरह का बाधित नहीं हुआ।

## 30 को होने वाले गंगा आरती के आयोजन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने किया रजरप्पा मंदिर परिसर का निरीक्षण

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नमामि गंगे योजना अंतर्गत 15 सितंबर 2023 से 2 अक्टूबर 2023 तक मनाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 30 सितंबर, शनिवार को रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र अंतर्गत दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर आयोजित होने वाले गंगा आरती कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने रजरप्पा मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने आरती के भव्य आयोजन हेतु की जा रही तैयारियों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना, रामगढ़ सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार एवं नजारत उपसमाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों से ली। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान भीड़भाड़ नियंत्रित करने, सुरक्षा दृष्टिकोण से विभिन्न उपाय सुनिश्चित करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। गौरतलब होकि शनिवार को रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र में होने वाले गंगा आरती को लेकर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने वीडियो संदेश के माध्यम से सभी जिलेवासियों से गंगा आरती कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। इस दौरान अंचल अधिकारी चितरपुर, थाना प्रभारी रजरप्पा, जिला गंगा समिति के नामित सदस्यों, रजरप्पा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।



## उरीमारी सामुदायिक भवन जरजरा में ग्रामीणों की हूई बैठक

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामुदायिक भवन जरजरा मे गुरूवार को ग्रामीणो को जागरूक करने के लिए एक बैठक की गई जिसमे मुख्य रूप से पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली उपस्थित थे। वही श्री करमाली ने बताया की ग्रामीणो को आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना की जानकारी दी गई। वही ऐसे ग्रामीण जिनकी उम्र 60वर्ष हे या उससे अधिक है तो वह मुख्यमंत्री तीर्थ योजना का लाभ ले सकते हैं।वही इस मौके पर पंचायत सचिव अशोक नारायण तिवारी,जगरनाथ बेदिया, अनिल बेदिया, भागेश्वर बेदिया, देवन बेदिया, युगेश बेदिया, शिवदयाल मिस्त्री, देवनारायण गंझू,सबिता सोरेन, शिला देवी, जुगल मांझी, बिनोद गंझू इत्यादि दर्जनो लोग मौजूद थे।




**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**–:आम सूचना:–**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस–विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

**कल्याणी सेन पति बी0सी0 सेन**
↓
**मधु भट्टाचार्य** | **सुरोजित सेन**

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 308003 District(23-24).D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 17 वर्ष 2023–24**

पत्रांक :– ............ / गुमला, दिनांक :– ..../...../2023.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विकी की तिथि :– 09.10.2023 से 17.10.2023 तक (2:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 18.10.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 18.10..2023 को 3:30 बजे अपराहन्
6. परिमाण विपत्र विकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair of Toilet at SC Girl Hostel, Kartik Oraon College Campus Gumla . | गुमला | ITDA | 2,00,000.00 | 4000.00 | 500.00 | एक माह | श्रेणी–04 |
| 2 | Supplying & Fitting of Submersible Pump and Pipe at Minority Hostel(Womens College Gumla Campus) | गुमला | ITDA | 1,30,300.00 | 2700.00 | 500.00 | एक माह | श्रेणी–04 |

**निविदा की शर्ते** :– 1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा ।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्धृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा ।
3**जो निम्न है**:– 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा ।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।
E-mial ID – eemidgum@gmail.com.

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला

PR 307933 Minor Irrigation(23-24).D

# जन सुनवाई कार्यक्रम में विधायक भूषण बाड़ा ने सुनी आमजनों की शिकायतें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक सह बिशुनपुर विधानसभा के प्रभारी भूषण बाड़ा गुमला जिले के घाघरा में आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में शामिल हुए। जन सुनवाई कार्यक्रम जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में उत्सव संगम बैंकट हॉल घाघरा में सम्पन्न हुई। जन-सुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। विधायक भूषण बाड़ा ने बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू होकर क्षेत्र की जनसमस्याओं की जानकारी ली और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या का निस्तारण करने का निर्देश दिया। वहीं विधायक ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन के बारे में भी फीड़बैक लिया। साथ ही संगठन को बूथ स्तर में मजबूत करने का निर्देश दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा, अधिकारी हो गए हैं बेलगाम, नहीं सुनते हैं कार्यकर्ताओं की बात जनसुनवाई कार्यक्रम में काफी संख्या में आमजन अपनी शिकायत और समस्या लेकर पहुंचे थे। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अफसर शाही हावी है। कार्यकर्ताओं की बात नहीं सुनते हैं। राज्य में सरकार अपनी है। पर क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रशासन द्वारा तरजीह नहीं दिया जाता है। इस पर विधायक भड़क गए। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में अफसर शाही नहीं चलेगी। बेलगाम अधिकारियों की सूची दें, उनके उपर तुरंत करवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सुधर जाने का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं। कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर ग्रामीणों की समस्या को सुनते हैं। वे काफी करीब से ग्रामीणों की समस्या को देख कर प्रशासन तक समस्या लेकर पहुंचते हैं। इन समस्याओं के समाधान में कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन सुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने तालाब निर्माण, डीप बोरिंग, पेंशन योजना, सौर उर्जा, दाखिल खारिज, आवास, कूप निर्माण, गाय पालन, मत्स्य पालन, कृषि यंत्र वितरण आदि से संबंधित मामलों के निराकरण के लिए विधायक भूषण बाड़ा से आग्रह किया गया। इसके अलावे सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, जमीन संबंधित मामले, पुल-पुलिया का निर्माण, इंदिरा आवास, मुआवजा वितरण जैसी समस्याओं को लेकर भी ग्रामीण पहुंचे थे। मौके पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं का जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया।

# देश में निर्मित वस्तुओं के प्रयोग से अर्थव्यस्था व राष्ट्र मजबूत होता है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहतदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में स्वस्देशी सप्ताह के तहत स्वदेशी सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारतीय राष्टवादी परंपरा के नायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भारतीय राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रदूत महात्मा गांधी के जन्म दिवस तक प्रत्येकवर्ष आयोजित होता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो एवं विद्यलाय के प्रधनाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से द्विपप्रज्वलं एवं भारत माता और सरस्वती जज के चित्र पर पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्षनाथ महतो ने कहा मजबूत एवं शसक्त राष्ट्र बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना अतिआवश्यक है। जिसे राष्ट्र व देश का र्थव्यवस्था मजबूत मिले और देश सबल सके हो सके। वही प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने कहा आज के वैश्विक प्रतिस्पर्धा के युग मे आर्थिक समृद्ध बनने के लिए देश मे बने निर्मित वस्तु को ही प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## 3 से 9 अक्टूबर तक मनाया जाएगा संकल्प सप्ताह

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आंकाक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित प्रखण्ड किस्को में दिनांक 03.10.2023 से 09.10.2023 तक संकल्प सप्ताह मनाया जाएगा। इसमें कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिनांक 30.09.2023 को आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम पोर्टल और आकांक्षी प्रखण्ड कार्यक्रम संकल्प सप्ताह÷ का प्रमोचन भारत मंडपम, दिल्ली से करेंगे। इस कार्यक्रम की लाईव टेलीकास्टिंग जिला,प्रखण्ड एवं पंचायत स्तर पर की जाएगी। जिला स्तर पर कार्यक्रम की लाईव टेलीकास्टिंग जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में की जाएगी। इस कार्यक्रम से जुड़े तकनीकी एवं गैरतकनीकी पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य एवं अन्य निर्वाचित सदस्य भाग लेंगे। आकांक्षी प्रखण्ड अंतर्गत चयनित प्रखण्ड किस्को मुख्यालय में भी कार्यक्रम की लाईव स्क्रीनिंग की जाएगी जिसमें संबंधित पदाधिकारीगण एवं निर्वाचित सदस्य/जनप्रतिनधि एवं जनसाधारण भाग लेंगे। दिनांक 03.10.2023 को किस्को प्रखण्ड के सभी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र/प्रखण्ड पीएचसी/सीएचसी में संपूर्ण स्वास्थ्य-एक संकल्पक अंतर्गत एएनसी क्लिनिक का संचालन, टीकाकरण, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनीमिया परीक्षण एवं उपचार, टीबी हारेगा देश जीतेगा अनुमोदित टीबी स्क्रीनिंग निश्चय मित्र सम्मान, टीबी चैंपियन रैली का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 04.10.2023 को सुपोषित परिवार अंतर्गत किस्को प्रखण्ड के सभी आंगनवाड़ी केंद्रो एवं वीएचएसएनडी पर पोषण मेला का आयोजन किया जाएगा। इसमें बच्चों के विकास की निगरानी और गर्भवती महिला का वजन,आंगनवाड़ी केंद्र पर गोद भराई और अन्न प्राशन कार्यक्रम,चौपाल में बात-संतुलित आहार,मेरा पौष्टिक बगीचा-किचन गार्डनिंग की बेस्ट प्रैक्टिसेज पर चर्चा, मिलेट्स की रंग-बिरंगी रेसीपी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 05 अक्टूबर 2023 को स्वच्छता एक संकल्प अंतर्गत किस्को प्रखण्ड के सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्वच्छ घर गाँव एवं ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ,वाक् प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और स्वच्छता से स्वास्थ्य की ओर जागरूकता बैठक आयोजित की जाएगी।

## आयुष्मान भवः के तहत शनिवार को आयोजित होगा स्वास्थ्य मेला

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेन्हा में शनिवार को आयुष्मान भवः के तहत चिकित्सा मेला का आयोजन किया जायेगा। आयोजित मेला में विभिन्न बीमारियों के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। चिकित्सा मेला के बारे में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला में आँख, कान, नाक, दन्त और स्त्री रोग तथा टीबी, मलेरिया के अलावे विभिन्न तरह के बीमारियों का इलाज सर्जन के द्वारा किया जायेगा और मुफ्त में दवा एवं आँख के मरीजों को चश्मा दिया जायेगा प्रखंड क्षेत्र के सभी लोग मेला में शामिल हो कर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं।

# डोर टू डोर जा कर केन्द्र सरकार के कार्यों को पहुंचाएं : तुलसी साहू

**शक्ति केन्द्र तक जाकर बूथ को करें मजबूत : रवि गुप्ता**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक सलडेगा में नगर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी तुलसी साहू ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर बूथ में डोर टू डोर जाकर केंद्र सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचानी है एवं राज्य सरकार की विफलताओं को बतानी है,साथ ही बूथों का सत्यापन भी करना है। वहीं मंडल प्रवासी रवि गुप्ता ने कहा कि मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र में जाकर बैठक करें एवं शक्ति केंद्र संयोजक सहसंयोजक प्रभारी को बूथ मजबूत करने का मार्गदर्शन करें। और बूथ स्तर तक सदस्यों को सक्रिय करें,साथ ही कि वोटर्स समर्थक व बुद्धिजीवी लोगो को पार्टी से जोड़ने का प्रयास करें मोके पर जिला कोषाध्यक्ष अनूप प्रसाद चंदन लाल कृष्णा महतो रमेश महतो सोनू सिंह ललन ठाकुर सुमित सिंह अनिरुद्ध सिंह कमला कुमारी नंदिनी दास हंसा रानी इंदु देवी रूनी कुमारी पुष्पा देवी सीखा अग्रवाल अंगद महतो मौजूद थे।

## जलडेगा चीक टोली में धूम-धाम से मनाया गया करमा पूजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखण्ड स्थित जलडेगा चीक टोली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूम - धाम से बिधिवत कर्मा पूजा किया किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बरला, थाना प्रभारी हीरालाल महतो, बैंक ऑफ़ इण्डिया के कैसियार रामेराम इंदवार, पहान एरेनियुस लुगुन , पूर्ब मुखिया जैमिला लुगुन , अंचल उप निरीक्षक उमेश कुमार ठाकुर, पंडित चन्दन मिश्रा, सिक्षक नवल किशोर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष इंदवार, दीपसन सोरेंग, मार्टिन कंडुलना मौजूद थे। साथ ही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बरला जलडेगा चीक टोली कर्मा समिति को धन्यवाद देते हुवे कहा की मुझे कर्मा पूजा को देख कर बहुत ख़ुशी हुई की हमारे ईस झारखण्ड का महा पर्ब कर्मा पूजा में छोटे - छोटे बच्चियां के साथ बड़े बच्ची एवं माताएं भी उत्सुकता से भाग लिए। साथ ही ईस कर्मा पूजा प्राकृतिक का पूजा किया जाता है ईस धरोहर को नहीं भूलने को कहा क्योंकि इसी पर्ब से हम आपका धरोहर अपना संस्कृति को बनाए रखने का शिक्षा देता है एवं भाई - बहन का अटूट प्यार को दर्शाता है । साथ ही थाना प्रभारी हीरालाल महतो एवं जलड़ेगा के पहान इरेनिउस लुगुन नें भी ईस महा पर्ब कर्मा पूजा को अच्छी तरह से एवं रातभर शांतिपूर्ण से मानाने को कहा। साथ ही कर्मा पूजा समिति जलडेगा चीक टोली द्वारा कर्मा पूजा में आये तमाम मुख अतिथियों के साथ सभी समिति के सदस्य को तवाल दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रेष बंधु दिनेश साहू, रोशन ठाकुर एवं कर्मा पूजा समिति के अध्यक्ष बिनोद बड़ाईक, उप अध्यक्ष दीपक चीक बड़ाईक, सचिव सम्भू बड़ाईक, उप सचिव कालिन्द्र बड़ाईक, कोषअध्यक्ष अशोक बड़ाईक,एवं समिति के सदस्य अर्जुन बड़ाईक, , मंगरा चीक बड़ाईक, सुरजा चीक बड़ाईक, जायसुन्दर बड़ाईक, संतु चीक बड़ाईक, सिबो चीक बड़ाईक, सुनील महतो, बिरसो देवी, पूर्णिमा देवी, एभान तोपनो, पार्वती देवी, सुनिता देवी, नीलम देवी के अलावे अन्य कर्मा पूजा समिति के लोग उपस्थित थे ।

## लोहरदगा में शुरू हुआ जादूगर गोगिया सरकार का शो



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा नगर भवन में गुरुवार संध्या जादूगर गोगिया सरकार का शो का उद्घाटन उप विकास आयुक्त जयज्योति सांमत व ब्यवसायी हनुमान राजगडिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जादू के विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया गया। आंनद कुमार गोयल उर्फ गोगिया सरकार ने कहा कि जादू मनोवैज्ञानिक के दृष्टि भ्रम पर आधारित कला है। कहा कि लोहरदगा मे प्रतिदिन नये नये खेल दिखाया जाएगा। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक के अलावा बड़ी संख्या में महिला पूरुष व बच्चे उपस्थित थे।

## मिशन बदलाव के तत्वाधान में हुआ चार दिवसीय बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के ओडगा पंचायत के सरूबहार मैदान में मिशन बदलाव के तत्वाधान में चार दिवसीय बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच ओडगा ढोरिबहार बनाम परबा सिंह ब्रदर्स के बीच खेला गया डोरी बाहर की टीम एक जोरों से विजय रही। मैच का उद्घाटन ओडगा ओ पी प्रभारी पंकज कुमार, ओडगा मुखिया मुकुट समद, एससी एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष संतोष जोजो,जलडेगा पंचायत समिति सदस्य सह मिशन बदलाव जिला महिला अध्यक्ष जयंती देवी के द्वारा फुटबॉल को कीक मार कर किया गया। खेल का संचालक विष्णु तिर्की तथा शांतिएल जोजो के द्वारा किया जा रहा था। इसमें मौके पर ओडगा पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार महतो रोहित राणा, रवि गोप दीपक चीक बडाईक, आशीष इंदवार, अमृत लोमगा, सुहेल अहमद, विनय लोहरा, अनमोल डांग, इस्लाम मियां,निरल जोजो, अन्नु खान, छोटू बडाईक, मुकेश कुमार साहू, संतोष गोप, अमित बड़ाइक, नरेश बडाईक मिशन बदलाव के सदस्य तथा खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## वार्ड पार्षद सह मुख्य संरक्षक कमलेश कुमार की अध्यक्षता में श्री दुर्गा पूजा समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री दुर्गा पूजा समिति मैना बगीचा, नदिया की बैठक पूर्व वार्ड पार्षद सह मुख्य संरक्षक श्री कमलेश कुमार की अध्यक्षता में की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ दुर्गा की पूजा हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया। पुरानी कमेटी को भंग करके नई कमेटी का गठन किया गया, इसमें सर्व समिति से अध्यक्ष श्री संतोष लकड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री बबलू साहू, सचिव विक्की कुमार, सह सचिव राजन कुमार, आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष विकास कुमार, सह कोषाध्यक्ष अंकित कुमार, पूजा प्रभारी कृष्ण टिंबरेवाल, विधि व्यवस्था प्रभारी आयुष राज, बैठक में मुख्य रूप से उमेश साहू, नागेंद्र प्रसाद साहू, वासुदेव प्रजापति, मिथिलेश कुँवर, श्याम किशोर साहू, ज्योति सिंह, विजय ठाकुर, पृथ्वी साहू, संतोष कुमार, प्रदीप कुमार साहु, आलोक वर्मा, बिहारी साहू राज महतो, दिलीप कुमार, अतुल कुमार, निलेश साहू (बिट्टू), हर्ष राज, रोहित कुमार, घनश्याम प्रजापति, सिद्धार्थ देवघारिया, विवेक कुमार, आकाश कुमार, रितिक कुमार, इत्यादि मोहल्ले के वरिष्ठ नागरिक गण एवं पूजा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कमेटी ने इस वर्ष विशाल पंडाल निर्माण,भव्य विद्युत सजा के साथ ही साथ भव्य भंडारे का आयोजन करने का भी निर्णय लिया है।

# केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने संतोष लकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक संतोष लकड़ा की अध्यक्षता में की गई। बैठक का मुख्य विषय पूर्व की समिति को भंग कर नयी समिति का गठन करना इस वर्ष की दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन। बैठक में मुख्य रुप से संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, मोहन दुबे, चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मित्तल, सहित अन्य उपस्थित थे।बैठक में बैठक में पूर्व समिति को भंग करते हुए पुनः एक बार संतोष लकड़ा को सर्व सहमति देकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति पूजा को भव्य और व्यवस्थित तरिके से एक सहयोगी के रूप में कार्य करता रहा है।यह एक परंपरा है। जिसमें हम सभी लोग सहयोगी के तौर पर समिति का सहयोग करते हैं और हर वर्ष माता रानी के भक्तों का भरपूर सहयोग रहा है इस बार भी वैसा ही उत्साह और ऊर्जा दिख रहा है। मोहन दुबे ने कहा कि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति माता रानी के त्यौहार को कैसे भव्य बनाएं इसे लेकर सदैव तत्परता के साथ में कार्य करती आई है उन्हें सभी लोगों का सहयोग प्राप्त होता रहा है। संतोष लकड़ा ने सभी संरक्षक पूजा पंडाल से आए माता रानी के भक्तों के प्रति आभार जताया और कहा कि इस बार पुन÷ मुझे जिम्मेवारी मिली है।

## पार्वती उरांव फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान से जुड़ बनी आर्थिक रूप से मजबूत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पार्वती उराँव लोहरदगा जिला के सेन्हा प्रखंड के एकागुड़ी गांव की रहने वाली है। महिला मंडल से वह वर्ष 2012 में जुड़ीं। इनका आजीविका का स्रोत बाजार-हाट में जाकर हँड़िया-दारु बेचना था। उससे जो कमाई होती उसी से इनके परिवार का जीवन यापन होता था। पार्वती निर्धन परिवार से सम्बन्ध रखती हैं। आजीविका का कोई अन्य जरिया नहीं था। पार्वती और उनके पति दैनिक मजदूरी का काम करके घर का आजीवका चलाते थे। माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के निदेश पर जेएसएलपीएस के माध्यम से राज्य भर में हँड़िया-दारू बेचने वाली महिलाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान चलाया गया। पार्वती के गांव में भी यह अभियान चला जिससे प्रभावित होकर पार्वती को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण के रूप में 10 हजार रुपये स्वयं सहायता समूह के माध्यम से मिला। उसकी मदद से उन्होंने 4 बकरी की खरीद किया और उसका पालन पोषण करने में जुट गयी। वर्तमान में उनके पास 10 बकरियाँ है। उन्होंने 2 बकरी 3500 रूपये प्रति बकरी की दर से बेचे जिससे उनको 7000 रूपये की आमदनी प्राप्त हुयी। घर की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते उन्होंने अपने महिला मंडल से 25000 रूपये का ऋण लिया। उसकी मदद से अपने घर में ही छोटा सा दूकान खोली,जिसमें फोटोकॉपी के लिए प्रिन्टर मशीन,श्रृंगार के सामान और रोजाना इस्तेमाल की चीजें रखनी शुरू की। इस दुकान के मदद से उनको प्रत्येक माह लगभग 4500 से 6000 रूपये की आमदनी प्राप्त हो जाती है। गाव में उनकी एकमात्र दुकान है जिसकी सहायता से अब वह अपना घर की आजीविका चला रही है। पार्वती का कहना है कि अब वह बड़े का आकार बढ़ाना चाहती हैं और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहती हैं।


## 1 अक्टूबर को साइकिल रेस की तैयारी को लेकर महेंद्र भगत का हुआ लोहरदगा प्रवास



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव श्री महेंद्र भगत आज लोहरदगा प्रवास कर 1 अक्टूबर 2023 को होने वाले डा0 कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस की तैयारी का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा विगत 35 वर्षो से लगातार 1 अक्टूबर को पंख राज साहब कार्तिक उरांव के स्मृति में साइकिल रेस का आयोजन लोहरदगा बक्शीडीपा से जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी बिशनपुर तक 51 किलोमीटर का आयोजन किया जाता है। 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष में घाघरा से जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी तक 28 किलोमीटर विकास मैराथन दौड़ एवं 3 अक्टूबर को सिंह बोंगा मैराथन दौड़ नेतरहाट आवासीय विद्यालय परिसर से जतरा टाना भगत स्मारक चिंगरी बिशनपुर तक 28 किलोमीटर आयोजित किया गया है। जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के सैकड़ो जनजातीय एवं ग्रामीण युवा भाग लेते हैं। यह युवा महोत्सव ग्रामीण युवक यूतियों में राष्ट्र प्रेम एवं अपने धर्म संस्कृति के प्रति जागरण का अभियान है। श्री महेंद्र भगत ने साइकिल रेस के उद्घाटन समारोह की तैयारी का समीक्षा उपस्थित कार्यकर्ताओं से किया एवं युवाओं से ज्यादा से ज्यादा इस रेस में भागीदारी की अपील की। भारत के अमृत काल में प्रवेश के इस अवसर पर यह दौड़ राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सहभागिता को दर्शाने वाला होगा। समीक्षा बैठक में देवेंद्र मंडल, प्रणव कुमार पाठक, रामस्वरात महतो, देवेंद्र महतो, जन्म जय महतो, उमेश सिंह, जयराम उरांव, बिहारी सिंह, मिथुन थमेड़ा, राजदीप लोहार आदि उपस्थित थे।

**इंटरमीडिएट को मर्च करने को लेकर वित रहित शिक्षण संस्थाओं ने किया सरकार का विरोध**

# सरकार के निर्णय के विरोध में कक्षाएं स्थगित रखी गई, आज होगा विधायक सांसद का घेराव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के इंटर कॉलेजों के 11 वीं और 12 वीं के छात्र-छात्राओं की प्लस टू स्कूलों में शिफ्टिंग और विलय के सरकार के निर्णय के विरोध में वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर लोहरदगा में भी विरोध प्रदर्शन हुआ। एमएलए वूमेन कॉलेज लोहरदगा,इंटर कॉलेज किस्को,हाई स्कूल बगडू जामुन टोली, ईमा इंटर कॉलेज,मंजूरमती हाई स्कूल आदि शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों ने 29 सितंबर को कक्षाएं स्थगित रखकर सरकार के निर्णय के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब सरकारी स्तर की शिक्षा व्यवस्था की नींव बेहद कमजोर थी उस समय से ही वित्त रहित शिक्षण संस्थाओं ने शिक्षा की ज्योति जलाने का काम किया है। तन मन धन से खून पसीना खींच कर संस्थानों को सुदृढ़ किया। समाज में शिक्षा का प्रकाश फैलाने के लिए जन सहयोग से यह शिक्षण संस्थान खड़े हुए। जिले के शैक्षणिक विकास में योगदान किया। लाखों बच्चों का भविष्य संवारा। अब सरकार इस गौरव,जन भावना और सपनों को रौंद कर वित्त रहित शिक्षण संस्थानों को मटिया मेट करने की कोशिश कर रही है। इससे शिक्षा जगत का भला नहीं होगा। मोर्चा के निर्णय के अनुसार 30 सितंबर को संस्थाओं के शिक्षक शिक्षा के तरकर्मी विधायक आवास घेराव करेंगे। संस्थाओं के अधिग्रहण या घाटा अनुदान देने की मांग के लिए विधायकों से समर्थन पत्र लिखवाएंगे। दो अक्तूबर को इन स्कूल-कॉलेजों का अस्तित्व बनाए रखने, अधिग्रहण करने और शिक्षक व कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने की मांग को लेकर राजभवन के सामने धरना प्रदर्शन में शामिल होने का लोहरदगा के तमाम कर्मियों ने निर्णय लिया। आंदोलन की अगुवाई एमएलए वूमेन कॉलेज प्रिंसिपल स्नेह कुमार, किस्को इंटर कॉलेज प्रिंसिपल ओबेदुल्ला परवेज, ईमा इंटर कॉलेज प्रिंसिपल मो एजाज और संबंधित शिक्षण संस्थानों के प्रधान ने किया।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विद्यालय की बच्चियों ने निकाली प्रभात फेरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा और पेशरार के संयुक्त तत्वाधान में सरकार के निर्देशानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय सेन्हा व पेशरार की छात्राओं द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामकरण द्विवेदी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत,ए एस आई रामचन्द्र मांझी,वार्डेन पूनम कुमारी तथा विद्यालय के शिक्षिका और छात्राओं के द्वारा प्रभातफेरी से पूर्व देश के वीर जवानों के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। वही बीईओ द्वारा सभी को देश के निष्ठा, अखंडता के प्रति शपथ दिलाया गया। बीडीओ ने कहा कि देश के अनं बान शान में रक्षा करते हुए प्रखंड क्षेत्र के मनी उराँव, घामा उराँव, मनीजर उराँव और बनुवा उराँव 4 वीर जवानों ने अपने प्राणों का निछावर कर दिया है। हमे भी उन शहीद वीर शपुतों का अनुसरण करते हुए देश और समाज के लिये कुछ करना चाहिये जिसे देश और समाज अंधकार से प्रकाशमय की ओर बढ़ सके। छात्र छात्राओं और बच्चे बच्चियों के मन मे देश प्रेम का भावना को जागृत करने की आवश्यकता है। साथ ही बताया कि प्रखंड क्षेत्र से मिट्टी एकत्रित कर दिल्ली भेजा जायेगा जहाँ राजपथ में अमृत वाटिका का निर्माण होगा। और देश के लाखों वीर शपूतो को सम्मान मिलेगा। कार्यक्रम के उपरान्त छात्राओं द्वारा प्रभातफेरी निकाला गया.जिसे प्रभातफेरी के माध्यम से देश की रक्षा के लिये शहीद हुए वीर शपूतो का आमजनों को स्मरण कराया गया. साथ ही वार्डेन पूनम कुमारी के द्वारा बताया गया.की मेरी माटी मेरा देश थीम के तहत यह कार्यक्रम 30 सितम्बर आयोजित होगा। रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता के मध्य। से भी विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कराया जायेगा जिसे बच्चे बच्चियों में देश भक्ति का भावना को जागृत करने के लिये सरकार का यह अनूठा पहल है।

## शिशु मंदिर लोहरदगा में खुला दिवस का आयोजन

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज खुला दिवस का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ समाजसेवी अशोक कुमार द्वारा वंदना सभा में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। आज के दिन सभी अभिभावकों को अर्धवार्षिक परीक्षा की कॉपी का अवलोकन कराया गया। जिसमें लगभग 100 से भी अधिक अभिभावक उपस्थित रहे। स्वावलंबन सप्ताह के अंतर्गत हस्तकला का प्रशिक्षण दिया गया। भैया बहनों में स्वावलंबन की भावना को जागृत करने के लिए पेपर से ठोंगा निर्माण, लिफाफा निर्माण तथा झालमुरी निर्माण कला का प्रशिक्षण दिया गया ?। इस कार्य को संपादित करने में सुनीता दीदी जी द्वारा दिशा निर्देशन दिया गया।

## चलते चलते एक नजर

### ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा में गड़बड़ी करने वालों को चिह्नित कर अविलंब कार्रवाई का दिया निर्देश

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** साहेबगंज जिले में मनरेगा योजना में गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण विकास विभाग ने शुक्रवार को जिले के उपविकास आयुक्त को पत्र लिखकर गबन व फर्जीवाड़ा इत्यादि की जांच कर अविलंब कार्रवाई का निर्देश दिया है। विभाग ने कृत कार्रवाई की पूरी रिपोर्ट भी 48 घंटे उपलब्ध कराने को कहा है। पहले भी इस संबंध में विभाग ने कार्रवाई को कहा था। विभागीय जांच और दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों के स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं होने के बाद सरकार ने सभी पर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा था लेकिन कार्रवाई कर रिपोर्ट नहीं भेजा गया था। पूरे मामले को उप प्रमुख बोरियो कैलाश प्रसाद ने सरकार के समक्ष संज्ञान में लाया था। मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं में सरकारी राशि के गबन, दुर्विनियोग या अपव्यय पाये जाने पर सबसे पहले जिम्मेदारी तय करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से गबन की राशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ वसूलने का आदेश दिया गया है। साथ ही दोषी पदाधिकारियों व कर्मियों को निलंबित कर उनके ऊपर विभागीय कार्यवाही चलाने की अनुशंसा देने को कहा गया है। साथ ही संलिप्त संविदाकर्मियों की संविदा रद करने की भी कार्रवाई की जाये। आपराधिक षडयंत्र व लापरवाही से संबंधित मामलों में विस्तृत सूचना के साथ एफआईआर दर्ज करने को भी कहा गया है।

### मेदांता अस्पताल के पास दवाई दुकान में लगी आग

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा स्थित मेदांता अस्पताल के पास शुक्रवार सुबह 10 बजे के करीब एम एम ड्रग्स नामक की एक दवाई दुकान में आग लग गई। आग लगने की खबर पर आसपास के लोग वहां पहुंचे। काफी संख्या में भीड़ जमा हो गई। खासा मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर किसी तरह काबू पाया गया। पुलिस भी स्पॉट पर पहुंची। दुकान के संचालक शमसाद बेग ने वहां पर सभी को बताया कि लगभग 10 लाख से अधिक की संपत्ति कि क्षति हुई है। वहीं आग कैसे लगी, इस का सही पता नहीं लग पाया है। सरकार से मुआवजे की मांग की गई है। बता दें कि आज से दो महीने पहले भी इस आस पास की दुकान में आग लग गई थी।

### चितरंजन को रांची पुलिस ने भेजा जेल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके थाना क्षेत्र के ब्लॉक चौक पर जमीन कारोबारी अवधेश यादव पर दिनदहाड़े गोली चलवाने के आरोपी चितरंजन कुमार को पटना स्थित बेऊर जेल से रांची लाया गया। पटना पुलिस और रांची पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच चितरंजन को रांची सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने चितरंजन को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया है। चितरंजन एक्साइज एक्ट के मामले में बेऊर जेल में बंद था। उसपर पटना के गांधी मैदान थाना में 30 अगस्त को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अवधेश अस्पताल में इलाजरत हैं, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। अब तक चितरंजन की पत्नी बेटा समेत 12 साथी जेल में बंद है।

# मो. ईसार के परिजनों को मिले 50 लाख रूपये का मुआवज़ा : इमरान प्रतापगढ़ी

*** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में मोहमद ईसार को प्रसाद का फल खाने पर भीड़ ने इतना पीटा की उसकी मौत हो गई**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के नंद नगरी इलाके में महज प्रसाद उठाकर खाने पर मोहमद ईसार को खंभे से बांधकर लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा गया। 10-12 लड़के जानवरों की तरह युवक को पीटते रहे। इस दौरान युवक रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजा। युवक को अधमरी हालत में छोड़कर सभी आरोपी फरार हो गए। दोपहर के समय एक पड़ोसी पीड़ित मोहम्मद इशाक उर्फ इसार (22) को उसके घर ले आया। इसार ने रोते-रोते परिजनों को सारी बात बताई। ज्यादा पिटाई की वजह से कुछ ही देर बाद इसार ने घर पर ही दम तोड़ दिया। देर रात को मामले की सूचना पुलिस को दी गई। छानबीन हुई तो वारदात का खुलासा हुआ। घटना का एक वीडियो वायरल हो गया। इसके बाद इलाके में तनाव उत्पन्न हो गया। शुरुआती जांच के बाद पता चला है कि इसार ने घर से कुछ दूरी पर लगे गणेश पंडाल से प्रसाद उठाकर खा लिया था। इसी बात पर उसे बांधकर पीटा गया। स्थानीय लोगों ने इसार के विशेष समुदाय का होने की वजह से पीटने के आरोप लगाया। मामले की छानबीन जारी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान कर ली गई है, जल्द ही उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से धामपुर, बिजनौर, यूपी का रहने वाला इसार अपने परिवार के साथ ई-57/बी352, सुंदर नगरी में रहता था। इसके परिवार में बुजुर्ग पिता अब्दुल वाजिद, चार बहन इमराना, नियाब, समरीन और उज्मा है। इसार के पिता एरिया में फल बेचने की रेहड़ी लगाते हैं। कई साल पहले मां साबरी की मौत हो चुकी है। राज्यसभा सांसद व अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि कांग्रेस मोहम्मद ईसार का अपराध ये था कि उसने मंदिर को प्रसाद का केला उठाकर खा लिया था।वहाँ मौजूद भीड़ ने उसे बॉंध कर इतना पीटा कि उसकी जान चली गई। उन्होंने कहा की पुलिस के लिये इतनी बड़ी घटना भी बेहद सामान्य है। हमने अपनी तरफ़ से आर्थिक मदद की है। साथ ही हमारी वकीलों की टीम इस मामले को अदालत में लड़ेगी।दिल्ली सरकार से अपील है कि मॉब लिंचिंग में मारे गये ईसार के परिजनों को 50 लाख रूपये का मुआवज़ा प्रदान करे।

**चार बहनों का इकलौता भाई था इसार, परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़**

मो. इशाक उर्फ इसार चार बहनों का इकलौता भाई था। उसकी मौत के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक परिजन ने बताया कि इसार बहुत ही सीधा और भोला था। उसे गुटका खाने के अलावा किसी भी तरह के नशे की लत नहीं थी। उसे जो छोटा-मोटा काम मिलता था वह कर लिया करता था। एक अन्य परिजन ने बताया कि काफी मन्नतों के बाद इसार का जन्म हुआ था। अब उसकी मौत ने परिवार को बुरी तरह तोड़ दिया है। इसार के पिता ने रोते हुए बताया कि अल्लाह को पता नहीं क्या मंजूर है।

कई साल पहले सड़क हादसे में उनकी बेटी नजरानी की भी मौत हो गई थी। बेटा भी अल्लाह ने उनसे छीन लिया है। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिवार ने इसार के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

# दुष्कर्म का आरोपित दोषी करार, पांच को होगी सजा




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपित अमित सिन्हा को शुक्रवार को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा की बिंदू पर सुनवाई के लिए पांच अक्टूबर की तिथि तय की है। आरोपित अमित सिन्हा पंडरा के वृंदावन कॉलोनी रवि स्टील निवासी राजेश सिन्हा का पुत्र है। मामले में सहायक लोक अभियोजक श्याम चौधरी ने 10 गवाहों की गवाही दर्ज करायी। मामला वर्ष 2018 का है। आरोपित ने पंडरा निवासी एक युवती को प्रेम जाल में फंसा कर दुष्कर्म किया था। उसके बाद युवती को ब्लैक मेल कर रहा था। इस संबंध में युवती ने घर वालों का बताया। घर वाले जब पंडरा ओपी में प्राथमिकी दर्ज करने गये तो युवक और उसके घर वाले युवती के घर वालो से कहा कि वह लोग युवती को बहू बना कर रखेंगे और शादी की बात कर केस कराने से मना कर दिया।

इसके बाद युवती के घर वालों ने केस नहीं किया था। लेकिन आरोपित अमित शादी के दिन मंडप पर नहीं पहुंचा था। इसके बाद उसके खिलाफ महिला थाना में वर्ष 2018 में केस कराया गया था।

# एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा संपन्न हुआ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह 29 सितंबर 2023 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री नवीन जैन, मुख्य महाप्रबंधक, संविदा एवं संविदा थे। इस अवसर पर बोलते हुए जैन ने कहा कि नियमित अभ्यास के बिना हिंदी भाषा का उपयोग करना आसान नहीं है क्योंकि अभ्यास ही किसी व्यक्ति को निपुण बनाता है, इसलिए किसी भी भाषा में महारत हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास महत्वपूर्ण है। के श्रीनिवास मूर्ति, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभा को अपने संबोधन के दौरान विशेष रूप से हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी भाषा के महत्व और कार्यान्वयन के बारे में बताया। उन्होंने हिंदी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न हिंदी प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए राजभाषा अनुभाग को बधाई दी। एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची में 14/09/2023 से 29/09/2023 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें हिंदी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हिंदी राजभाषा और सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी और कर्मचारियों के लिए हिंदी प्रस्तुति, हिंदी टिप्पण, गृहिणियों और बच्चों के लिए कविता पाठ प्रतियोगिता जैसी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे ।

# मुझे रोक सको, तो रोक लो

*** ईडी के नोटिस पर अभिषेक बनर्जी ने दे दी बड़ी चुनौती**




एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने राज्य के चर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय के हालिया नोटिस पर इस बात के संकेत दिए हैं कि वह पूछताछ में शामिल नहीं होंगे. गुरुवार को ईडी ने उन्हें नोटिस भेज कर कोलकाता के सीजीओ कांप्लेक्स स्थित केंद्रीय एजेंसी के क्षेत्रीय मुख्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा है. इस पर शुक्रवार को अभिषेक ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर एक महत्वपूर्ण पोस्ट किया.उन्होंने लिखा,पश्चिम बंगाल के जायज अधिकारों से वंचित करने की लड़ाई किसी भी बाधा के बावजूद जारी रहेगी. धरती पर ऐसी कोई ताकत नहीं है जो राज्य के लोगों और उनके मौलिक अधिकारों के प्रति मेरी प्रतिबद्धता की लड़ाई का रुख मोड़ सके. मैं 2 और 3 अक्टूबर को दिल्ली में प्रदर्शन में शामिल होउंगा. अगर रोक सकते हो तो रोक लो.अभिषेक राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और डायमंड हार्बर से सांसद हैं. एक दिन पहले गुरुवार को ईडी की नोटिस को शाम के समय खुद ही अभिषेक ने एक्स पर डाला था और कहा था कि इसके पहले जब इंडिया गठबंधन की बैठक होनी थी तब ईडी ने नोटिस दिया था. अब जब दिल्ली में पार्टी का विरोध प्रदर्शन होना है तब उसी दिन मुझे सीजीओ कंपलेक्स में पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है. यह बताता है कि वे (बीजेपी) किस तरह से डरे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक उस दिन पश्चिम बंगाल सरकार को फंड जारी करने के लिए केंद्र सरकार की अनिच्छा के खिलाफ जंतर-मंतर पर टीएमसी के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व अभिषेक करने वाले हैं. इसके लिए वह नई दिल्ली में रहेंगे. ईडी ने अभिषेक बनर्जी को एक कॉर्पोरेट इकाई (लिप्स एंड बाउंड्स कंपनी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में तलब किया है, जिसका नाम स्कूल नौकरी मामले की जांच के संबंध में सामने आया है.इसके पहले इस महीने की 13 तारीख को दिल्ली में %इंडिया% गठबंधन की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक के दिन भी ईडी ने अभिषेक को तलब किया था. इस बारे में उन्होंने गुरुवार को लिखा,इस महीने की शुरुआत में ईडी ने मुझे दिल्ली में इंडिया की एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक के दिन बुलाया था. मैंने सम्मन का सम्मान किया से उपस्थित हुआ अब, आज एक बार फिर उन्होंने मुझे उस दिन उनके सामने उपस्थित होने के लिए एक और समन भेजा है जब पश्चिम बंगाल के बकाए के लिए 3 अक्टूबर को दिल्ली में विरोध प्रदर्शन होना है.

### महाराजा श्री अग्रसेन जयंती 15 अक्टूबर को

**रांची।** श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव 15 अक्टूबर 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव 1 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा। 1 अक्टूबर को प्रश्न मंच, एकल नृत्य, युगल नृत्य, समूह नित्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया है। 2 अक्टूबर को अग्रवाल सभा के 47 वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्रवाल सभा का स्थापना दिवस, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर सभा के पूर्व अध्यक्षों एवं पूर्व मंत्रियों के सम्मान के साथ ही साथ ऐसे वरिष्ठ अग्रजन जिन्होंने 75 बसंत देखने की अनुपम उपलब्धि प्राप्त कर ली है। वैसे अग्रवरिष्ठजनों के सम्मान समारोह का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार मे प्रातः 11 बजे से किया गया है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि रांची सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अनिल कुमार खेतान होंगे।

# भारत पिछले 75 साल में लोकतंत्र की जड़ें गहरी करने में कामयाब रहा : अमित शाह



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि भारत पिछले 75 साल में लोकतंत्र की जड़ें गहरी करने में कामयाब रहा है. वहीं, भारत ने पिछले नौ साल में कई बदलाव देखे हैं, ये राजनीतिक स्थिरता, निर्णायक नीति के वर्ष रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नीति निर्माण में स्पष्टता के साथ साथ (देश में) लोकतंत्र और मिलजुलकर काम करने की भावना है. वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती महत्ता का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि नीतियों के जरिये लाए गए बदलावों के कारण हर जगह भारत की ही चर्चा है. अब समय आ गया है कि भारतीय उद्योग अपना आकार, पैमाना बदलें; यही उचित समय है.

चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 118वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 की अवधि ने देश को हिलाकर रख दिया, जो राजनीतिक अस्थिरता की अंतिम अवधि भी थी. पिछले नौ वर्षों में प्रदर्शन का परिणाम देखने को मिला है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा मिली है.उन्होंने कहा,पिछले नौ साल राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नीति-निर्माण के रहे हैं.इस अवधि के दौरान हमारी जीडीपी 2.03 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3.75 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई है, जो लगभग दोगुनी है. प्रति व्यक्ति आय 2013 में 68,000 रुपये से बढ़ी है.अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने पिछले नौ सालों में भारत को हर क्षेत्र में बदलने की कोशिश की है और सफल भी हुए हैं.जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन का जिक्र करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि न केवल व्यापार और उद्योगों में, बल्कि देश के हर क्षेत्र में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है और सभी लोग एक नई गति का अनुभव कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि व्यापार और उद्योग देश की अर्थव्यवस्था का केंद्र है, जहां से उसे ऊर्जा मिलती है. उन्होंने कहा, नीतियों में आए बदलावों के कारण आज इंडियाज मोमेंट की हर जगह चर्चा होती है और भारत पूरी दुनिया में एक जीवंत स्थान के रूप में जाना जाता है.

# स्वच्छ भारत देशवासियों की साझा जिम्मेदारी



*** गांधी जयंती के लिए पीएम मोदी ने की दिलचस्प अपील**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दुनिया भर में शांति, अहिंसा और नैतिक चरित्र की शुद्धता का नजरिया देने वाले महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर करीब आ गई है. इस मौके पर पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने चर्चित स्वच्छ भारत मिशन की भागीदारी के लिए एक दिन पहले 1 अक्टूबर से ही देशव्यापी अभियान की अपील की है. पीएम ने इसमें देश के हर हिस्से से लोगों के शामिल होने की अपील की है. उन्होंने कहा है कि स्वच्छता पूरे देश की साझा ज़िम्मेदारी है.शुक्रवार को उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर देशवासियों से स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने की गुजारिश करते हुए लिखा, 1 अक्टूबर की सुबह 10 बजे, हम एक महत्वपूर्ण स्वच्छता पहल के लिए एक साथ आएं. स्वच्छ भारत एक साझा जिम्मेदारी है और इसका हर प्रयास मायने रखता है. स्वच्छ भविष्य की शुरुआत के लिए इस नेक प्रयास में शामिल हों.पीएम मोदी ने इससे पहले मन की बात के 105वें एपिसोड में कहा था कि एक अक्टूबर यानी रविवार की सुबह स्वच्छता पर एक बड़े कार्यक्रम (एक तारीख, एक घंटा, एक साथ, स्वच्छता के लिए श्रमदान) का आयोजन किया जाएगा. सभी देशवासी इस कार्यक्रम से समय निकालकर जुड़ें और इस अभियान में मदद करें. आप अपनी गली, पड़ोस या किसी पार्क, नदी, झील या किसी भी सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता मिशन में शामिल हो सकते हैं. गांधी जयंती के उपलक्ष्य में यह विशाल स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। बता दें कि साल 2014 में जब पीएम नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने थे तब 2 अक्टूबर 2014 को उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी. इस मिशन का उद्देश्य खुले में शौच से मुक्ति और सार्वभौमिक स्वच्छता कवरेज प्रदान करना रहा है. उसके बाद से इस अभियान का व्यापक असर देश भर में देखने को मिला है. ख़ासतौर पर केंद्र सरकार के दफ्तरों, रेलवे स्टेशनों और सार्वजनिक जगहों पर साफ़ सफ़ाई पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाता है. हाल के कुछ सालों में यह फ़र्क साफ़ देखने को मिला है.

### कांग्रेस आजकल विदेशी ताकतों के इशारे पर चल रही- प्रतुल

**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मौजूदा नेतृत्व से जानना चाहा कि क्या उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के कद्दावर आदिवासी नेता बाबा कार्तिक उरांव के आदर्शों और विचारों को विदेशी ताकतों के इशारे पर दफन कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वह बाबा कार्तिक और उनके विचारों से इतर क्यों अपने मत व्यक्त कर रही है? 1967 में बाबा कार्तिक उरांव ने लोकसभा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आदेश संशोधन विधेयक, 1967 पेश करके धर्मांतरित आदिवासियों को आरक्षण की सुविधा से बाहर करने का प्रस्ताव पेश किया था। खूब बहस के बाद इस पर एक संयुक्त संसदीय कमेटी बनी थी, जिसने 1969 में बाबा कार्तिक उरांव के बिल का समर्थन करते हुए अपना प्रस्ताव पेश किया।

# झारखंडी सपने को साकार करने का लें संकल्प : सुदेश महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड आंदोलन के कोख से जन्मा तथा झारखंड के सपूतों के शहादत एवं बलिदान से सिंचित आजसू पार्टी शहीदों के सपनों तथा झारखंड के युवाओं, किसानों, मजदूरों, वंचितो और अल्पसंख्यकों एवं महिलाओं के आकांक्षाओं एवं अरमानों के लिए संघर्ष करने वाला एक राजनीतिक संगठन है। वर्ष 2000 से आजसू पार्टी एक राजनीतिक दल के रूप में झारखंड के लोगों के बुनियादी जरूरतो, सामाजिक सरोकारों आर्थिक उन्नति, राजनैतिक चेतना, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन तथा उनके हक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है। ये बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कही। रांची के मोराबादी मैदान स्थित बिरसा मुंडा परिसर में आजसू की तीन दिवसीय महाधिवेशन शुरू हुआ है। आजसू प्रमुख ने कहा है कि लंबे संघर्ष एवं रक्त रंजित आंदोलनो से गुजर कर हम सब ने अपने एक अलग झारखंड राज्य पाया। सन 2000 में झारखंड के जन्मोत्सव पर खूब जश्न मना ढोल और नगाड़ों की आवाज से जंगल-पहाड़ तक झूम उठे। साबों ने शहीदों को नमन किया।

सब के सहयोग से झारखंड को समृद्धि के फूलों से संवारने की हम सबों ने कसम खाई। महिलाओं को अधिकार, बेरोजगारों को रोजगार, किसानों को एवं मजदूरों को घरों में खुशहाली का सपना देखा। अपने समिति भागीदारी लेकिन असीमित ऊर्जा एवं उत्साह तथा झारखंड अस्मिता एवं पहचान के प्रति अपनी ठोस प्रतिबद्धता तथा दृड़ संकल्प के साथ आजू सरकार में शामिल भी रहा।

झारखंड नवनिर्माण संकल्प समागम इस बात का आकलन करने का अवसर है कि अधिकार, स्वाभिमान एवं पहचान के लिए संघर्ष करते-करते हम खुद को कहां खड़े पाते हैं।महाधिवेशन के उदघाटन सत्र में केंद्रीय अध्यक्ष और पार्टी के अन्य नेताओं ने झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया। जिन्हें सम्मानित किया गया, उनमें बादल महतो, राजूमहतो, डॉ आफताब जमील, प्रो खालिक अहमद, उमेश उरांव, फजल अब्बास, प्रो अलाउद्दीन अंसारी, सुप्रीति मुर्मू, अमीन अहमद, शिवजी मल्लिक, टाइगर सुशील, सुशील हांसदा, राजेंद्र मेहता, हसन अंसारी, डॉ देवशरण भगत, संजय बसु मल्लिक, हरिमोहन महतो, अंशमान सुंडी शामिल हैं। साथ ही पार्टी के विधायक रहे आंदोलनकारी दिवंगत कमलकिशोर भगत के नाम उनकी पत्नी नीरूशांति भगत और दामोदर महतो की पत्नी यशोदा देवी, विरेंद्र भगत की पत्नी निर्मला भगत को भी सम्मानित किया गया गया। इनके अलावा वरिष्ठ पत्रकार और एक्टिविस्ट प्रो दिलीप मंडल को भी सम्मानित किया गया।